# देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025 | वर्ष – 69 | अंक – 160 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ टैरिफ युद्ध के बीच... ■ पोप जिन्होंने अमेरिका... 04
■ पहलगाम अटैक पर न्यूयॉर्क टाइम्स की... ■ 5 हजार चीटियों के साथ दबोचे गए दो युवा... 09
■ आतंकी हमले के बाद श्रीनगर से पर्यटकों की... ■ शेयर बाजार में घबराहट का माहौल 11
■ कोहली के शानदार... ■ पंजाब किंग अब... 10

### आईपीएल में आज




कोलकाता विरुद्ध पंजाब (कोलकाता) 7.30 शाम से

## अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से बात कर दिए निर्देश

# वीजा रद्द... पाकिस्तानियों को खोज-खोजकर वापस भेजें



**जम्मू कश्मीर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बड़ा फैसला लिया है। गृह मंत्रालय ने पाकिस्तान से जुड़े सारे वीजा कैंसिल करने के निर्देश दिए हैं।

इस संबंध में गृहमंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात की है। अमित शाह ने मुख्यमंत्रियों से कहा है कि वे अपने-अपने राज्यों से पाकिस्तान के लोगों को जल्द से जल्द हटाएं। गृहमंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक के बाद ये फैसला लिया है। भारत आए पाकिस्तानी नागरिकों को इस रास्ते से लौटने के लिए एक मई तक का वक्त दिया गया है।

भारत में पाकिस्तानी हाईकमीशन में तैनात पाकिस्तानी डिफेंस एडवाइजर्स को देश छोड़ने के लिए एक हफ्ते का समय दिया। साथ ही दोनों हाई कमीशन में तैनात कर्मचारियों की संख्या 50 से घटाकर 30 कर दी थी। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत हुई थी जबकि 17 लोग घायल हुए थे।

सूत्रों के मुताबिक, अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को फोन किया और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पाकिस्तानी नागरिक देश छोड़ने के लिए निर्धारित समय सीमा से आगे भारत में न रहे।

भारत ने गुरुवार को 27 अप्रैल से पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी वीजा रद्द करने की घोषणा की थी और पाकिस्तान में रहने वाले भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द घर लौटने की सलाह दी थी। शाह ने मुख्यमंत्रियों से यह कार्य प्राथमिकता पर करने के लिए कहा है।

## दो आतंकियों के घरों को विस्फोट से उड़ाया



*__जम्मू।__ कश्मीर में सुरक्षा अधिकारियों ने पहलगांव हमले के तीन दिन बाद जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे शुक्रवार को दक्षिण कश्मीर के त्राल और बिजबिहाड़ा इलाके में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों के आवासीय घरों को नष्ट कर दिया।*

*हालांकि सुरक्षाधिकारियों का कहना है कि तलाशी अभियानों के दौरान इन घरों में रखे विस्फोटक खुद ही फूट गए थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बैसरन पहलगाम घटना में उनकी कथित भूमिका सामने आने के बाद पुलवामा जिले के त्राल में आसिफ शेख और बिजभेरा अनंतनाग में आदिल थोकर के घरों को विस्फोट के जरिए जमीन पर गिरा दिया गया।*

### सार संक्षेप

## इसरो के पूर्व अध्यक्ष के. कस्तूरीरंगन का निधन



**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष के. कस्तूरीरंगन का शुक्रवार को बेंगलुरु में निधन हो गया। इसरो के पूर्व प्रमुख महत्वाकांक्षी नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को तैयार करने वाली मसौदा समिति के अध्यक्ष थे। वह 84 वर्ष के थे। अधिकारियों ने बताया कि सुबह बेंगलुरु स्थित आवास पर के कस्तूरीरंगन का निधन हो गया। अंतिम दर्शन के लिए उनके पार्थिव शरीर को 27 अप्रैल को रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट (आरआरआई) में रखा जाएगा। एनईपी में सूचीबद्ध शिक्षा सुधारों के प्रणेता के रूप में मशहूर कस्तूरीरंगन ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और कर्नाटक नॉलेज कमीशन के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया था।

**2003 से 2009 तक रहे राज्यसभा सदस्य**-कस्तूरीरंगन 2003 से 2009 तक राज्यसभा के सदस्य रहे। भारत के तत्कालीन योजना आयोग के सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दी थीं। कस्तूरीरंगन अप्रैल 2004 से 2009 तक नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज, बेंगलुरु के निदेशक भी रहे थे।

**2000 में पद्म विभूषण से सम्मानित**- अगस्त 2003 में सेवानिवृत्त होने से पहले अंतरिक्ष वैज्ञानिक ने नौ साल तक इसरो के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। उनके अनुकरणीय कार्य के लिए उन्हें वर्ष 2000 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो-** सरकार ने आतंकियों के घरों को विस्फोट से उड़ा दिया है।

**चुहिया- हां प्रिये-** घरों के साथ नापाक इरादों के धुर्रे उड़ाना भी बहुत जरूरी है

## पहलगाम हमले के पीड़ितों से मिले राहुल

# आतंकी हमले के पीछे हमें बांटने की मंशा

**श्रीनगर, देशबन्धु।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को श्रीनगर पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की। इसके साथ ही राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले में घायल और पीड़ितों से भी मुलाकात की।

उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कहा कि जो कुछ हुआ है, उसके पीछे समाज को विभाजित करने का विचार है, भाई को भाई से लड़ाने की साजिश है। ऐसे वक्त में हम सब सरकार के साथ हैं। अब यह जरूरी है कि हर भारतीय एकजुट होकर आतंकवादियों की नापाक कोशिश को विफल करे।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि यह एक भयानक त्रासदी है। मैं यहां के हालात जानने और मदद करने आया हूं। जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों ने इस भयानक हमले की निंदा की है और वे राष्ट्र के साथ हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही हमने सरकार द्वारा की जाने वाली किसी भी कार्रवाई को पूरा समर्थन दिया है।



### हम सब सरकार के साथ, आतंकियों की नापाक कोशिश करें विफल

# आईटी पर केन्द्रित होगा प्रदेश का पहला सेक्टर आधारित कॉन्क्लेव: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने आईटी क्षेत्र में कार्यरत उद्योगपतियों से किया वर्चुअली संवाद, जबलपुर, ग्वालियर, भोपाल और इंदौर के उद्योगपति हुए शामिल



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि- वर्तमान और भविष्य की तकनीक का आधार आईटी है। प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार करते हुए समय के साथ चलने के लिए आईटी सेक्टर में निवेश और गतिविधियों का विस्तार आवश्यक है। इसी उद्देश्य से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद पहली सेक्टर आधारित कॉन्क्लेव आईटी पर केन्द्रित की जा रही है। प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों में आईटी इंडस्ट्री का पर्याप्त आधार विद्यमान है।

राज्य सरकार आवश्यक सहयोग और समर्थन उपलब्ध कराकर प्रदेश की आईटी इंडस्ट्री को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर तक व्यापक स्वरूप देने की इच्छुक है। इंदौर में 27 अप्रैल को होने वाली टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव इस दिशा में निश्चित ही परिणाममूलक रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में होने वाली आईटी कॉन्क्लेव के संबंध में विभिन्न जिलों के उद्योगपतियों से समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) से वर्चुअली संवाद कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से संवाद में उद्योगपतियों ने आईटी पार्क के विस्तार की आवश्यकता बताई। साथ ही आईटी के क्षेत्र में कार्य कर रहे उद्योगपतियों ने दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए शिक्षा और औद्योगिक गतिविधियों में समन्वय, स्टार्ट-अप में उद्यमिता की संस्कृति को विकसित करने, प्राकृतिक गैस पर टैक्स कम करने और प्रदेश में स्टार्ट-अप कम्युनिटी के मध्य बेहतर समन्वय संबंधी चर्चा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से संवाद में वॉक-टू-वर्क सुविधा के साथ आईटी पार्क विकसित करने, प्रदेश में डिजिटल इकोनॉमी मिशन लागू करने और एआई आधारित ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

- *आईटी सेक्टर में मध्यप्रदेश करेगा अपनी विशेष पहचान स्थापित : डॉ. यादव*
- *आईटी में प्रदेश के युवाओं की पहल सराहनीय*
- *राज्य सरकार हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर*
- *प्रदेश में डिजिटल इकोनॉमी मिशन, आईटी पार्कों में वॉक-टू-वर्क सुविधा और एआई आधारित गतिविधियों के विस्तार पर हुई चर्चा*

# पुलिस ने मेधा पाटकर को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता और सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटेकर को दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी एक डिफेमेशन (मानहानि) मामले में की गई है। कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। यह कार्रवाई उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मानहानि के मामले में दोषसिद्धि के बाद की गई है। मामला दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने 2001 में दर्ज कराया था।



साकेत कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशाल सिंह ने कहा था कि मेधा पाटकर अदालत में उपस्थित नहीं हुईं और उन्होंने जानबूझकर सजा से जुड़े आदेश का पालन नहीं किया। पाटकर की मंशा स्पष्ट रूप से अदालत के आदेश की अवहेलना करने और सुनवाई से बचने की थी। चूंकि सजा पर कोई स्थगन आदेश मौजूद नहीं है, इसलिए कोर्ट ने कहा कि पाटकर को पेश कराने के लिए अब दबाव का सहारा लेना अनिवार्य हो गया है।

**तीन मई को होगी अगली सुनवाई** – अगली तारीख के लिए दोषी मेधा पाटकर के खिलाफ दिल्ली पुलिस आयुक्त के कार्यालय के माध्यम से गैर-जमानती वारंट जारी किया जाए। इस मामले पर अगली सुनवाई तीन मई को होगी। विनय कुमार सक्सेना ने 2001 में यह मामला दर्ज कराया था, जब वह अहमदाबाद स्थित एनजीओ 'नेशनल काउंसिल फॉर सिविल लिबर्टीज' के प्रमुख थे। सक्सेना ने कहा था कि मेधा पाटकर ने 25 नवंबर 2000 को जारी एक प्रेस नोट में उन्हें कायर व देश विरोधी होने और उन पर हवाला लेनदेन में शामिल होने का आरोप लगाया था।

## मुस्लिमों ने काली पट्टी बांधकर पढ़ी नमाज



# पहलगाम आतंकी हमले का देशभर में विरोध

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देशभर में गुस्से का माहौल है। हर कोई आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा है। इस बीच, शुक्रवार को दिल्ली समेत देश के कई राज्यों में जुमे की नमाज के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया।

साथ ही उन्होंने सरकार से आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। एआईएमआईएम प्रवक्ता शोएब जमई ने कहा, पहलगाम में जो हुआ, वह देश के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और इस जघन्य घटना को अंजाम देने वाले आतंकवादियों पर हम लानत भेजते हैं। यूपी की राजधानी लखनऊ में आसिफी मस्जिद के बाहर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुमे की नमाज के बाद विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। साथ ही पाकिस्तान के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने काली पट्टी बांधकर जुमे की नमाज अदा की। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

**दिल्ली के व्यापारियों ने बंद रखीं दुकानें**-जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और यहां के अन्य 100 से अधिक व्यापारिक संगठनों ने अपनी दुकानें बंद रखीं। दिल्ली के लगभग सभी 900 से अधिक प्रमुख थोक और खुदरा बाजारों में आज व्यापार पूरी तरह बंद रहा। व्यापारियों ने आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उठाए जा रहे सभी कदमों का समर्थन किया।

## सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार का हलफनामा

# वक्फ कानून पर नहीं लगा सकते पूरी तरह रोक

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करने की मांग की और कहा कि- इस कानून पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई जा सकती क्योंकि संसद द्वारा बनाए गए कानूनों पर संवैधानिकता की परिकल्पना लागू होती है। 1,332 पन्नों के प्रारंभिक जवाबी हलफनामे में सरकार ने विवादास्पद कानून का बचाव करते हुए कहा कि चौंकाने वाली बात यह है कि 2013 के बाद वक्फ भूमि में 20 लाख हेक्टेयर (ठीक 20,92,072.536) से अधिक की वृद्धि हुई है।



हलफनामे में कहा गया है, मुगल काल से ठीक पहले, आजादी से पहले और आजादी के बाद के दौर में भारत में कुल 18,29,163.896 एकड़ जमीन वक्फ की थी। इसमें निजी और सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण करने के लिए पहले के प्रावधानों के दुरुपयोग का दावा किया गया है। हलफनामा अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में संयुक्त सचिव शेरशा सी शेख मोहिद्दीन द्वारा दायर किया गया था। इसमें आगे कहा गया, कानून में यह तय स्थिति है कि संवैधानिक अदालतें किसी वैधानिक प्रावधान पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोक नहीं लगाएंगी और मामले पर अंतिम रूप से निर्णय लेंगी। संसद द्वारा बनाए गए कानूनों पर संवैधानिकता की धारणा लागू होती है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि संसद ने अपने अधिकार क्षेत्र में काम करते हुए यह सुनिश्चित किया कि वक्फ जैसी धार्मिक व्यवस्था का प्रबंधन किया जाए और उसमें जताया गया भरोसा कायम रहे। वक्फ कानून की वैधता को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं के प्रयास न्यायिक समीक्षा के मूल सिद्धांतों के खिलाफ हैं। केंद्र ने उच्चतम न्यायालय से कहा, जब वैधता की परिकल्पना की जाती है तो प्रतिकूल परिणामों के बारे में जाने बिना ही पूरी तरह रोक लगाना अनुचित है। वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 वैध, विधायी शक्ति का उचित प्रयोग है। केंद्र ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट विधायी क्षमता और अनुच्छेद 32 के तहत मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर कानून की समीक्षा कर सकता है।

JAN JYOTI SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL
अब पाइये चश्मे से छुटकारा मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित
आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302)
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

## असर | घर बसने में भी खलल डाल गई पहलगाम आतंकी करतूत

# दूल्हा सजा, बारात तैयार होकर चली, लेकिन रोक ली गई सीमा पर


**जयपुर।** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इस बीच हमले के ठीक 24 घंटे बाद केंद्र सरकार ने जो कदम उठाए, उन्हें लेकर देश में नई बहस छिड़ गई है।

राजस्थान के शैतान सिंह की शादी पाकिस्तान में होनी थी। अमृतसर के अटारी बॉर्डर से पाकिस्तान में अपने जीवनसाथी से मिलने के लिए निकले शैतान सिंह को उस वक्त करारा झटका लगा, जब उन्हें सीमा पर रोक दिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शैतान सिंह कहते हैं, आज हमारी शादी थी, लेकिन अब हमें बॉर्डर पर ही रोक दिया गया है। हमें पाकिस्तान जाने नहीं दिया जा रहा क्योंकि बॉर्डर बंद कर दिया गया है। शैतान सिंह की कहानी अब देशभर में चर्चा का विषय बन गई है। रातों-रात केंद्र सरकार के नए फैसलों ने न केवल आतंकियों को जवाब दिया, बल्कि आम नागरिकों के जीवन पर भी सीधा असर डाला है।

गौरतलब है कि कश्मीर के पहलगाम इलाके में आतंकियों ने टारगेटेड अटैक किया था। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावरों ने लोगों की धार्मिक पहचान पूछकर फायरिंग की, जिसमें कई निर्दोष मारे गए। यह हमला सिर्फ एक आतंकी घटना नहीं थी- यह भारत की धर्मनिरपेक्ष छवि पर हमला था।सरकार ने इस बार कड़े कदम उठाने में देर नहीं की। पाकिस्तान को साफ संदेश दिया गया है कि अब आतंक और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते।

सोशल मीडिया पर भी छिड़ी बहस

जहां एक ओर लोग सरकार के फैसले की सराहना कर रहे हैं, वहीं कुछ यूजर्स यह भी कह रहे हैं कि इसका असर आम लोगों और रिश्तेदारों के पारिवारिक संबंधों पर पड़ा है।




### राजस्थान की बारात बॉर्डर पर ही रुकी!

## शादी टली, परिवार भावुक

*शैतान सिंह के भाई सुरिंदर सिंह ने बताया, मैं अपने भाई की शादी के लिए पाकिस्तान जा रहा था, लेकिन अब ये शादी टल जाएगी। हमारी दादी और उनके चार बेटे पाकिस्तान में रहते हैं, एक बेटा भारत में है। उन्होंने भी हमले की निंदा की और कहा कि भारत सरकार का फैसला जायज है। उन्होंने कहा, जो हमला (पहलगाम में) हुआ वो बहुत ही गलत था। मासूम पर्यटकों को निशाना बनाना इंसानियत के खिलाफ है।*

# देश-विदेश

## राष्ट्रपति मुर्मु पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में होंगी शामिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू के साथ पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए वेटिकन सिटी रवाना हुईं। प्रतिनिधिमंडल में अल्पसंख्यक मामलों और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन और गोवा विधानसभा के उपाध्यक्ष जोशुआ डी सूजा भी शामिल हैं। पोप फ्रांसिस का 21 अप्रैल को 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

## 51 हजार नहीं अब मिलेंगे पूरे एक लाख रुपये, सीएम योगी के इस आदेश से किसे मिलेगी राहत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक बार फिर से बड़ा फैसला लिया है। अब मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत नवविवाहित जोड़ों को 51 हजार रुपये नहीं, बल्कि पूरे 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया। इस फैसले से हजारों जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल मिलेगा। मुख्यमंत्री ने योजना की पात्रता की वार्षिक आय सीमा को भी बढ़ाने का निर्देश दिया है। पहले इस योजना का लाभ सिर्फ उन्हीं परिवारों को मिलता था जिनकी वार्षिक आय अधिकतम 2 लाख रुपये तक थी। अब इस सीमा को 3 लाख रुपये कर दिया जाएगा। इससे बड़ी संख्या में उन परिवारों को भी योजना में शामिल किया जा सकेगा जो पहले मामूली अंतर के कारण वंचित रह जाते थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब, वंचित और जरूरतमंद वर्गों के लिए एक महत्वपूर्ण सामाजिक सहायता बन चुकी है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अधिक से अधिक पात्र लोग इस योजना से जुड़ सकें। इसके लिए आय सीमा में वृद्धि समय की आवश्यकता है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**
रा.प्र.क्र. 2104/अ-6/2025-26

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीपा गुप्ता पति स्व. मनोज गुप्ता निवासी म.नं. 253 डॉ. आर.के. मिश्रा के सामने, गढ़ा रोड द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक... के माध्यम से मौजा गोरखपुर.. नं.बं. 605 प.ह.नं. 29 ख.नं. शीट नं. 281 प्लाट नं. 437 रकवा 385 अभि. वर्गफुट विक्रेता शकुन्तला देवी म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र, दानपत्र की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 07/05/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 24/04/85 को जारी ।
जारी दिनांक- 24/04/25
पेशी दिनांक- 07/05/25

नायब तहसीलदार
एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
र.नं. 236 गोरखपुर, जबलपुर



**न्यायालय तहसीलदार आधारताल जबलपुर**
रा.प्र.क्र...... /अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक 25/04/25

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश कुमार मिश्रा व अन्य पिता स्व. श्री छोटेलाल मिश्रा निवासी तुलसी नगर कालोनी जय प्रकाश नारायण वार्ड क्रं. 28 जबलपुर के द्वारा मौजा जबलपुर नजूल ब्लॉक नं. .... प्लाट नं. 21 स्थित भूमि खसरा नं. 14,15 में से रकबा 2400 व.फु. भूमि पर जगवंतीबाई की विक्रय दिनांक 12.07.2016 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र दिनांक 10.04.1969 फौती के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियम पेशी दिनांक 9/5/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक- 25.04.25
पेशी दिनांक- 09.05.25

तहसीलदार
र.नं. 238 अधारताल जबलपुर



**पश्चिम मध्य रेल**
सामग्री प्रबंधन विभाग
(ई-निविदा सूचना संख्या वरि.-भण्डार आपूर्ति हेतु वरि. मं. सा. प्रबं/ई.पी.एस./67/2025)
वरि. मं. सा. प्रंब-प.म.रे. भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिये निम्नलिखित विज्ञापन निविदायें आमंत्रित करते है। इसमें हस्तलिखित डाक प्रस्ताव नहीं किये जायेंगे। पूर्ण विवरण विनिर्देशन के लिए **https://ireps.gov.in** पर ई निविदा की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। **Tender No. -** 94245431, Short Description - Supply of Uninsulated Cadmium Copper Catenary Wire (19/2.10MM) 65SQ.MM. As per RDSO's Specific no. Spec: TI SPC OHE CAT Cu-Cd 0971, or latest (The firm will supply the entire catenary wire materials according to RDSO guidelines.) **Tendered Qty. -** 0.05MT 6.1MT. **Opening Date -** 19 May 2025.
(हस्ता.)
वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


दिल्ली में अब भाजपा की 'ट्रिपल इंजन' सरकार

## इकबाल सिंह चुने गए दिल्ली के मेयर

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की 'ट्रिपल इंजन' सरकार बन गई है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में भाजपा के उम्मीदवार राजा इकबाल शुक्रवार को नए मेयर चुने गए। भाजपा के ही जयभगवान यादव डिप्टी मेयर चुने गए हैं। मेयर चुनाव में भाजपा के राजा इकबाल को 133 वोट मिले, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार मनदीप को मात्र आठ वोट प्राप्त हुए। आम आदमी पार्टी ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा था। मेयर चुनाव में 142 सदस्यों ने मतदान किया। राजा इकबाल के मेयर बनने के साथ ही अब दिल्ली में भाजपा की 'ट्रिपल इंजन' सरकार काबिज हो गई है। केंद्र और विधानसभा में पहले से भाजपा की सरकारें हैं। अब मेयर की सीट पर भी भाजपा का कब्जा हो गया है। भाजपा ने 2024 लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सभी सात सीटों पर जीत हासिल की थी। इस साल फरवरी में हुए विधानसभा चुनाव में भी उसने पूर्ण बहुमत हासिल कर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सरकार बनाई।

**-आम आदमी पार्टी चुनाव में शामिल नहीं हुई**
**-कांग्रेस उम्मीदवार मनदीप को आठ वोट मिले**

**पिछले चुनाव में 3 वोट से जीती थी आप**-इससे पहले नंवबर 2022 में मेयर चुनाव हुआ था। आप उम्मीदवार महेश खिंची भाजपा के किशन लाल को सिर्फ तीन वोट से हराकर मेयर बने थे। खिंची को 133, जबकि किशन लाल को 130 वोट मिले थे। दो वोट अवैध घोषित किए गए थे। तब भाजपा के 104 और आप के 134 पार्षद थे।

पहलगाम हमले के बाद पाक की नापाक हरकतें

## पाकिस्तान ने एलओसी पर की फायरिंग, रातभर चली गोलियां

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के तीन दिन बाद पाकिस्तान ने एक बार फिर नियंत्रण रेखा पर उकसावे वाली कार्रवाई की। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान सेना ने कई चौकियों से पूरी रात छोटे हथियारों से गोलीबारी की, जिसे हाल के दिनों में एक असामान्य घटना बताया गया है। भारतीय सेना ने भी इस पर सख्त जवाबी कार्रवाई की है।

इस घटना के बाद भारत और पाकिस्तान दोनों ही हाई अलर्ट पर हैं। वहीं, सुरक्षा एजेंसियां पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों की तलाश में बड़े पैमाने पर अभियान चला रही हैं। सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच कई जगह मुठभेड़ें भी हुई हैं।

**भारत ने दिया करारा जवाब**-सूत्रों के मुताबिक, नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान की ओर से कई चौकियों से पूरी रात गोलीबारी की गई। एक अधिकारी ने बताया, पाकिस्तानी सेना ने सीमा पर छोटे हथियारों से गोलीबारी की। हमारे सैनिकों ने जवाब दिया। विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। कोई हताहत नहीं हुआ है। भारतीय पक्ष की ओर से किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

**फरवरी में भी हुई थी फायरिंग**-इससे पहले फरवरी में भी पाकिस्तान की सेना ने पुंछ जिले में स्थष्ट पर एक भारतीय चौकी को निशाना बनाते हुए छोटे हथियारों से गोलीबारी की थी। तब भी भारतीय सेना ने प्रभावी ढंग से जवाब दिया था। उस घटना में भी किसी तरह के नुकसान या हताहत होने की सूचना नहीं थी।

**पहलगाम आतंकी हमले के बाद अलर्ट पर सुरक्षा बल**-इस ताजा गोलीबारी की घटना उस समय हुई है जब जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पहले ही माहौल तनावपूर्ण है। इस हमले में 26 पर्यटक मारे गए थे, जिसके बाद भारत में सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं और पाकिस्तान ने भी संभावित मिसाइल परीक्षण को ध्यान में रखते हुए अरब सागर के ऊपर नो-फ्लाई जोन घोषित कर दिया है।

**बांदीपोरा में मुठभेड़, एक आतंकी घायल**-इसी बीच, जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शुक्रवार को आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई। सूत्रों के अनुसार, एक भाग रहा आतंकी घायल हुआ है। वहीं, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के दो सुरक्षाकर्मी भी इस मुठभेड़ में जख्मी हुए हैं। सुरक्षा एजेंसियों को जानकारी मिली थी कि बाजीपोरा इलाके के जंगलों में आतंकी छिपे हुए हैं। इसके बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया, जो बाद में मुठभेड़ में तब्दील हो गया।

**उधमपुर मुठभेड़ में विशेष बल का जवान शहीद**-गुरुवार को उधमपुर जिले में हुई एक अन्य मुठभेड़ में विशेष बल का एक जवान शहीद हो गया। यह मुठभेड़ संयुक्त सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच हुई थी।


**AM & COMPANY**
109 & 118 Rajui Landmark Opp. Jabalpur Hospital Russel Crossing
Jabalpur-482002Contact No. +91-9479775555, +91-8103760570
Ref. No:002/2025-26 Date: 25 April 2025

**फर्म की संरचना में परिर्वतन**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स यूनिटी प्लास्टिक्स पता बी.284 दक्षिण मोतिनाला, जबलपुर 482002 म.प्र. में नए भागीदार श्रीमति नुजहत शाहीन पति गुलाम मोहम्मद सलाहुद्दीन, सना करीमी पिता गुलाम मोहम्मद सलाहुद्दीन, अतहर करीमी पिता गुलाम मोहम्मद जियाउद्दीन, नोमान करीमी पिता गुलाम मोहम्मद जियाउद्दीन एवं हसनैन करीमी पिता गुलाम मोहम्मद जियाउद्दीन को दिनाँक 01/04/2025 से फर्म में भागीदारी बनाया गया है इस प्रकार अब फर्म में भागीदारों की संख्या 7 हो गई है।

भवदीय
एडवोकेट जे.एच. मंसूरी
र.नं. 242



**AM & COMPANY**
109 & 118 Rajui Landmark Opp. Jabalpur Hospital Russel Crossing
Jabalpur-482002Contact No. +91-9479775555, +91-8103760570
Ref. No:001/2025-26 Date: 25 April 2025

**फर्म की संरचना में परिर्वतन**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स शिवा ग्रुप आफ कन्स्ट्रक्शन पता बी.18 अमलतास गोल्ड विले स्प्रिंग वैली के पास, कटारा हिल्स, हुजूर, भोपाल म.प्र. 462043 मे भागीदार श्रीमति दीपाली जयसवाल, को दिनाँक 19/04/2025 से भागीदारी से सेवानिवृत्त कर दिया गया है।

भवदीय
एडवोकेट जे.एच. मंसूरी
र.नं. 243



**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**
भवन नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन क्र. जूनियर एल.आई.जी-258 मदर टेरेसा कालोनी जबलपुर श्री महेश साहू पिता श्री शिव नाथ के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 24.09.2011 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री महेश साहू पिता श्री शिव नाथ से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 18.04.2025 के माध्यम से श्री विमल कुमार जैन पिता श्री धरम चंद जैन एवं श्री मीनल जैन पति श्री विमल कुमार जैन को विक्रय किया है। श्री विमल कुमार जैन पिता श्री धरम चंद जैन एवं श्री मीनल जैन पति श्री विमल कुमार जैन द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण/नामांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये है। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उपरोक्त लीज हस्तांतरण/नामांतरण ( भवन / भूखण्ड ) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**
N.I.T. No/PWD-16/PRO No. 74 Dated 25/04/2025

**//निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | T.ID. 2025_UAD _419141_1 Date-07/05/2025 | संभाग क्र. 16 शहीद अशफाक उल्ला खा वार्ड अंतर्गत मोतीनाला उर्दू प्राथमिक शाला के प्रथम तल पर निर्माण कार्य। ( अन्य मद ) | 04 माह<br>27.43 लाख | 5,000/-<br>20572/- | 05/06/2025 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन प्रकाशन का ऑनलाईन **https://mptenders.gov.in** की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)**
**नगर निगम जबलपुर**



**नगर पालिका परिषद, जिला सिवनी (म.प्र.)**
नगर पालिका चौराहा, एन.एच. 7 मार्ग, जिला सिवनी (म.प्र.) 480661
Email Id: cmoseoni@mpurban.gov.in Phone: 07692221301

भवन/प्लॉट में नामांतरण उद्घोषणा का प्रकाशन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदनकर्ता से म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्लॉट / भवन में नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, किसी भी व्यक्ति या संबंधित वारसान को यदि निम्नलिखित प्लाट / भवन में नामांतरण में अपत्ति हो तो इस उद्घोषणा के जारी दिनांक से 15 दिवस के अंदर मय भूस्वामी दस्तावेजों सहित अपनी दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी, एवं नामांतरण की अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. | वार्ड का नाम | प्लाट/दुकान / भवन नम्बर | आवेदनकर्ता ( क्रेता ) | अनावेदक ( विक्रेता ) | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गाधी वार्ड वार्ड क्र 12 | 209/12 | श्री प्रखर/प्रफुल्लचंद जैन सुलेखा/प्रखर जैन | श्री मुकेश/सोहनलाल अवधिया | पंजीकृत वैयनामा |
| 2 | संजय वार्ड वार्ड क्र 15 | 1500124 | श्रीमति सेवती बाई/ शिवपाल यादव | श्री जुगराज / उमराव डोही ( अनिल कुमार / गोविन्द प्रसाद वास्त्री ) | पंजीकृत वैयनामा, न्याया नजूल अधिकारी का आदेश दिनांक 24/08/2013/ शपथ पत्र |
| 3 | सुभाष वार्ड वार्ड क्र 15 | 404/ 1100394 | श्री विजय कुमार / रमेशचंद अवधिया | श्री श्रीराम/सूरजमल अग्रवाल | पंजीकृत वैयनामा खसरा नंबर, न्याया नजूल अधिकारी राजस्व आदेश पत्र अनुवृत्ति पत्र प्र क्र 0069/अ-6/2018-19 |
| 4 | अकबर वार्ड वार्ड क्र 03 | 1000794238 | श्री गणेश प्रसाद/ हुकुमचंद बघेल | श्रीमति आशा/ के. सी. साहू | पंजीकृत बैयनामा, खसरा नकल, ऋण पुस्तिका की नकल, न्याया तहसीलदार सिवनी भाग दो तह. व जिला सिवनी राजस्व आदेश पत्र अनुवृत्ति पत्र आरसीएमएस/ प्र.क्र. 3944/अ-6/2024-2025 |
| 5 | भगतसिंह वार्ड वार्ड क्र 23 | 1000797549 | श्री हिमांशु निमंजे / राजकुमार निमंजे | श्रीमति अलका बाई/ श्री रामनाथ हेडाउ | पंजीकृत बैयनामा भू-अधिकार पुस्तिका की नकल, खसरा नकल |
| 6 | टैगोर वार्ड वार्ड क्र 7 | 2000231658 | श्रीमति सिया/ जागेश्वर भलावी | श्री शैलेन्द्र कुमार/ संपतलाल श्रीवास | पंजीकृत वैयनामा, खसरा नकल, न्याया तहसीलदार सिवनी भाग दो तह. व जिला सिवनी राजस्व आदेश पत्र अनुवृत्ति पत्र आर सी.एम.एस./प्र.क्र. 4341/अ-6/2024-2025 |
| 7 | अकबर वार्ड वार्ड क्र 03 | 1000781956 | श्री आसिफ शेख/ मो. अब्दुल खालिद | हनीफा बी/मो. अ. खालिद | पंजीकृत हकत्याग, खसरा नकल, भू अधिकार पुस्तिका की नकल, न्याया. तहसीलदार सिवनी भाग दो तह.व जिला सिवनी राजस्व आदेश पत्र अनुवृत्ति पत्र आर.सी.एम.एस./प्र.क्र 5938/अ-6/2024-2025 |
| 8 | अशोक वार्ड वार्ड क्र 14 | 1000793160 | श्री अनिल पोतदार/ श्री बालमुकुन्द | श्री मनोज कुमार/ रामकिशन अग्रवाल | पंजीकृत बैयनामा, खसरा नकल |
| 9 | रानी दुर्गावती वार्ड वार्ड क्र 19 | 1000784416 | अनीता/सुरेन्द्र सिंह, तरूण, सृष्टि/सुरेन्द्र सिंह सनोडिया | निरंजन सिंह, सुरेन्द्र सिंह/ बालसिंह सनोडिया शेख | मृत्यु प्रमाण पत्र व्याया. तहसीलदार राजस्व प्रकरण क्र. 2689अ-6/2024-25 |
| 10 | शहीद वार्ड वार्ड क्र 19 | 1000791194 | श्रीमति रहीदनिशा/ कय्यूम खान | शेख राजू, शेख नबाद, बादशाह, शेख वजीर, शहजादी बेगम, शेख रसीद, शेख बसीर/ईसराईल | पंजीकृत वैयनामा |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद सिवनी (म.प्र.)**


## प्रथम पृष्ठ का शेष

### आईटी पर केन्द्रित होगा.....

गतिविधियों की अन्य उद्योगों में स्वीकार्यता बढ़ाने की दिशा में कार्य करने पर भी विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों की पहल और नवाचार की सराहना करते हुए उन्हें गतिविधियों के विस्तार के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह संवाद राज्य शासन और आईटी के क्षेत्र में कार्य कर रहे उद्योगपतियों के बीच मजबूत रिश्तों का आधार बनेगा और सबके सहयोग से मध्यप्रदेश आईटी सेक्टर में अपनी विशेष पहचान स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर, ग्वालियर, भोपाल और इंदौर में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न उद्योगपतियों से संवाद किया। जबलपुर के चंद्रेश वीरा प्रेम संस इंटरप्राईजेस और अनुराग श्रीखंडे इंटेनिक्स प्रायवेट लिमिटेड से चर्चा की। ग्वालियर के धर्मेन्द्र कुमार यादव स्मार्ट कंट्रोल इंडिया लिमिटेड, अनुराग श्रीवास्तव आईआईआईटीएम, राजेश खन्ना एसआरएफ लिमिटेड, मुकुल चतुर्वेदी सूर्या रोशनी लिमिटेड और कृष्णकांत चतुर्वेदी कोमोनिफाय वेंचर प्रायवेट लिमिटेड से चर्चा की। भोपाल के मितेश लोकवानी एचएलबीएस, सारंग वर्मा एपोंइटी और अभिषेक गुप्ता वी विन से चर्चा की। इंदौर के संजीव अग्रवाल इम्पेटस, नरेंद्र सेन रेकबैंक, धर्मेंद्र जैन यश टेक्नोलॉजी, शानू मेहता एमएमसी कोन्वेर्टर और आदित्य शास्त्री डेटा प्योर से चर्चा की। उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उनकी कम्पनियों के कार्यों, निवेश, रोजगार की जानकारी से अवगत कराया। आईटी और संबंधित क्षेत्रों में मध्यप्रदेश को अग्रणी बनाने के संबंध में सुझाव भी दिए। अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने 27 अप्रैल को आयोजित टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव के कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जीसीसी, ड्रोन, एवीजीसी और सेमीकॉन नीति के संबंध में चार राउंड टेबल मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत गठित सलाहकार बोर्ड के सदस्यों से वीसी के माध्यम से चर्चा की जाएगी। मुख्य कार्यक्रम में टेक डेस्टिनेशन मध्यप्रदेश की फिल्म प्रस्तुति, विभिन्न इकाइयों का भूमि-पूजन किया जाएगा। कार्यक्रम में नवीन स्थापित सेन्ट्रल ऑफ एक्सीलेंस और इन्क्यूबेशन सेन्टर का उद्घाटन भी किया जाएगा। चिहिन्त इकाइयों के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किए जाएंगे एवं आवंटन-पत्र भी सौंपे जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य की चार नीतियों जीसीसी नीति, ड्रोन नीति, सेमीकंडक्टर एवं एवीजीसी नीतियों की गाईड लाइंस भी जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में आईटी एवं संबंधित क्षेत्रों के प्रमुख उद्योगपतियों, निवेशकों के साथ वन-टू-वन बैठकों का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र कुमार सिंह, एमडी एमपीएसईडीसी आशीष वशिष्ठ, प्रोजेक्ट डायरेक्टर एमपीएसईडीसी गुरू प्रसाद सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।


**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**
भवन नामांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर स्थित भवन क्रमांक HIG-76 श्री कमल सिंह मरावी पिता स्व. श्री खुशीराम मरावी को आंवटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 26.11.2011 को निष्पादित हो चुका है। आवंटी श्री कमल सिंह मरावी पिता स्व. श्री खुशीराम मरावी का निधन दिनांक 19.04.2021 को हो गया है। आवंटी द्वारा मण्डल के साथ निष्पादित पंजीकृत विक्रय विलेख में उनकी पत्नि श्रीमती प्रेमलता मरावी पति स्व. श्री कमल सिंह मरावी को नामिनी नियुक्त किया गया है। श्रीमती प्रेमलता मरावी पति स्व. श्री कमल सिंह मरावी के द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथपत्र अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ उक्त भवन के नामांतरण हेतु आवेदन / दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं, उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर



**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार शुभांशु सतनामी पिता श्री जुगनु सतनामी, निवासी- 414, दीन दयाल उपाध्याय वार्ड, दमोहनाका, जबलपुर म.प्र. के द्वारा योजना क्र. 5. विजय नगर, 90 क्वाटर, महाराजा अग्रसेन वार्ड, तह. व जिला जबलपुर म.प्र. में स्थित ई.डब्लू.एस. भवन के ई-03 कुल प्लाट 12 बाई 27.5 याने कुल 330 वर्गफुट जिस पर भूतल पर निर्मित रकवा 200 वर्गफुट है, जिसमें पक्का आर. सी. सी. मकान निर्मित है, जिसको श्री शैलेष साहू पिता श्री शंकर लाल साहू, निवासी- 90 क्वाटर, विजय नगर, जबलपुर म.प्र. वालों से क्रय करने हेतु सौदा तय हो गया है जिसका निकटतम भविष्य में बैनामा / रजिस्ट्री होना शेष है, उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, शसाकीय, अशासकीय, संस्था, निकाय आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावजों बिलो के सहित प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत करे। समय सीमा के पश्चात् प्रस्तुत की गई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति का पंजीयन करवा लिया जवेगा।

स्थान- जबलपुर, दिनांक 04.2025

शुभम प्रजापति (अधिवक्ता)
मध्यप्रदेश उच्च हाईकोर्ट जबलपुर
कार्यालय / निवास - धमापुर
शीतलामाई, बंबा देवी मंदिर के पास,
जबलपुर (म.प्र.)
संपर्क -8770157066
र.नं. 840



**न्यायालय तहसीलदार तहसील जयसिंहनगर जिला- शहडोल (म.प्र.)**
रा.प्र.क्र...........दिनांक- 27/03/25

**आम इश्तहार/सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश सिंह पिता बुद्धसेन सिंह गोंड निवासी ग्राम मुहडोला प.ह. बसोहरा तहसील जयसिंहनगर जिला-शहडोल म.प्र. द्वारा ग्राम मुहडोला स्थित आराजी खसरा नंबर 52/1 रकवा 0.182 हे., 87/5/1 रकवा 0.163 हे.. 90/1 रकबा 0.090 हे., 123/1 रकवा 0.031 हे., 133/1/1 रकवा 0.050 हे. कुल किता 05 कुल रकवा 0.516 हे. भूमि के वसीयत नामान्तरण हेतु आवदेन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था की कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 07/05/25 तक इस न्यायालय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अपने विधिक के द्वारा पेश कर सकते है। नियत अवधि हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।
जारी दिनांक 27/03/25
आगामी पेशी 07/05/25
टीपः- दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन हो।

तहसीलदार
तहसील जयसिंहनगर जिला
शहडोल (म.प्र.)



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बरगी जिला जबलपुर**
राजस्व प्रकरण क्रमांक-1511-अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक- 25/4/25

**आम इश्तहार**

ग्राम रीवा तहसील व जिला जबलपुर की आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक राहुल साडू पिता विजय साडू ने ग्राम रीवा प.ह.नं. 54 स्थित भूमि ख.नं. 141/1 रकवा 0.48 हे. भूमि पर स्वंय का नाम दर्ज किये जाने इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 8/5/25 तक इस न्यायालय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।
जारी दिनांक 25/04/2025
पेशी दिनांक 08/05/2025

अतिरिक्त तहसीलदार
बरगी (जबलपुर)
र.नं. 248



**कार्यालय आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित जयसिंहनगर**
( पंजीयन क्रमांक JR-60 दिनांक 09/12/1994 )
क्र./आमसभा/2025/क्यू. जयसिंहनगर दिनांक 25.04.2025

विशेष साधारण आमसभा की सूचना

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्या. बी पैक्स जयसिंहनगर के समस्त अंशधारी सदस्यो को सूचित किया जाता है कि समिति कि विशेष साधारण आम सभा दिनाक 14.05.2023 के दिन 02ः00 बजे दोपहर समिति कार्यालय भवन जयसिंहनगर में आयोजित की गई है, जिसमें आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है। कोरम के अभाव में बैठक आधे घण्टे के लिये स्थगित की जाकर पुनः इसी स्थान पर प्रारंभ की जावेगी, जिसमें कोरम की आवश्यकता नहीं होगी।

-: विषय सूची निम्नानुसार है :-

1. सस्था की पंजीकृत उपविधि की कंडिका ( 3 ) में सस्था के कार्यक्षेत्र के कुल 11 ग्राम पंचायतों में से 3 ग्राम पचायत 1. मोहनी, 2 बांसा, 3. ढोलर को पृथक कर नवीन प्रस्तावित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बी पैक्स मोहनी के गठन हेतु सशोधन किये जाने बावत विचार।

समिति बी पैक्स जयसिंहनगर की उपविधि की कडिका ( 3 ) में प्रस्तावित संशोधन

| क्र. | वर्तमान शब्दावली | संशोधित शब्दावली | संसोधन का कारण |
|---|---|---|---|
| 1 | निम्नलिखित ग्राम पंचायतों में सोसायटी का संचालन क्षेत्र है। 1 बांसा, 2 जमुनिहा, 3 मोहनी 4 ढोलर 5 देवरा, 6 कौआसरई, 7 जयसिंहनगर, 8 कतिरा 9 कुबरा 10 चंदेला, 10 लखनौटी, 11 गोपालपुर | निम्नलिखित राजस्व ग्रामपंचयतों में सोसायटी का सचालन क्षेत्र होगा। 1. मोहनी, 2 ढोलर 3 बांसा | प्रस्तावित नवीन प्राथमिक साख सहाकरी मर्या बी पैक्स मोहनी का गठन प्रस्तावित होने के कारण |

2. संस्था के पुर्नगठन हेतु प्रस्तावित योजना के अनुमोदन बावत् विचार।
3. अध्यक्ष महोदय के अनुमति से अन्य विषय ।

प्रबंधक
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्या. जयसिंहनगर जिला शहडोल म.प्र.



**कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, सामान्य वनमंडल कटनी**
मो. 9424792725 Email: dfotkatn@mp.gov.in
महाराणा प्रताप वार्ड, राष्ट्रीय राजमार्ग क्र.-7 जबलपुर रोड़ झिंझरी कटनी ( म.प्र. ) 483501
सामाग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना
ई- निविदा विज्ञप्ति

कटनी वनमंडल के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में विभिन्न योजना अंतर्गत अधीनस्थ परिक्षेत्रों में प्रथम वर्ष क्षेत्र तैयारी कार्य के तहत क्षेत्र सुरक्षा कार्य में उपयोग हेतु **PRE STRESSED RCC FENCING POLES** क्रय सामग्री क्रय करने के लिए प्रदायकर्ताओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज मध्य प्रदेश के **www.mptenders.gov.in** में प्रकाशन दिनॉक से दिनॉक 14.05.2025 को सायं 05.00 बजे तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है।

| क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र की उपलब्धता | निविदा प्रपत्र बेवसाइड www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 2 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 500/- रूपये ( पांच सौ रूपये मात्र ) |
| 3 | धरोहर राशि | 1,50,000/- रूपये ( रूपये एक लाख पचास हजार रूपये मात्र ) |
| 4 | निविदा प्रपत्र की ऑनलाईन उपलब्धता | www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनांक से |
| 5 | प्री-बिड मीटिंग | दिनांक 09.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक |
| 5 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं समय | दिनांक 14.05.2025 को सायं 05.00 बजे तक |
| 6 | निविदा खोलने की तिथी व समय | दिनांक 15.05.2025 को सायं 05.00 बजे |

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।
G-11998/25

(गौरव शर्मा) भा.व.से.
वनमण्डल अधिकारी सामान्य वनमंडल कटनी



In The Court Of XXIII Additional District and Session Judge, District Court, Jabalpur
**Presiding Officer:** प्रीति शिखा अग्निहोत्री
( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु )
( MCA/0000105/2023 )
कमल कुमार ....................वादी
Vs
संतोष कुमार पटेल ....................प्रतिवादी
Process Id-/2025
पेशी दिनांक- 02/05/2025

प्रेषिति-
(1) म.प्र. शासन राजस्व विभाग द्वारा अनुविभागीय अधिकारी पता-रांझी जिला जबलपुर मप्र (2) कोमल पटेल पिता दशरथ पटेल पता- निवासी ग्राम जमतरा तह. व जिला जबलपुर म.प्र. (3) हुकुम पटेल पिता दशरथ पटेल पता- निवासी ग्राम जमतरा तह. व जिला जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी कमल कुमार ने आपके विरूद्ध एमसीए अपील अंतर्गत आदेश 43 नियम 1 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के लिए अपील संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अपील का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये समन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे [illegible]

दिनांक 17 अप्रैल 2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
टिप्पणी:-प्रकाशन नोटिस के साथ अपील अंतर्गत आदेश 43 नियम 1 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहता तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

प्रीति शिखा अग्निहोत्री
जिला न्यायाधीश ( 23वें )
जबलपुर ( म.प्र. )
र.नं. 239

# देश-प्रदेश

## उवाच

### विक्रम उद्योगपुरी को मेगा इन्वेस्टमेंट जोन के रूप में विकसित करें

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विक्रम उद्योगपुरी को मेगा इन्वेस्टमेंट जोन के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर विचार किया जाए। उज्जैन में आईटी पार्क के द्वितीय चरण का कार्य समय सीमा निर्धारित कर पीपीपी मोड पर तत्काल आरंभ किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीएसआईडीसी) के संचालक मंडल की बैठक में निर्देश दिये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने औद्योगिक कम्पनियों को दीर्घकालीन, अल्पकालीन ऋण, पूंजीगत सब्सिडी आदि के रूप में दी जाने वाली वित्तीय सहायता के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए ऋणों की वसूली की स्थिति की जानकारी प्राप्त की।



# वायु सेना के विमान से धातु का टुकड़ा गिरा, मकान की छत टूटी

- घर के बाहर हुआ 10 फीट का गड्ढा
- वायुसेना की टीम मौके पर पहुंची
- जांच के लिए समिति बनाई





**शिवपुरी, देशबन्धु।** शिवपुरी के पिछोर की ठाकुर बाबा कालोनी में आज सुबह वायु सेना के विमान से धातु का भारी भरकम टुकड़ा गिर गया। जिसके कारण मकान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। मकान की छत गिर गई, वहीं दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गईं। वहीं घर के पास जमीन में करीब 10 फीट का गड्ढा हो गया। इस बात की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन की टीम, ग्वालियर वायु सेना ग्वालियर की टीम के साथ जांच के लिए घटना स्थल पर पहुंची।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम के अलावा वायु सेना ग्वालियर की टीम भी जांच के लिए मौके पर पहुंच गई। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि वायु सेना के विमान से एक गैर विस्फोटक चीज मकान पर गिरी है। घटना के संबंध में मकान मालिक मनोज सगर ने बताया कि आज सुबह हमारे मकान पर आसमान से भारी चीज तेज आवाज के साथ आकर गिरी। बाहर के 2 कमरे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। उस समय घर भीतर 4 सदस्य मौजूद थे, जो सभी सुरक्षित हैं। वायु सेना ने इस घटना के लिए खेद प्रकट किया है। साथ ही वायु सेना द्वारा मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन भी किया गया है। वायु सेना ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा -कि वायु सेना शिवपुरी के पास उसके विमान से गलती से गिरे गैर विस्फोटक सामान के कारण संपत्ति को हुए नुकसान पर खेद जताती है। यह भी जानकारी दी गई कि घटना की जांच के लिए समिति का गठन किया गया है। घटना के बाद वायु सेना ग्वालियर की टीम जांच के लिए मौके पर पहुंची। टीम ने विमान से गिरी भारी भरकम धातु के टुकड़ों को एकत्रित किया। जिस जगह धातु का टुकड़ा गिरा, वहां जेसीबी की मदद से मलबा हटाया गया।

# प्रशिक्षण एवं सेवा योजन निदेशालय एवं क्वैस कार्प लिमिटेड सह उदति फाउण्डेशन के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित



**लखनऊ।** प्रदेश के जॉब सीकर्स को रोजगार के अधिक से अधिक अवसरों को प्रदान करने एवं कॅरियर मार्गदर्शन प्रदान करने की दिशा में 25 अप्रैल को प्रशिक्षण एवं सेवा योजन निदेशालय एवं क्वैस कार्प लिमिटेड सह उदति फाउण्डेशन के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन श्रीमती नेहा प्रकाश क्वैस कार्प लिमिटेड के प्रतिनिधि श्री लोहित भाटिया, व उदति फाउण्डेशन के श्री कार्थिक एमपी के द्वारा एमओयू का अदान-प्रदान किया गया। इस अवसर पर विभाग के अपर निदेशक पीकेपुण्डीर व अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

क्वैस कार्प लिमिटेड द्वारा सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल पर उपलब्ध अभ्यर्थियों को विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों में रिक्तियों के सापेक्ष नौकरियॉ प्रदान करने के साथ ही साथ उन्हें कॅरियर मार्गदर्शन प्रदान करने का कार्य किया जाना है। इसी प्रकार उदति फाउण्डेशन द्वारा महिलाओं के उत्थान हेतु रोजगार प्रदान करने व कॅरियर मार्गदर्शन प्रदान करने का कार्य किया जायेगा। अभ्यर्थियों के हितार्थ रोजगार के अवसरों में अभिवृद्धि के उद्देश्य से सेवायोजन विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्य सम्बन्धित संस्थाओं के सहयोग से किये जायेंगे। अभ्यर्थियों हेतु उनकी शैक्षिक योग्यता व कौशल के अनुसार रोजगार संगम पोर्टल पर नौकरियों को प्रकाशित करना व उपलब्ध नौकरियों की जानकारी प्रदान करना। बाजार मांग के अनुरूप नौकरियों के एकत्रीकरण की व्यवस्था एवं रोजगार मेलों का आयोजन। कॅरियर सम्बन्धित विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान करने की व्यवस्था। आईटीआई एवं अन्य कौशल विकास संस्थानों की महिला अभ्यर्थियों को विनिर्माण एवं गैर-विनिर्माण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराना।

# मंत्री पुत्र आकाश ने ली प्रोटोकॉल तोड़ अधिकारियों की बैठक

**इंदौर/भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बेटे और पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने इंदौर में निगम अधिकारियों की बैठक ली। इंदौर से मंत्री विजयवर्गीय की विधानसभा क्रमांक 1 में जलसंकट व्याप्त है। इस जलसंकट से निपटने आकाश ने मंत्री के प्रतिनिधि के रूप में निगम अधिकारियों और स्थानीय पार्षद, एमआईसी सदस्य की एक बैठक बुलाई, जिसमें उन्होंने जलसंकट के संबंध में चर्चा । प्रोटोकॉल तोड़कर बुलाई इस बैठक में यह तय हुआ कि जो जलसंकट वाले क्षेत्र हैं, वहां पर अतिरिक्त टैंकर चलाया जाएं। बैठक में जलसंकटग्रस्त करीब दर्जन भर क्षेत्रों को चिन्हित किया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि टंकियां कम दबाव से भरी जा रही है, जिससे जलापूर्ति प्रभावित हो रही है। अधिकारियों से इस तरफ ध्यान देने के लिए कहा गया। इसके पूर्व आकाश ने निगम अधिकारियों को बैठक के लिए संदेश भेजकर बुलाया था। बैठक के लिए जारी संदेश में लिखा था कि गर्मी के दिनों में विधानसभा के क्षेत्रवासियों को पेयजल की समस्या का सामना न करना पडे। इस संबंध में आकाश कैलाश विजयवर्गीय रेसीडेंसी कोठी पर 24 अप्रैल गुरुवार शाम 4 बजे नगर निगम के हल प्रदाय के सभी अधिकारियों और विधानसभा 1 के सभी पार्षद व प्रमुख पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक रखी गई है। ज्ञात हो कि तत्कालीन निगम आयुक्त हर्षिता सिंह ने पार्षद पतियों के बैठक में हिस्सा लेने को लेकर रोक लगाई थी। उस दौरान 2 बैठकें ऐसी हुई, जिनमें महिला पार्षदों के पतियों के पहुंचने पर उन्हें बैठक से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था।

**जल संकट को लेकर की चर्चा, दिए निर्देश**

### पूर्व में पार्षद के पिता भी ले चुके हैं बैठक

कुछ दिन पहले की बात है कि ऐसा ही एक मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। दरअसल वार्ड 59 की पार्षद रूपाली के पिता न केवल नगर निगम के अधिकारियों को साथ लेकर वार्ड का दौरा कर रहे थे, बल्कि निगम अधिकारियों की बैठक कर उन्हें निर्देशित भी कर रहे थे। इसी कड़ी में विगत 7 मार्च को सुबह रुपाली के पिता ने निगम और नर्मदा के अधिकारियों की बैठक ली थी।

# प्रदेश में 56 लाख मीट्रिक टन से अधिक हुई गेहूँ खरीदी

## किसानों को 4 हजार करोड़ से अधिक का भुगतान



**भोपाल, देशबन्धु।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रदेश में अभी तक 6 लाख 44 हजार 878 किसानों से 56 लाख 85 हजार 477 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। किसानों को उपार्जित गेहूँ का भुगतान भी लगातार किया जा रहा है। अभी तक लगभग 4 हजार करोड़ रूपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। किसान गेहूँ उपार्जन के लिये 30 अप्रैल तक स्लाट बुक करा सकते हैं।

प्रदेश में अभी तक जिला सीहोर में 6 लाख 9 हजार 192, उज्जैन में 5 लाख 98 हजार 610, विदिशा में 4 लाख 63 हजार 658, रायसेन में 4 लाख 63 हजार 338, शाजापुर में 3 लाख 26 हजार 19, भोपाल में 3 लाख 12 हजार 598, राजगढ़ में 3 लाख 01 हजार 900, देवास में 2 लाख 64 हजार 84, नर्मदापुरम में 2 लाख 61 हजार 47, इंदौर में 2 लाख 16 हजार 494, सागर में 1 लाख 97 हजार 658, आगर मालवा में 1 लाख 64 हजार 280, सिवनी में 1 लाख 57 हजार 254, मंदसौर में 1 लाख 44 हजार 379, हरदा में 1 लाख 3 हजार 663, रतलाम में 86 हजार 565, दमोह में 85 हजार 705, नरसिंहपुर में 74 हजार 855, श्योपुर में 50 हजार 190, दतिया में 46 हजार 310, शिवपुरी में 42 हजार 812, खण्डवा में 40 हजार 149, छतरपुर में 36 हजार 501, ग्वालियर में 35 हजार 229, कटनी में 34 हजार 48, गुना में 33 हजार 200, रीवा में 31 हजार 689, जबलपुर में 30 हजार 940, अशोकनगर में 30 हजार 876, नीमच में 30 हजार 241, पन्ना में 29 हजार 433, मण्डला में 29 हजार 340, भिण्ड में 26 हजार 204, बैतूल में 21 हजार 442, झाबुआ में 21 हजार 195, मैहर में 19 हजार 643, छिन्दवाड़ा में 17 हजार 896, मुरैना में 15 हजार 60, टीकमगढ़ में 8 हजार 628, शहडोल में 2 हजार 943, खरगौन में 2595, निवाड़ी में 1557, सिंगरौली में 1370, उमरिया में 1360, डिण्डोरी में 1254, मऊगंज में 1227, सीधी 874, बालाघाट में 636, अनूपपुर में 463 अलीराजपुर 214 और पांढुर्णा में 44 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है।

## मुख्यमंत्री ने पहलगाम घटना में दिवंगत नागरिकों को श्रद्धांजलि दी, लाइट एंड साउंड शो में दिखा सेना का शौर्य





# पहलगाम की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, आतंकवादियों को जवाब मिलेगा

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय सेना को परमात्मा का भी आशीर्वाद प्राप्त है जो हर तरह की अव्यवस्था को सुव्यवस्था में बदल सकती है। हाल ही में पहलगाम में हुई घटना से सभी का मन विचलित और व्यथित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज भोपाल के एयर पोर्ट रोड पर द्रोणांचल परिसर स्थित योद्धा स्थल में लाइट एण्ड साउंड शो के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह शो प्रत्येक शुक्रवार, शनिवार और रविवार की शाम को होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मानवता के दुश्मनों द्वारा पहलगाम में किए गए कायराना हमले में दिवंगत सभी पर्यटकों को श्रद्धांजलि दीं। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर अधर्म करने वालों को निश्चित रूप से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और हमारी सरकार जहां उनका मुकाम है वहां पहुंचाकर छोड़ेगी। इस घटना के बाद पूरा देश एकजुटता के साथ इस नृशंस हत्या कांड के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा है। पूरे देश को शुरू से सेना के प्रति आशा और उम्मीद की किरण दिखाई देती है। यह हम सबका सौभाग्य है कि हमारी सेना हमेशा असंभव को संभव करके दिखाती है। हमारे जवान किसी भी स्थिति में स्वर्ग रचने का काम करते हैं, वे दुश्मनों के लिए काल, विकराल और महाकाल बनकर वीरता के झंडे गाड़ते हैं।

**प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में सेना के प्रयास सराहनीय**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में सेना के प्रयासों की भी सराहना की। राज्य सरकार सेना के ऐसे प्रयासों में पूर्ण सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वेलनेस सेंटर निरामया में शिरोधारा, पंचक्रम, हाइड्रो थैरेपी और ओजोन थैरेपी उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम में आयुष, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार,संगठन पदाधिकारी महेंद्र सिंह, रविंद्र यति सहित अन्य जनप्रतिनिधि और पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना उपस्थित थे।

### ऊर्जा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए

## मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को हुडको का राष्ट्रीय सम्मान

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड को ऊर्जा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिये हाउसिंग एंड अर्बन डवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। हुडकोने अपने 55 वें स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्व क्षेत्र कंपनी की योजनाओं की प्रशंसा करते हुये यह अवॉर्ड प्रदान किया। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह अवॉर्ड मिलने पर बधाई देते हुए कम्पनी के अधिकारी-कर्मचारियों के कार्य की प्रशंसा की है।

### डीजीपी ने जारी किया आदेश

## पुलिस अधिकारियों को करना होगा सांसद-विधायकों को सैल्यूट



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को अब सांसदों और विधायकों को पूर्ण सम्मान देना होगा, उनके अभिवादन स्वरूप उन्हें सैल्यूट करना होगा। इस आशय के निर्देश आज डीजीपी कैलाश मकवाना ने जारी किए। जिसमें उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ पूर्ण शिष्टाचार के साथ पेश आने के लिए कहा है।

श्री मकवाना ने निर्देशित किया कि जब भी कोई सांसद अथवा विधायक पुलिस अधिकारियों से मिलने के लिए आए तो उन्हें प्राथमिकता देते हुए उनसे मुलाकात करनी होगी, साथ ही उनकी बात अथवा समस्याओं को गंभीरता से सुनना होगा। पुलिस की सभी इकाईयों को जारी निर्देशों में कहा गया है कि सभी सांसद विधायक को सरकारी कार्यक्रमों या सामान्य मुलाकात के दौरान वर्दीधारी पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को उनका अभिवादन सैल्यूट के साथ करना होगा। डीजीपी ने इस बात के लिए भी निर्देशित किया कि सांसदों और विधायकों द्वारा यदि पुलिस अधिकारियों अथवा कर्मचारियों से मोबाइल पर जन समस्या के संबंध में संपर्क किया जाता है तो अधिकारी-कर्मचारी की पूरी जिम्मेदारी के साथ संवाद के दौरान उनकी बात ध्यानपूर्वक सुनें और सम्मानजनक व्यवहार करें। श्री मकवाना ने सांसदों, विधायकों के सम्मान को लेकर जारी उक्त निर्देश में 8 अलग-अलग परिपत्रों का जिक्र किया है।

**परेड में राज्यपाल ही ले सकेंगे सलामी** -विगत 29 नवंबर 2024 को आदेश जारी कर मुख्यमंत्री, मंत्री एवं पुलिस अधिकारियों को दी जाने वाली सलामी समाप्त कर दी गई थी। केवल राज्यपाल ही सलामी ले सकेंगे। किंतु देखने में आ रहा है कि इस आदेश का कड़ाई से पालन नहीं हो रहा है।


**नाम एवं जन्मतिथि सुधार सूचना**

मैं नंद लाल पिता कंछेदी लाल उम्र-54 पता नागपुर रोड हनुमान मंदिर के पास भैरव नगर मेडिकल तिलवारा थाना- गढ़ा जिला-जबलपुर म.प्र. पिन.नं. 482003 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि:-

1. यह कि मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में MES N-411082 हैं जो मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम नन्दू दर्ज है मेरी जन्म तिथि-03-12-1970 दर्ज है तो कि गलत हैं। जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम नंद लाल पिता स्व. कंछेदी लाल एवं मेरी जन्म तिथि 01-01-1971 दर्ज है जो कि सही हैं।

2. यह कि मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में मेरी जन्म तिथि 03-12-1970 के स्थान पर सुधार कर मेरी जन्म तिथि 01-01-1971 लिखा पढ़ा जावे ।

र.नं. 235

**नाम सुधार सूचना**

मैं यशोदा बाई पिता कंछेदी लाल उम्र 58 वर्ष पति स्व. श्रीराम गोपाल पता-म.न.420 ग्रा मड़ई जिला-जबलपुर म.प्र. पिन.नं. 482009 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि:- 1. यह कि मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में MES N-411082 हैं जो मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम दसोदा बाई दर्ज है जो कि गलत हैं। मेरी जन्म तिथि-01-01-1967 है मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम दसोदा बाई Dasoda Bai के स्थान पर सुधार कर मेरा नाम यशोदा बाई लिखा व पढ़ा जावे । 2. यह कि मेरे पिता के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम दशोदा बाई Dasoda Bai के स्थान पर सही नाम यशोदा बाई Yashoda Bai लिख व पढ़ा जावे।

र.नं. 235

**नाम एवं जन्मतिथि सुधार सूचना**

मैं खुशी राम पिता- स्व0 कंछेदी लाल उम्र-68 पता म.न.68 नई बस्ती मरघटाई रोड लाल आटा चक्की के पीछे पोस्ट व थाना रांझी मानेगॉव जिला जबलपुर म.प्र. पिन.नं. 482005 शपथपूर्वक मिम्नलिखित कथन करता हूं कि:-

1. यह कि मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में MES N-411082 हैं जो मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी जन्म तिथि-02-06-1962 दर्ज है जो कि गलत हैं। जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम खुशीराम एवं मेरी जन्म तिथि 01-01-1957 दर्ज है जो कि सही हैं।

2. यह कि मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में मेरी जन्म तिथि 02-06-1962 के स्थान पर मेरी जन्म तिथि -01-01-1957 लिखा हुआ पढ़ा जावे ।

र.नं. 235

**नाम एवं जन्मतिथि सुधार सूचना**

मैं सोती राम पिता कंछेदी लाल उम्र-75 वर्ष पता ग्राम कनवास (पिपरिया) पोस्ट भुवॉरा थाना शहपुरा जिला-जबलपुर म.प्र. पिन.नं. 483119 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि:-

1. यह कि मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में MES N-411082 हैं जो मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम घनश्याम प्रसाद दर्ज है मेरी जन्म तिथि 04-05 1959 दर्ज है जो कि गलत हैं। जबकि सही जन्म तिथि 01-01-1950 हैं मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम घनश्याम प्रसाद के स्थान पर सुधार कर मेरा नाम सोती राम लिख व पढ़ा जावे ।

2. यह कि मेरे घर का नाम घनश्याम एवं मेरे दस्तावेजों मेरा मेरा नाम सोतीराम दर्ज हैं सोतीराम एवं घनश्याम प्रसाद दोनों ही नाम मेरे अर्थात एक ही व्यक्ति के नाम हैं मुझे दोनों नामों से जाना जाता है । जिनके पिता- कंछेदी लाल है।

3. यह कि मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में मेरा घनश्याम प्रसाद के स्थान पर सही नाम सोतीराम लिख न पढा जावे ।

र.नं. 235

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, SUSEELA is legally MOTHER of Army No 15731963M, Rank L/NK, Name Kiran Sureshbabu Unit 4ttr, Home Addres Vill - Kattappana, Post-Mulakaramedu, Teh-Udumbanchola, Dist -Idukki, State-Kerala, Pin- 685515., I, have changed my name SUSEELA to SUSEELA SURESHBABU and date of birth 04/03/1970 to 18/07/1970 Vide Affidavit No. CX 614210 before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME SUSEELA
INCORRECT DOB - 04/03/1970
CORRECT NAME SUSEELA SURESHBABU
CORRECT DOB - 18/07/1970

**नाम सुधार सूचना**

मैं किशन दास पिता कंछेदी लाल उम्र 58 वर्ष पता नई बस्ती मरघटाई रोड लाल आटा चक्की के पीछे पोस्ट व थाना रांझी मानेगॉव जिला-जबलपुर म.प्र. पिन.नं. 482005 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि:-

1. यह कि मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में MES N-411082 हैं जो मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम किशन दर्ज है मेरी जन्म तिथि-08-07-1967 दर्ज है जो कि सही हैं। मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम किशन के स्थान पर सुधार कर मेरा नाम किशन दास लिख व पढ़ा जावे ।

2. यह कि मेरे घर का नाम किशन एवं मेरे दस्तावेजों मेरा पूरा नाम किशन दास दर्ज हैं किशन एवं किशन दास दोनों ही नाम मेरे अर्थात एक ही व्यक्ति के नाम हैं मुझे दोनों नामों से जाना जाता हैं । जिनके पिता- कंछेदी लाल है।

र.नं. 235

**नाम एवं जन्मतिथि सुधार सूचना**

मैं रामेश्वर प्रसाद अहिरवार पिता कंछेदी लाल उम्र 60 पता नई बस्ती मरघटाई रोड लाल आटा चक्की के पीछे रांझी जिला-जबलपुर म.प्र. पिन.नं. 482005 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि:-

यह कि मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में MES N-411082 हैं जो मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम रामेश्वर दर्ज है मेरी जन्म तिथि-27-06-1965 दर्ज है जो कि सही हैं। मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड मैं मेरा नाम रामेश्वर के स्थान पर सुधार कर मेरा नाम रामेश्वर प्रसाद अहिरवार लिख व पढ़ा जावे ।

र.नं. 235

**नाम परिवर्तन सूचना**

I, Army No 13763561W Rank HAV Name RAJ BAHADUR Presently residing at Vill- SHAYMPUR PO-SHAYMPUR Teh- DEHRADUN Distt DEHRADUN (UK) PIN-249204 शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में माता का नाम SHAKUNTLA DEVI दर्ज है जो कि गलत है मेरी माता का सही एवं वास्तविक नाम SHAKUNTALA DEVI है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातो मे दर्ज है एवं मेरी माता के इस नाम को पढा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 33AA 136310 दिनांक 25/04/2025 नोटरी जबलपुर म प्र

गलत नाम- SHAKUNTLA DEVI
सही नाम-SHAKUNTALA DEVI

कृति

**नाम एवं जन्मतिथि सुधार सूचना**

मैं हल्ली बाई पिता कंछेदी लाल उम्र 51 वर्ष पति-शिव लाल पता-म.न.62 ग्राम कूड़न तहसील पाटन जिला-जबलपुर म.प्र. पिन.नं. 411082 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि:-

1. यह कि मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में MES N-411082 हैं जो मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नामे हल्ली दर्ज है जो कि गलत हैं। मेरी जन्म तिथि-01-01-1974 है मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम हल्ली Halli के स्थान पर सुधार कर मेरा नाम Halli Bai लिखा व पढ़ा जावे ।

2. यह कि मेरे घर का नाम हल्ली ( Halli ) एवं मेरे दस्तावेजों मेरा पूरा नाम हल्ली बाई Halli Bai दर्ज एवं हल्ली Halli एवं हल्ली बाई Halli Bai दोनों ही नाम मेरे अर्थात एक ही व्यक्ति के नाम हैं मुझे दोनों नामों से जाना जाता हैं। जिनके पिता- कंछेदी लाल है।

3. यह कि मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में मेरा हल्ली Halli के स्थान पर सही नाम हल्ली बाई Halli Bai लिख व पढ़ा जावे ।

र.नं. 235

**नाम एवं जन्मतिथि सुधार सूचना**

मैं गोविन्द दास पिता कंछेदी लाल उम्र-49 वर्ष पता नई बस्ती मरघटाई रोड लाल आटा चक्की के पीछे पोस्ट व थाना रांझी मानेगांव जिला-जबलपुर म.प्र. पिन.नं. 482005 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि:-

1. यह कि मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में MES N-411082 हैं जो मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नौम गोविन्द दर्ज है मेरी जन्म तिथि-11-09-1974 दर्ज है जो कि गलत हैं। मेरी सही जन्म तिथि 27-06-1976 है मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम गोविन्द के स्थान पर सुधार कर मेरा नाम गोविन्द दास लिख व पढ़ा जावे ।

2. यह कि मेरे घर का नाम गोविन्द एवं मेरे दस्तावेजों मेरा पूरा नाम गोविन्द दास एवं गोविन्द अहिरवार हैं गोविन्द एवं गोविन्द दास दोनों ही नाम मेरे अर्थात एक ही व्यक्ति के नाम हैं मुझे दोनों नामों से जाना जाता हैं। जिनके पिता कंछेदी लाल है।

र.नं. 235

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर**

रा.प्र.क्र./2159/अ-6/2024-25

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि रिटायर्ड इंजी. हर्षवर्धन व्यास पिता स्व. जे.पी.व्यास निवासी 263 गुप्तेश्वर वार्ड कृपाल चौक के पास जबलपुर के द्वारा मौजा हाथीताल नं.बं. 753. प.ह.नं. 21 रा. निरी.मं. गोरखपुर तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर में स्थित भूमि ख.नं. 82/1/2 रकवा 0.018 हे. में भूमिस्वामी डॉ. जगदीश प्रसाद व्यास पिता स्व. भगवानदास व्यास निवासी जबलपुर की मृत्यु दिनांक 09.03.2012 एवं आवेदक की माँ राजकुमारी व्यास की मृत्यु दिनांक 16.08.1994 को हो जाने के कारण आवेदक द्वारा फौत भूमिस्वामी डॉ. जगदीश प्रसाद व्यास के स्थान पर पुत्र हर्षवर्धन व्यास एवं पुत्री राजश्री का नाम दर्ज कराने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से या स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 8.5.25 को पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आम इश्तहार न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 25.4.25 को जारी किया गया।

जारी दिनांक-25.4.25
पेशी दिनांक-8.5.25

मुहर नायब तहसीलदार, गोरखपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार गोरखपुर जिला-जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/0104/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक ..........

**आम इश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम लमती प.ह.नं. 17 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री राकेश कुमार राय पिता गंगा प्रसाद राय जाति राय निवासी मकान नं. 5761 नारायण नगर गढ़ा गुलौआ चौक के पास जबलपुर के द्वारा ग्राम लमती बंदोबस्त नंबर 642 प.ह.नं. 17 में स्थित भूमि खसरा नंबर 30/1/30/23 ए/30/24 /30/1/30/2 एवं 30/3 वर्गफुट/हेक्टेयर रकवा 168X40=667 पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक 12035/09 दिनांक 02/05/06 के माध्यम से क्रय कर राजस्व अभिलेखों में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेजसहित इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-24/04/2025
पेशी दिनांक-09/05/2025

अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर

र.नं. 245

**क्रय-विक्रय**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला जबलपुर (म.प्र.)**

रा.प्र.क्र./4510./अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक 11/4/24

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक ब्रजेश चंद खरे पिता का नाम श्याम स्वरूप खरे निवासी ग्राम खैरी के द्वारा मौजा खैरी नं. ब. 590, प.ह.नं. 61 तहसील अधारताल जिला जबलुर में स्थित भूमि प्लाट/ खसरा नं. 80/1/2 रकवा 2400 वर्गफुट भूमि विक्रेता एस रामल्ट्रन एंड कंपनी मार्फत स्व. मैनेजिंग पार्टनर से ई पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक ए/70 1314-1373 तक दिनांक 02/08/1967 से क्रय किया जाना लेख किया है। वर्तमान में भूमि विक्रेता....... के नाम दर्ज है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 28/04/2025 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 11/04/2025
पेशी दिनांक 28/04/2025

कृति

अतिरिक्त तहसीलदार अधारताल, जबलपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार गोरखपुर जिला-जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/1812/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक ..........

**आम इश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम लमती प.ह.नं. 17 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री मुकेश दुबे पिता उमाशंकर दुबे जाति दुबे निवासी 77 तुलसी नगर चेरीताल जबलपुर के द्वारा ग्राम लमती बंदोबस्त नंबर 642 प.ह.नं. 17 में स्थित भूमि खसरा नंबर 29 रकवा 14300 वर्गफुट/हेक्टेयर प्लाट नं. ए 4/21X41=861/540 पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक 245 दिनांक 17/08/2009 के माध्यम से क्रय कर राजस्व अभिलेखों में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेजसहित इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-24/04/2025
पेशी दिनांक-09/05/2025

अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर

र.नं. 246

**( फौती )**

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/0091/अ-6/2024-2025

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंजू गोस्वामी / स्व. रंजीत गोस्वामी नि.-198 दुर्गा कालोनी पश्चिमी घमापुर जबलपुर निर्मित रकवा/रकवा 1307.75 व.फु./अवि. हिस्सा .... वर्गफुट/हे. विक्रय पत्र/हकत्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक .... मृत्यु दिनांक 01/01/2024 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, ... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 119 प्लाट नं. 25/1/ए निर्मित रकवा/रकवा 1307.75 व.फु./अवि. हिस्सा .... /ग्राम घमापुर प.ह.नं. ... खसरा नं. .... रकवा 1307.75 व.फु./हे. शंकर लाल सोनी पिता स्व. श्री गोविन्द प्रसाद सोनी एवं रंजीत गोस्वामी / पिता एस.बी. गोस्वामी के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 07/05/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 23/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 23/04/2025
पेशी दिनांक 07/05/2025

तहसीलदार, रांझी, जबलपुर

र.नं. 241

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार गोरखपुर जिला-जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/0103/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक ..........

**आम इश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम लमती प.ह.नं. 17 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती रमती द्विवेदी पति/पिता वीरेन्द्र कुमार व्यास जाति व्यास निवासी आनंद नगर अधारताल जबलपुर के द्वारा ग्राम लमती बंदोबस्त नंबर 642 प.ह.नं. 17 में स्थित भूमि खसरा नंबर 30/1//30/23/30/1 /30/2/30/3 रकवा 25 बाई 50 याने 1250 वर्गफुट/हेक्टेयर पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक 2988 दिनांक 04/10/1999 के माध्यम से क्रय कर राजस्व अभिलेखों में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेजसहित इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-24/04/2025
पेशी दिनांक-09/05/2025

अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर

र.नं. 247

# अभिमत

**वर्ष 1985 में ही आदिवासियों, ग्रामीणों व किसानों के साथ मिलकर किसान आदिवासी संगठन का गठन किया गया था। आगे बढ़ने से पहले इस इलाके के बारे में बताना उचित होगा। होशंगाबाद ( नर्मदापुरम) जिले का यह इलाका आदिवासी बहुल है। गोंड और कोरकू आदिवासी यहां के बाशिन्दे हैं। इस इलाके में पानी की समस्या तो थी ही, विस्थापितों की आजीविका की समस्या भी थी। यहां कई परियोजनाओं से लोगों का विस्थापन हुआ है।**

## सुनील भाई, जिन्होंने गांधी को जिया

नवाचार

■ बाबा मायाराम

**समाज में जीवन मूल्य इतने गिर गए हैं, कोई बिना लोभ-लालच के काम न करता हो, तब सुनील भाई के जीवन को देखकर प्रेरणा ली जा सकती है। उनके जीवन को देखकर किसी भी देशप्रेमी का दिल उछल सकता है। अल्बर्ट आइंस्टीन ने गांधी के लिए कहा था कि आनेवाली पीढ़ियां शायद मुश्किल से ही यह विश्वास करेंगी कि गांधी जैसा हाड़-मांस का पुतला कभी इस धरती पर हुआ होगा। सुनील भाई के लिए भी यह वाक्य सटीक बैठता है।**

सुनील भाई का जब स्मरण करता हूं तो बहुत सी छवियां मेरे मानस पटल पर उभरती हैं। कभी यात्राओं में साथ, कभी सभाओं में, कभी बैठकों में कार्यकर्ताओं में जनसाधारण की बातें ध्यान से सुनना और भी बहुत कुछ। आज मैं इस कॉलम में मध्यप्रदेश के होशंगाबाद ( अब नर्मदापुरम) जिले के आदर्शवादी समाजवादी कार्यकर्ता सुनील भाई की कहानी बताना चाहूंगा, जिन्होंने करीब तीन दशक गांव में रहकर उनके हक, अधिकार और बराबरी के लिए न केवल लगातार संघर्ष किया, बल्कि रचनात्मक कामों की मिसाल पेश की।

अब जब मैं सुनील भाई पर लिखने बैठा हूं, सोच रहा हूं- क्यों जरूरी है उन पर लिखना। थोड़ी झिझक भी है। यह इसलिए नहीं कि लिखना मुश्किल है। यह तो मेरा काम है। लिखने-पढ़ने का अभ्यास है और इसमें मेरी दिलचस्पी है। झिझक इसलिए है कि उनके बारे में क्या ऊपरी ही बातें दोहराऊं, जो पहले कही जा चुकी हैं।

मसलन, वे एक मध्यवर्गीय परिवार से थे। बहुत मेधावी थे। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के छात्र रह चुके थे। पिछले 30 सालों से होशंगाबाद जिले के आदिवासी गांव में रहते थे। किसान आदिवासियों के अधिकारों के लिए लड़ते थे। इसके लिए उन्होंने कई बार पुलिस के डंडे भी खाए और जेल भी गए। आदिवासियों की मछुआ सहकारिता का सफल प्रयोग किया। समाजवादी जन परिषद के राष्ट्रीय नेता थे।

उनकी सरल सी दिखने वाली जीवनशैली कितनी कठिन थी, यह भी बताऊं। सुबह बहुत जल्दी जागना। पानी भरने से लेकर कपड़े धोने, रोटियां बनाने से लेकर बर्तन साफ करने, झाड़ू लगाने से लेकर सामान को सुघड़ता से रखने और पालथी मारकर सुंदर लिपि में लिखने से लेकर लिफाफे में गोंद लगाना और फिर पोस्ट करना। पहले वे जहां भी फुरसत मिले पोस्टकार्ड और चिट्ठियां भी खूब लिखते थे।

इटारसी के पास केसला से पहले जंगल में बांसलाखेड़ा में जब रहते थे तो नदी पार कर जाना पड़ता था। बारिश में खासी दिक्कत होती थी। वहां से केसला तक पैदल या कभी साइकिल से आना और राशन व सब्जियों का वजन भी साथ होता था। छोटी-मोटी जरूरतों के लिए केसला आना पड़ता था। बारिश में नदी में बाढ़ होती थी, तब बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। वह बहुत रमणीक स्थान था, जंगल और नदी से घिरा हुआ।

वर्ष 1985 में ही आदिवासियों, ग्रामीणों व किसानों के साथ मिलकर किसान आदिवासी संगठन का गठन किया गया था। आगे बढ़ने से पहले इस इलाके के बारे में बताना उचित होगा। होशंगाबाद ( नर्मदापुरम) जिले का यह इलाका आदिवासी बहुल है। गोंड और कोरकू आदिवासी यहां के बाशिन्दे हैं। इस इलाके में पानी की समस्या तो थी ही, विस्थापितों की आजीविका की समस्या भी थी। यहां कई परियोजनाओं से लोगों का विस्थापन हुआ है। सुनील भाई, के आने से पूर्व ही इटारसी का समाजवादी युवक राजनारायण केसला में रह रहा था, और संगठन के माध्यम से आदिवासियों की लड़ाई लड़ रहा था। बाद में सड़क हादसे में राजनारायण का 26 अप्रैल 1990 को निधन हो गया।

बाद में राजनारायण की स्मृति में केसला में किसान आदिवासी संगठन का कार्यालय बना। केसला, सुखतवा के साप्ताहिक बाजारों में सुनील भाई और उनके साथियों को पर्चे बांटते देखा जा सकता था। सुनील भाई इन बाजारों में आदिवासियों की समस्याएं सुनते थे और संगठन के माध्यम से उनका क्या हल हो सकता है, सुझाते थे। यह सिलसिला लगातार चलता रहा।

वर्ष 1996 में तवा नदी में मछली का अधिकार मिला और यहां सरकारीकरण और निजीकरण से अलहदा सहकारीकरण का अच्छा, सफल और अनूठा प्रयोग हुआ। लेकिन जब यह मछली का अधिकार ले लिया गया तब इस इलाके के आदिवासियों व ग्रामीणों ने सद्बुद्धि सत्याग्रह चलाया था, जिसकी व्यापक चर्चा हुई थी। तो सुनील भाई ने एक तरफ अन्याय के खिलाफ सत्याग्रह को लड़ने का हथियार बनाया, वहीं दूसरी तरफ उनका जीवन सादगीपूर्ण, सरल और श्रम आधारित था। उनका रास्ता गांधी का था। उन्होंने लोहिया के सूत्र वोट, जेल और फावड़ा के साथ संगठन व विचार निर्माण पर जोर दिया था।

लेकिन यहां मैं उनके रचनात्मक व उत्पादक कामों की चर्चा करना चाहूंगा। उन्होंने एक आदिवासी गांव में बहुत ही साधारण जीवनशैली में जीवन व्यतीत किया। एक साधारण ग्रामीण की तरह जीवन जिया। सुबह-शाम उनके घर पर गांव के कई साथी जुटते थे। बाद में फागराम जुड़े और कई बार जनपद, जिला व विधानसभा चुनाव भी लड़ा, हालांकि इसमें उन्हें सफलता नहीं मिली। जनपद और जिला पंचायत में निर्वाचित भी हुए। अब वे ही संगठन की अग्रणी पंक्ति में हैं।

कई बार मैंने सुनील भाई को गांव के लोगों के साथ मिलकर खाना खाते देखा था। जब लम्बे आंदोलन चलते थे तो गांव के लोग घर से मक्के की रोटी, महुआ का भुरका, भुना चून ( आटा), मिर्ची की चटनी और कांदा ( प्याज) लाते थे। सुनील भाई गांव वालों के साथ ही खाना खाते थे, चाहे वह दो-दिन का बासा भी हो। उन्होंने एक सादगी व आदर्शपूर्ण जीवन जिया। सुनील भाई के ठोस विचार केसला की ठोस जमीन, गहरी खोज और अनुभव से निकले थे। वे लगातार इस नजरिये से लिखते रहे हैं। विचार शून्य में नहीं बनते जीवन की स्थितियों का इसमें योगदान होता है।

जब वर्ष 2012 के आसपास सामयिक वार्ता पत्रिका दिल्ली से इटारसी आई तब हमारा मिलना-जुलना नियमित हो गया। मैं वार्ता के संपादन में उनका सहयोगी था। सामयिक घटनाओं पर लगातार बातचीत होती रही। उनके विचार और स्पष्टता से जानने को मिले। कुछ लोग पूछते हैं कि सुनील भाई होते तो आज की घटनाओं पर क्या कहते, क्या लिखते। देश-दुनिया में हो रहे बदलाव पर वे क्या कहते। कैसे विश्लेषण करते। सवाल कठिन है, और इसका जवाब देना मेरे लिए मुश्किल है।

लेकिन उनके साथ काम करने के दौरान मैंने यह जाना कि सुनील भाई के सोचने का एक ढंग था, घटनाओं को उनका अपना देखने का नजरिया था। वार्ता में वे नए लेखकों से संवाद बनाना पसंद करते थे, उन्हें लिखने के लिए प्रेरित करते थे। अगर अंग्रेजी का कोई लेख आता तो स्वयं उसका अनुवाद करते। कई बार अगर कोई लेख थोड़ा जटिल होता तो वे उसको रीराइट करते। हम लोग हर अंक के लिए योजना बनाते। किस मुद्दे पर अंक केंद्रित करना है, इस पर सोचते। अंक निकलने के बाद सुनील भाई उस पर जगह-जगह गोष्ठियां करते। नए-नए सदस्यों को वार्ता से जोड़ते। इस तरह यह सिलसिला चलता रहता।

सुनील भाई, समाजवादी विचारों से ओत-प्रोत थे। वे द्रष्टा थे, एक नेता थे। लेकिन अपने विचारों पर दृढ़ होते हुए भी दूसरों की राय को तरजीह देते थे। संवाद, चर्चा और विचार-विमर्श को बहुत महत्वपूर्ण मानते थे। समस्याओं का हल सामूहिक निर्णय प्रक्रिया के द्वारा निकालने पर बल देते थे। संगठन के कामों के लिए हमेशा चंदा एकत्र करने पर जोर देते थे और कार्यक्रम होने के तत्काल बाद उसका सार्वजनिक रूप से हिसाब पेश कर देते थे। यानी साध्य और साधन की शुचिता पर जोर देते थे।

किसान आदिवासी संगठन से शुरू होकर यह जिले के पिपरिया-बनखेड़ी क्षेत्र में किसान मजदूर संगठन के माध्यम से आगे बढ़ा। बैतूल, हरदा, खंडवा में श्रमिक आदिवासी संगठन के रूप में फैला। पिपरिया में समाजवादी विचार से प्रेरित युवाओं का समूह काफी सक्रिय हुआ करता था, जिनके अनूठे रचनात्मक कामों को लोग अब भी याद करते हैं। जन सहयोग से समता अध्ययन केन्द्र चलाना भी उनमें से एक है। ये संगठनों की अपनी स्वतंत्र पहचान है, पर आपस में भाईचारा है। समाजवादी जनपरिषद से इनका जुड़ाव है। समाजवादी चिंतक किशन पटनायक व समाजवादी विचार प्रेरणास्रोत रहे हैं।

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है कि सुनील भाई साधारण जीवन जीते हुए भी असाधारण थे। एक बात और उनसे सीखी जा सकती है कि कभी भी अकेले पड़ने से डरना नहीं चाहिए, चाहे जैसी भी कठिन परिस्थितियां आएं। उनके भविष्य के आर-पार देखने की दृष्टि थी, जिससे वे सदैव ही नई परिस्थितियों में नई राह पकड़ते थे। वह पूरी तरह जनता के थे, उनके बीच रहते थे, उनके लिए लड़ते थे।

जब समाज में जीवन मूल्य इतने गिर गए हों, कोई बिना लोभ-लालच के काम न करता हो, तब सुनील भाई के जीवन को देखकर प्रेरणा ली जा सकती है। उनके जीवन को देखकर किसी भी देशप्रेमी का दिल उछल सकता है। अल्बर्ट आइंस्टीन ने गांधी के लिए कहा था कि आनेवाली पीढ़ियां शायद मुश्किल से ही यह विश्वास करेंगी कि गांधी जैसा हाड़-मांस का पुतला कभी इस धरती पर हुआ होगा। सुनील भाई के लिए भी यह वाक्य सटीक बैठता है। अब सुनील भाई नहीं हैं, उनका निधन 21 अप्रैल,2014 को हो गया, पर उनके विचार सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।

## बीता सप्ताह

**19 अप्रैल**
- गीता और नाट्यशास्त्र यूनेस्कों 'मेमोरी ऑफ वर्ना' में शामिल किया गया।
- रूस ने अफगानिस्तान तालिबान को आतंकवादी संगठनों की सूची से हटा दिया।
- यमन के ईंधन बंदरगाह पर अमेरिकी हमले में 38 लोगों की मौत हो गई।
- जाम्बिया में एमपॉक्स से दूसरी मौत की पुष्टि हुई, अब मामले बढ़कर 49 हुए।

**20 अप्रैल**
- दिल्ली में 4 मंजिला इमारत गिरने से 11 लोगों की मौत हो गई।
- छग हाईकोर्ट ने एक तलाक मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि पत्नी की दूसरी शादी होने तक देना होगा गुजारा भत्ता।
- नवीन कुमार पटनायक 9वीं बार बीजेडी के अध्यक्ष चुने गए।

**21 अप्रैल**
- जम्मू कश्मीर में बादल फटने से 3 लोगों की मौत हो गई
- वरिष्ठ भाकपा नेता और भाकपा ओडीशा के पूर्व सचिव दिवाकर नायक का निधन हो गया।
- कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने कहा कि देश की अदालतों में करीब 7 लाख मामलों में केन्द्र पक्षकार है। इसलिए केन्द्र से जुड़े मुकदमें का कम करने दिए निर्देश।
- मणिपुर में प्रतिबंधित संगठनों के नौ सदस्य गिरफ्तार किए गए।

**22 अप्रैल**
- ईसाई धर्मगुरू पोप फ्रांसिस का निधन हो गया।
- अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस अपनी पत्नी व तीन बच्चों के साथ भारत पहुंचे।
- इसरो ने अंतरिक्ष में स्पैडेक्स मिशन के तहत उपग्रहों की दूसरी डाकिंग पर कामयाबी प्राप्त की।
- रूसी अंतरिक्ष यान सोयुज एमएस-26 चालक दल के साथ पृथ्वी पर लोटा।

**23 अप्रैल**
- जम्मू कश्मीर में पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकियों ने गोली बरसाकर 28 लोगों को मौत के घाट उतारा।
- दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री अतिथि की सुरक्षा घटाई गई। जेड श्रेणी सुरक्षा हटाकर वाय श्रेणी की सुरक्षा दी गई।
- विज्डन क्रिकेटर्स अतयनाक ने भारतीय क्रिकेटर स्मृति और जसप्रीत बुमराह को वर्ष 2024 के लिए विश्व का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना।
- दक्षिण कोरिया ने फ्लोरिड अमेरिकी अंतरिक्ष अड्डे से पांच सैन्य रोही उपग्रहों में से चौथे को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया।

**24 अप्रैल**
- पहलगाम आतंकी घटना के मद्देनजर केन्द्र सरकार ने पाकिस्तान के कड़ा संदेश देते हुए सिंधु जल संधि और वीजा रद्द करने का आदेश दिया।
- अमेरिकी ने पहली बार दक्षिण कोरिया में परमाणु हथियार प्रभाव प्रशिक्षण किया आयोजित।
- अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की।

## टैरिफ युद्ध के बीच वियतनाम ने दिखाया व्यापार कूटनीति का रास्ता

■ सात्यकी चक्रवर्ती

वियतनाम ने दिखाया है कि दुनिया की दो सबसे बड़ी आर्थिक और सैन्य शक्तियों अमेरिका और चीन के बीच चल रहे टैरिफ युद्ध के बीच वर्ष 2025 में एक अच्छी तरह से संतुलित व्यापार कूटनीति कैसे संचालित की जा सकती है। दोनों देशों के इस दक्षिण पूर्व एशियाई देश के साथ सबसे अच्छे व्यापारिक संबंध हैं, जो उभरती अर्थव्यवस्थाओं में एक तरह से अग्रणी है।

वियतनाम के उद्योग और व्यापार मंत्री गुएनहोंगडिएन ने बुधवार रात अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमिसेनग्रीयर के साथ टेलीफोन पर बातचीत की और दोनों पक्षों ने बातचीत के लिए सिद्धांतों और रोडमैप के मुद्दों पर चर्चा की। वियतनाम इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा घोषित 90 दिनों के विराम के भीतर अमेरिका के साथ अपने व्यापार सौदे को समाप्त करने का प्रयास कर रहा है। ट्रम्प की पारस्परिक टैरिफ दरों की घोषणा के तुरंत बाद मेक्सिको और ब्राजील ने अमेरिकी निर्णय के खिलाफ शिकायत की, जबकि वियतनाम ने इसे शांत रखा और आंतरिक रूप से सर्वोत्तम संभव विकल्प के बारे में मूल्यांकन किया।

**वियतनाम का अमेरिका के साथ चीन और मैक्सिको के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार अधिशेष था। एशियाई राष्ट्र ने बार-बार अमेरिकी आयात पर सभी टैरिफ हटाने की पेशकश करते हुए तरलीकृत प्राकृतिक गैस और विमान जैसे अधिक अमेरिकी सामान खरीदने की कसम खाई है। वास्तव में वियतनाम ने मौजूदा टैरिफ युद्ध से पहले ही अमेरिकी आयात पर टैरिफ कम करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस महीने वियतनाम पर 46 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाने की धमकी दी, वाशिंगटन ने वियतनाम पर संयुक्त राज्य अमेरिका को चीनी निर्यात की सुविधा देने और बीजिंग को टैरिफ से बचने की अनुमति देने का आरोप लगाया। यह वियतनाम के खिलाफ एक नाजुक आरोप था क्योंकि कम्युनिस्ट राष्ट्र जिसने लंबे समय तक अमेरिका के खिलाफ, और विडंबना यह है कि अपने बड़े भाई कम्युनिस्ट राष्ट्र चीन के खिलाफ भी, लड़ाई लड़ी, उसके लिए दोनों महाशक्तियों को खुश रखना एक चुनौती थी। वियतनाम अमेरिका के साथ वर्तमान वार्ता में उस चुनौतीपूर्ण कार्य को करने की कोशिश कर रहा है। 2025 के पहले तीन महीनों में संयुक्त राज्य अमेरिका वियतनाम का सबसे बड़ा निर्यात बाजार था। वास्तव में, अमेरिकी विदेशी कंपनियां तेजी से निवेश के लिए सबसे अच्छे गंतव्यों में से एक के रूप में वियतनाम को चुन रही हैं। चीन के साथ वर्तमान व्यापार युद्ध के संदर्भ में, चीन स्थित कुछ अमेरिकी कंपनियां वियतनाम में परिचालन स्थानांतरित कर रही हैं, जो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर एक नयी नीति के साथ तैयार है। वियतनाम अमेरिका को नाराज़ नहीं करना चाहता, जो वियतनामी अर्थव्यवस्था के आगे विकास के लिए बड़ी संभावनाएं प्रदान करता है, लेकिन साथ ही, वियतनाम चीन के साथ भी मित्रवत संबंध रख रहा है।


वियतनाम के व्यापार मंत्रालय ने अपने अधिकारियों को अमेरिकी प्रतिबंधों से बचने के लिए माल के उत्पादन पर नियंत्रण कड़ा करने का आदेश दिया है। पूर्ण प्रतिक्रिया अभी तय नहीं हुई है, लेकिन पिछले सप्ताह चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हुई चर्चाओं के आलोक में ऐसा ही किया जायेगा, जिन्होंने एशिया के सभी व्यापारिक देशों से ट्रम्प द्वारा एकतरफा लगाये गये उच्च टैरिफ का विरोध करने का आह्वान किया था। शी जिनपिंग ने बीजिंग के खर्च पर अमेरिका के साथ व्यापार सौदे करने वाले अन्य देशों के प्रति अपने विरोध को भी जाहिर किया। यह वियतनाम के लिए भी था क्योंकि वियतनाम के निर्माता अमेरिकी बाजार में निर्यात किये जाने वाले उत्पादों में बड़े पैमाने पर चीनी उपकरणों का उपयोग करते हैं।

वियतनाम 2024 में चीनी वस्तुओं का दक्षिण पूर्व एशिया का सबसे बड़ा खरीदार था, जिसका बिल 161.9 बिलियन डॉलर था। इसलिए यह मुद्दा वियतनाम के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका को निर्यात किये जाने वाले निर्यात का एक बड़ा हिस्सा चीनी हिस्सा होता है, जिस पर ट्रम्प की वर्तमान स्थिति के अनुसार प्रतिबंध लगा दिया गया है।

पिछले साल वियतनाम का अमेरिका के साथ चीन और मैक्सिको के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार अधिशेष था। एशियाई राष्ट्र ने बार-बार अमेरिकी आयात पर सभी टैरिफ हटाने की पेशकश करते हुए तरलीकृत प्राकृतिक गैस और विमान जैसे अधिक अमेरिकी सामान खरीदने की कसम खाई है। वास्तव में वियतनाम ने मौजूदा टैरिफ युद्ध से पहले ही अमेरिकी आयात पर टैरिफ कम करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी।

वियतनाम एयरलाइंस और वियतकॉम बैंक ने गुरुवार को 50 विमानों की खरीद के वित्तपोषण के लिए एक अंतिम सौदे पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की, जो राष्ट्रीय वाहक के लिए 50 बोइंग 737 मैक्स विमान खरीदने की अपनी 2023 की प्रतिबद्धता को पूरा करने का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। यह व्यापार अंतर को कम करने की अमेरिकी मांग को पूरा करने के वियतनाम के प्रयास का एक हिस्सा है। चल रही व्यापार वार्ता के एक हिस्से के रूप में लॉकहीडएफ-16 लड़ाकू विमानों को खरीदने का प्रस्ताव है। वियतनाम वर्तमान टैरिफ युद्ध का लाभ उठाते हुए और प्रतिस्पर्धी महाशक्तियों अमेरिका और चीन दोनों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखते हुए दक्षिण पूर्व एशिया में सबसे संपन्न अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगातार आगे बढ़ रहा है।

## पोप जिन्होंने अमेरिका को आईना दिखाया



जगदीश रत्तनानी

**2015 में आए एन्सिक्लिकल में विविधता, समानता और समावेशन था जिसे वार्षिक रिपोर्ट में पेश किया और दिखाया गया लेकिन उसे वास्तव में उसकी सही भावना में कभी नहीं समझा या लागू नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप ठीक वही हुआ जिसकी एन्सिक्लिकल ने चेतावनी दी थी-' ...इसके बाद परस्पर विरोधी हितों, हिंसा और क्रूरता के नए रूपों व पर्यावरण की देखभाल की वास्तविक संस्कृति के विकास में बाधाओं पर संघर्ष होता है।**

रोमन कैथोलिक चर्च के प्रमुख पोप फ्रांसिस का 88 वर्ष की आयु में ईस्टर सोमवार को निधन हो गया। वे गरीबों के पोप थे जिन्होंने कमजोर और हाशिए पर पड़े लोगों के लिए आवाज़ उठाई, जिन्होंने शांति को बढ़ावा देने के साधन के रूप में अंतर-विश्वास संवाद का समर्थन किया और होली सी के सिद्धांत को स्थायी रूप में उकेरा। पोप फ्रांसिस के समय में कई चीजें पहली बार हुई थीं जिनमें से तीखी और चुभने वाली आलोचना हो सकती है जो उन्होंने अमेरिकी प्रशासन के लिए छोड़ दी थी जिसका पूरा ध्यान अब वैश्विक संबंधों को उखाड़ फेंकने, अप्रवासियों को बदनाम करने और भागीदारों को धमकाने पर केंद्रित है।

पोप फ्रांसिस अपने शुरूआती दिनों में एक चौकीदार और नाइट क्लब बाउंसर के रूप में काम करते थे। वे पोप के माध्यम से प्रतिध्वनित हुए, विशेष रुप से अपने अंतिम दिनों में जब डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी राष्ट्रपति बने और उनके प्रशासन ने अप्रवासियों को निशाना बनाया एवं इसे आव्रजन पुलिस को दी गई व्यापक शक्तियों के साथ शिकार करने और निर्वासित करने का एक मिशन बनाने के बाद उन्होंने स्वयं को स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त किया। ईस्टर रविवार, 20 अप्रैल को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात के तुरंत बाद पोप का संदेश स्पष्ट था। सेंट बेसिलिका की बालकनी से पढ़े गए बयान में कहा गया कि 'कमजोर, हाशिए पर रहने वाले और अप्रवासियों की अवमानना कब तक की जाती रहेगी!' यह पोप का आखिरी सार्वजनिक 'दर्शन' था लेकिन यह संदेश अमेरिका को ताना मारता और उस पर दबाव डालता रहेगा।

यह एक संदेश है कि वेंस को व्यक्तिगत रूप से एक कैथोलिक के रूप में ( वेंस को छह साल पहले बपतिस्मा दिया गया था) और एक सार्वजनिक नेता के रूप में भी सामने आना होगा, खासकर जब उन्होंने एक जटिल तरीके से अप्रवासियों पर कार्रवाई को सही ठहराने के लिए धार्मिक विचारों और अभिव्यक्तियों को चुनने की कोशिश की है, जैसे आर्डर ऑफ लव ( लेटिन शब्द 'ऑर्डो एमोरिस') यानी प्रेम का क्रम मतलब मनुष्य सबसे पहले ईश्वर,उसके बाद खुद से और उसके बाद अपने पड़ोसियों से प्रेम करे। 30 जनवरी को वेंस ने 'एक्स' पर कहा-'जस्ट गूगल 'ऑर्डो एमोरिस' ( गूगल पर 'ऑर्डो एमोरिस' सर्च कीजिये)। वेंस इस विचार को समझते हैं कि दान के लिए एक आदेश है जो दूसरों से पहले परिवार और घर को लाता है। इसके आगे यह तर्क दिया जा रहा था कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अप्रवासियों को बाहर फेंक दिया जाना चाहिए।

पोप फ्रांसिस पर दायित्व था कि वे इस मामले में तुरंत एक स्पष्टीकरण भेजें। 10 दिन बाद सभी अमेरिकी धर्माध्यक्षों को एक पत्र में उन्होंने लिखा- 'ईसाई प्रेम हितों का एक केंद्रित विस्तार नहीं है जो अन्य व्यक्तियों और समूहों के लिए थोड़ा-थोड़ा करके विस्तारित होता है ... मानव, व्यक्ति गरिमा के साथ एक विषय है जो सभी के साथ विधायक संबंध के माध्यम से, विशेष रूप से सबसे गरीब के साथ, धीरे-धीरे अपनी पहचान और ईश्वरीय आह्वान में परिपक्व हो सकता है। सच्चा ऑर्डो एमोरिस वह है जिसे हम लगातार ध्यान करके खोजते हैं, जिसे बढ़ावा दिया जाना चाहिए.., उस प्रेम पर जो बिना किसी अपवाद के सभी के लिए भाईचारे का निर्माण करता है।

अस्वस्थ और बीमारियों से जूझ रहे 266वें पोप का मजबूत रुख और स्पष्ट संदेश उनकी भावनाओं की गहराई और उस दर्द का संकेत देते हैं जो अमेरिका ने उन जैसे नेता को दिया जिसने गरीबों और हाशिए पर पड़े लोगों की सेवा करने को अपना मिशन बना लिया था। अमेरिकी धर्माध्यक्षों को लिखे 10 फरवरी के पत्र में कहा गया है:'जिन्होंने अत्यधिक गरीबी, असुरक्षा, शोषण, उत्पीड़न या पर्यावरण की गंभीर गिरावट के कारण अपना देश छोड़ दिया, पुरुषों व महिलाओं और पूरे परिवारों की गरिमा को नुकसान पहुंचाता है व उन्हें विशेष भेद्यता और रक्षाहीनता की स्थिति में रखता है, अधिकांश मामलों में उन लोगों को निर्वासित करने का कार्य कोई मामूली मुद्दा नहीं है। कानून का एक प्रामाणिक शासन तभी सटीक रूप से सत्यापित होता है जब सभी लोग, विशेष रूप से सबसे गरीब और सबसे हाशिए पर रखे गए लोगों से गरिमापूर्ण व्यवहार किया जाए जिसके वे हकदार हैं'।

जब अमेरिका के लोगों सहित कई अन्य, विशेष रूप से व्यवसायों ने इस मामले में चुप्पी साध ली थी तो पोप एक आवाज के रूप में भी सामने आए। उनके शब्द अनुचित, अन्यायपूर्ण और 'ऑर्डो एमोरिस' की सच्ची भावना के खिलाफ उठाए गए असहमति के स्वरों को प्रोत्साहित करते हैं और उनके समर्थन में खड़े होते हैं। आप्रवासियों के समर्थन में लड़ी गई तात्कालिक लड़ाइयों से परे पोप फ्रांसिस को विशेष रूप से उनके 184-पृष्ठ के एन्सिक्लिकल लौदातो सी (प्रेज बी टू यू) के लिए याद किया जाएगा, जो 'हम सबके घर की देखभाल' यानी पृथ्वी के लिए समर्पित है। यह संधारणीयता पर एक ग्रंथ है जो प्रेरणादायक, क्रांतिकारी, समग्र और सिस्टम सोच में आधारित है- देखभाल और प्रेम से भरा दृष्टिकोण बनाम जो व्यवसाय संचालन में निरंतरता का दावा करने के भौतिक मेट्रिक्स से परे है।

यह विजेता के रूप में सामाजिक न्याय, वैश्विक असंतुलन और मानव अहंकार के विचारों की चर्चा की सीमाओं का विस्तार करता है जो अंततः धरती माता को नष्ट कर देता है। एन्सिक्लिकल जलवायु को एक जटिल प्रणाली कहता है जो सर्वसामान्य के लिए अच्छी है, 'जो बहुत मजबूत वैज्ञानिक सहमति को इंगित करता है कि हम वर्तमान में जलवायु प्रणाली के परेशान वार्मिंग को देख रहे हैं' और 'इसका मुकाबला करने के लिए जीवन शैली, उत्पादन और खपत में परिवर्तन के लिए' कहते हैं। यह बात अधिकांश पश्चिमी आवाजों से परे जा रही है।

यह आगे सामाजिक बहिष्कार, असमान वितरण, सामाजिक आक्रामकता के नए रूपों और पहचान के नुकसान की बात करता है। यह तर्क देता है कि 'पिछली दो शताब्दियों के विकास के दौर में हमेशा अभिन्न विकास तथा जीवन की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ है'।

2015 में आए एन्सिक्लिकल में विविधता, समानता और समावेशन था जिसे वार्षिक रिपोर्ट में पेश किया और दिखाया गया लेकिन उसे वास्तव में उसकी सही भावना में कभी नहीं समझा या लागू नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप ठीक वही हुआ जिसकी एन्सिक्लिकल ने चेतावनी दी थी-'... इसके बाद परस्पर विरोधी हितों, हिंसा और क्रूरता के नए रूपों व पर्यावरण की देखभाल की वास्तविक संस्कृति के विकास में बाधाओं पर संघर्ष होता है।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस )**

## बारिश की चेतावनी, 13 जिलों में शनिवार को गरम हवा चलने के आसार

### जबलपुर संभाग के जिलों में मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में 26 अप्रैल से बारिश का दौर शुरू होगा, जो 3 दिन तक चल सकता है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और ट्रफ की वजह से मौसम बदलेगा. हालांकि, प्रदेश के बड़े हिस्से में तेज गर्मी रहेगी और लू भी चलेगी इससे पहले गुरुवार को छतरपुर जिले के खजुराहो और नौगांव सबसे ज्यादा गर्म रहे, खजुराहो में 44.4 डिग्री और नौगांव में पारा 43.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

वहीं जबलपुर में भी पारा चालीस डिग्री के उपर चल रहा है। हवा भी पश्चिम दिशा से आ रही है, जो चार से पांच किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चल रही है।

मौसम विभाग ने शुक्रवार को प्रदेश के 13 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है. इनमें रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी शामिल हैं. इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन-जबलपुर समेत अन्य शहरों में तेज गर्मी रहेगी।

बारिश और तेज गर्मी का दौर रहेगा-सीनियर मौसम विभाग के जानकारों ने बताया, अगले चार दिन तक प्रदेश में कहीं तेज लू का असर रहेगा तो कहीं हल्की बारिश और गरज-चमक की स्थिति बन सकती है। इसके बाद पूरे प्रदेश में गर्मी का असर रहेगा प्रदेश में गुरुवार को तेज गर्मी रही, भोपाल समेत कई शहरों में दिन इतने गर्म रहे कि सड़कों का डामर तक पिघल गया.

छतरपुर जिले के खजुराहो और नौगांव सबसे ज्यादा गर्मी वाले टॉप-2 शहर रहे। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज किया गया।

### इन शहरो में बढ़ा पारा

प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी को छोड़ दें तो सभी शहरों में पारा 40 डिग्री से अधिक ही रहा। पचमढ़ी में तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पांच बड़े शहरों में ग्वालियर सबसे गर्म रहा। यहां 41.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. उज्जैन में 41.6 डिग्री, भोपाल में 41.2 डिग्री, इंदौर और जबलपुर में 40.8 डिग्री रहा। नगर के साथ आस-पास के रिहायशी इलाकों में लोग परेशाान हैं।

## पहलगाम घटना को लेकर लोगों में आक्रोश, पुतला दहन



**जबलपुर, देशबन्धु।** विगत दिवस पाकिस्तान समर्पित आतंकवादीयों ने जिस कुरुरता से जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों की निर्मम हत्या कर दी वो काफी अमानवीय काम है इसकी किसी भी समाज में कोई जगह नहीं है हम इस का पुरजोर विरोध करते है और अपनी सरकार से आग्रह करते है इसका बदला हमला कर के ले और पाकिस्तान को नेस्तनाबूत कर डाले ताकि कोई भी नापाक ताकत हमारे देश की तरफ देखने तक हिम्मत ना कर सके मंडी मदार टेकरी मैं संपूर्ण मुस्लिम समाज की जानिब से इसी का विरोध प्रदर्शन आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला जला कर जोरदार तरीके से किया गया, इस मौके पर मतीन अंसारी, अयाज राइन, महर उस्मानी जी, हाजी बाहर अंसारी जी,इतियाज अंसारी, ताहिर अली,उवेश अंसारी ,शाकिर जिलानी चंकी आसिफ इबाल, जानी भाई, शहीद सिप्ला, यावर चौधरी, शैख फारुख, मुख्तार अली, नदीम राइन, शाकिर कुरैशी, इमदादुदुल कुरेशु, आजम कुरैशी, मोहम्मद अल्तामश मोहम्मद अली, अमीर पहलवान,हाजी जफर खान जी,जहुर खान,मकबूल सूर्या, और सभी लोग कसीर तादाद में उपस्थित रहे।

## विश्व मलेरिया दिवस पर जिला अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर, देशबन्धु।** विश्व मलेरिया दिवस पर जिला चिकित्सालय में मलेरिया एंड्स विथ अस रिइनवेस्ट, रिइमेजिन, रिइग्नाईट की थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा मलेरिया की रोकथाम एवं बचाव के उपायों के प्रति आम लोगों को जागरूक करने जिला चिकित्सालय से प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा, जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ नवीन कोठारी और जिला मलेरिया अधिकारी अजय कुरील मौजूद थे। ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है।

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की बैठक सम्पन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महाकौशल प्रांतअध्यक्ष परविनदरजीत सिंह बिंद्रा कि अध्यक्षता में बाराबंकी में आयोजित राष्ट्रीय साधारण सभा पर उद्बोधन के लिए आनलाइन बैठक सम्पन्न जिसमें राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख अशोक त्रिवेदी मुख्य वक्ता रहे व बाराबंकी में चयनित राष्ट्रीय पदाधिकारियों की जानकारी दी इस कार्यक्रम का संचालन प्रांतसचिव डा संदीप श्रीवास्तव के किया

अशोक त्रिवेदी, राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख मुख्य वक्ता रहे अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत कि कोषाध्यक्ष श्रीमती मंजू वैश्य ने बैठक की शुरुआत ग्राहक गीत से की, उसके बाद श्री गंगा प्रसाद त्रिवेदी ने संगठन मंत्र का वाचन किया, ग्राहक पंचायत के मूल स्वभाव एवं कार्यकर्ताओं के करणीय कार्यों की प्राथमिकताओं को विस्तार से समझाया एवं सभी शासकीय कार्यालयों से समस्या दूर करने पत्र व्यवहार करें इससे शासकीय अधिकारी जवाब देंगे व समस्याग्रस्त मामलों पर समाधान प्राप्त होगा,आपने प्रत्येक जिले में 100 सक्रिय सदस्यों के निर्माण का लक्ष्य दिया, आगामी सत्र में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ग्राहक हितों को समाचार पत्रों, सोशल मीडिया, समाज जागरण एवं शासकीय माध्यमों से जन आंदोलन बनाने का प्रयास करेगा, सभी की सक्रिय आवश्यकता होगी ! प्रान्त संगठन मंत्री धर्मेंद्र सिंह बैठक में उपस्थित थे, बैठक में लगभग 28 सदस्यों ने भाग लिया।

## ओशो होम आश्रम पहुंचे मेकर संदीप नाथ, बोले- जबलपुर में भी करेंगे शूटिंग



**जबलपुर, देशबन्धु।** अपने गीतों से लोगों के दिलों में एक खास जगह बनाने वाले बॉलीवुड के जाने-माने गीतकार औरंफिल्ममेकर संदीप नाथ जबलपुर पहुंचे हैं। स्वरकोकिला लता मंगेशकर, पार्श्व गायिका आशा भोसले से लेकर श्रेया घोषाल ने इनके गीतों को अपनी मधुर आवाज दी है। श्री नाथ ने शुक्रवार को ओशो होमआश्रम में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि वे संस्कारधानी पहले भी आ चुके हैं। वे नर्मदा किनारे ओशो की नगरी पहुंचकर बेहद आनंदित हैं, ओशो होम आश्रम पहुंचकर उनके मन में नई ऊर्जा का संचार हुआ है, वे यहां बहुत अपनापन महसूस कर रहे हैं। लेखन के बाद अब संदीप फिल्म निर्माण के क्षेत्र में भी कदम रख चुके हैं। उन्होंने हाल ही में फिल्म जनता के बॉस निर्देशित की है, जिसमें संजय मिश्रा, राजेश शर्मा, इनामउलहक व ज्योति सेठी जैसे वरिष्ठ कलाकार हैं, फिल्म की शूटिंग भोपाल में हुई है। बॉलीवुड फिल्मकार संदीप बताते हैं कि वे दो फिल्में लिख रहे हैं, जिनमें से एक की शूटिंग पन्ना और एक फिल्म की शूटिंग जबलपुर में होगी। उन्होंने इसके लिए लोकेशन्स भी देखी हैं। वे नर्मदा किनारे एक गीत भी शूट करेंगे।

ओशो होम आश्रम के संचालक स्वामी श्रीला प्रेम पारस ने बताया कि बॉलीवुड को कई हिट गीत देने वाले संदीप से उनकी दोस्ती बहुत पुरानी है। मुंबई में उन्होंने साथ काम किया है। वे जबलपुर में फिल्म शूटिंग में उन्हें पूर्ण सहयोग देंगे।



## हर कार्य व्यवस्थित करना मेरी प्राथमिकता :डॉ अभिलाष पाण्डेय

**जबलपुर, देशबन्धु।** उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पांडे ने शुक्रवार को विवेकानंद वार्ड अंतर्गत पीपलेश्वर गार्डन में 15.73 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया एवं क्षेत्र में व्यवस्थित विकास और उसमें लोगों का सीधा जुड़ाव हो इसके लिए भी कार्य करने की बात कही,साथ ही क्षेत्रीय पार्षद सोनिया रंजीत सिंह भी उपस्थित थी. इस दौरान विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने कहा कि उत्तर मध्य विधानसभा का सर्वांगीण विकास करना ही मेरी प्राथमिकता है और विगत 18 माह के कार्यकाल में हमने अपने विजन के अनुरूप 5 ( शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा सेवा और संस्कार)में कार्य करने का प्रयास किया है साथ ही साथ हमारी कोशिश कार्यों में व्यवस्थित और गुणवत्ता पूर्ण कार्य हो इसकी भी चिंता की जा रही है। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत ठाकुर, राहुल बैन और क्षेत्रीय जन उपस्थित थे, इस तरह के कार्यक्रमों से लोगों को राहत है, विकास कार्य होने से क्षेत्रीय जनो की लंबित मांगों को पूरा करने में मदद मिलती है।

## शहर बना अमानक डिवाइडर की प्रयोगशाला


**जबलपुर, देशबन्धु।** ये शहर ही विकास की प्रयोगशाला बन गया है, अगर कोई ऐसा कहता है तो, कोई अतिशयोक्ति ना होगी। अलग अलग विभाग अपने अपने समय पर जनता के पैंसो पर शहर में विकास के नए नए प्रयोग करते रहते हैं। कभी फुटओवर ब्रिज, का तो कभी हैक्सी सायकल का, और पेवर ब्लॉक की तो कहना ही क्या जब चाहो बदल दो।

बहरहाल बात कर रहे हैं, रोड डिवाइडर की शहर में रोड डिवाइडर बनाने के लिए कोई नियम कानून का पालन नही किया जा रहा जहां चाहो जैसा भी बना लो। शहर में तीस फुट रोड में भी डिवाइडर बना है, और 80 फुट रोड (सदर में) में भी डिवाइडर नही बना, और एक ही चौराहे में (यादगार सदर में) दो रोड में डिवाइडर और दो में नही।

वही नागरथ चौक से इनकम टैक्स चौराहे तक रोड में डिवाइडर छह इंच का वहीं विजय नगर में एस बी आई ब्रांच से दीन दयाल चौराहे तक तीन फुट ऊंचा डिवाइडर है। डिवाइडर नगर निगम बनाए या कैंट बोर्ड नियम तो इंडियन रोड कांग्रेस का सभी के लिए एक ही होगा। लेकिन ऐसा हो नहीं रहा।

घंटाघर से ओमती के रास्ते को बीच से दो हिस्सों मे डिवाइडर से बांट दिया गया है,





यातायात को सुगम बनाने के लिए, मगर नगर निगम के इस प्रयास से इस रोड में जाम और अधिक बढ़ गया है, सड़क संकरी होने के कारण।

चूंकि ये डिवाइडर नियमों के विरुद्ध बनाया गया था। इंडियन रोड कांग्रेस की नियमावली के मुताबिक रोड डिवाइडर 60 फीट चौड़ी रोड पर ही बनाया जा सकता है, तथा बकायदा इसकी अनुमति लेनी होती है। जबकि यहां पर ना रोड की चौड़ाई 60 फुट है और ना ही, इसकी अनुमति इंडियन रोड कांग्रेस से ली गई। यहां गौरतलब है कि इस अमानक डिवाइडर का मुद्दा मध्य प्रदेश विधानसभा में भी उठ चुका है, और इसे अमानक माना भी गया है, ।

शहर में मास्टर प्लान लागू है, और मास्टर प्लान के अनुसार भी 18, मीटर से कम चौड़ी सड़क पर डिवाइडर नही बनाया जा सकता है ।और ऐसे में नगर विकास और निर्माण में नगर एवम ग्राम नियोजन कार्यालय से अनुमति भी लेनी होती है। जबकि ऐसी कोई अनुमति नहीं ली गई , ऐसा नगर एवम ग्राम नियोजन कार्यालय का कहना है।

## एमपी पावर की कबड्डी टीम घोषित

**जबलपुर, देशबन्धु।** 46 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल कबड्डी प्रतियोगिता के लिए एमपी पावर की 12 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी गई है। इस प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 29 अप्रैल तक शिमला में किया गया है। टीम में जबलपुर के अमरचंद कुशवाहा, शभम भलावी, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर लाल बहादुर सिंह, सोनू कुशराम, अरविंद यादव, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया के आशीष कुनवदे, नीलेश यादव, रवीन्द्र मंडलोई, तोताराम जाधव, ग्वालियर के आशीष शुक्ला, बैढ़न के ब्रजेश कुशवाहा व गरोठ के रवि बडोदिया। टीम के कोच अजय तिवारी व मैनेजर आलोक श्रीवास्तव होंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एमपी पावर की टीम शुक्रवार को शिमला रवाना हो गई। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी है।

## सुबह परीक्षा और शाम को परिणाम घोषित

**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा बी.सी.ए. प्रथम वर्ष 2024-25 (एन.ई.पी.) का परीक्षा परिणाम आज घोषित किया गया। उल्लेखनीय है कि बी.सी.ए. प्रथम वर्ष 2024-25 (एन.ई.पी.) के अंतिम प्रश्न पत्र की परीक्षा आज 25.04.2025 को ही प्रातः पाली में समाप्त हुई है जिसमें कुल 451 परीक्षार्थी में से 357 उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम लगभग 79 प्रतिशत रहा।



उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी विश्वविद्यालय द्वारा 05 परीक्षा परिणाम परीक्षा के अंतिम दिन घोषित किए गए थे एवं 03 परीक्षा परिणाम परीक्षा समाप्ति के दूसरे दिन घोषित किए गए थे। माननीय कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा द्वारा परीक्षा प्रारंभ होने के दिन से ही परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य की सतत् निगरानी और मार्गदर्शन से यह संभव हो रहा है। विश्वविद्यालय अन्य परीक्षाओं को भी शीघ्र सम्पन्न कर अपने ध्येय वाक्य 'समय पर परीक्षा, समय पर परिणाम' को सार्थक करने का अथक प्रयास कर कर रहा है।

कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने पुनः प्रसन्नता व्यक्त करते हुए परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य में संलग्न पूरी टीम को बधाई दी। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. आर.के. बघेल, संकायाध्यक्ष गणितीय विज्ञान संकाय प्रो. जे.के. मैत्रा, डॉ. सिमी सैमुअल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि टंडन, प्रभारी उपकुलसचिव श्री अभयकांत मिश्रा, सहायक कुलसचिव श्री ज्योति खरा?ी, श्री राम प्रताप वर्मा, श्री प्रवीण जयसवाल आदि उपस्थित थे।

## दक्षिण अफ्रीका के वैज्ञानिकों ने दिये टिप्स

**जबलपुर, देशबन्धु।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विवि के स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ एंड फॉरेंसिक हेल्थ, वन विभाग मध्य प्रदेश एवं भारतीय वन्य जीवन संस्थान देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय चिडियाघर एवं वन्य जीव (एआईजेडडब्ल्यूवी)का 15 वां वार्षिक सम्मेलन और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन सुबह से शाम तक तकनीकी सत्रों का आयोजन सिविल लाइन स्थित वेटरनरी कॉलेज जबलपुर के सभागार व वाइल्ड लाइफ सेंटर के मीटिंग हाल में किया गया।



विवि के कुलगुरु माननीय प्रो. डॉ. मनदीप शर्मा, एआईजेडडब्ल्यूवी (ऑल इंडिया जू एडं वाइल्ड लाइफ वेटनेरियन्स इंडिया) माननीय डॉ. अपूर्व चक्रवर्ती, वेटरनरी कॉलेज के डीन डॉ. आरके शर्मा, कॉफ्रेंस संयोजक डॉ. शोभा जावरे व डॉक्टर पराग निगम डब्ल्यू आईआई देहरादून के निर्देशन आयोजित पहले तकनीकी सत्र की अध्यक्षता पद्मश्री डॉक्टर केके शर्मा, उपाध्यक्ष डॉक्टर अखिलेश मिश्रा रहे। इस दौरान डॉक्टर कोबस राठ मैनेजिंग डायरेक्टर वाइल्ड लाइफ फार्मा साउथ अफ्रीका ने वन्य जीव निश्चेतना पर एवं डॉक्टर जेस एस चौहान पूर्व पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने वन्यजीव प्रबंधन पर विषय व्याख्यान दिए।

` ऑडोटोरियम में आयोजित तकनीकी सत्र में डॉक्टर निरंजन साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। तकनीकी सत्रों के आयोजन में सोमेश सिंह, डॉ. निधि राजपूत, डॉ. अमोल रोकड, डॉ. डॉ. केपी सिंह , डाक्टर देवेन्द्र पोधाडे का विशेष सहयोग रहा।

## बिना टिकट वालों से 47.15 करोड़ की हुई वसूली

**जबलपुर, देशबन्धु। रेलवे ने अब बिना टिकट चलने वालों पर कार्रवाई शुरू कर दी है, इससे करोड़ों का राजस्व मिलने लगा है।** जबलपुर रेल मंडल द्वारा यात्री गाडियों में चलाये जा रहे सघन टिकिट जाँच अभियान में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है जिसके तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में (1अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025) तक मंडल के टिकिट जांच अभियान ने रिकार्ड 47.15 करोड रूपये का राजस्व एकत्रित किया है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के मार्गदर्शन एवं शशांक गुप्ता के नेतृत्व पर जबलपुर रेल मंडल में मंडल वाणिज्य प्रबंधक नितेश कुमार सोने एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक गुन्नार सिंह धर्मेंद्र कुमार सिंह की टीम के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में चलाए गए विभिन्न जांच अभियानों के अंतर्गत तथा नियमित टिकट जांच के दौरान टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा बिना टिकट/अनुचित टिकट एवं बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की सघन जांच की गई।

जाँच के दौरान वित्तीय वर्ष 2024-25 में बिना टिकट यात्रा के 3 लाख 26 हजार मामले पकडे गए, जिनसे रेलवे को रुपये 27.29 करोड़ का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।

इसी तरह निम्न दर्जे की टिकिट पर उच्च दर्जे में यात्रा करते हुए 3.48 लाख यात्री पक? गए, जिनसे रेलवे को रुपये 19.73 करोड़ का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। इसी प्रकार यात्रा में निर्धारित मानक से अधिक भार के लगेज को लेकर यात्रा करने के 7086 मामले पकडे गए, जिनसे रुपये 12.83 लाख का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।

इस प्रकार दिनांक 01अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक की गई टिकट जांच के दौरान बिना टिकट/अनियमित टिकट एवं बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करने के पकडे गए कुल 6 लाख 82 हजार मामले से रेलवे को रुपये 47.15 करोड़ राजस्व की प्राप्ति हुई।

## जलप्रदाय योजना के कार्यो को उच्चगुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएँ : निगमायुक्त



**जबलपुर, देशबन्धु।** अमृत 2.0 जलप्रदाय योजना के अंतर्गत गौरीघाट रो? के अलावा, ललपुर जलशोधन संयंत्र के समीप इंटेकवेल का निर्माण, उच्चस्तरीय पानी की टंकियों का निर्माण, पाइप लाइन का विस्तारीकरण, रॉ वाटर राइजिंग मेन लाइन के साथ-साथ किलियर वाटर राइजिंग मेन, डिस्ट्रीब्युशन पाइप लाइन, री-सर्कुलेशन संप, रिट्रो फिटिंग एवं स्काडा प्रोग्राम आदि कार्य नगर निगम द्वारा कराये जा रहे हैं, जिसकी समीक्षा आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा की गयी। समीक्षा बैठक के दौरान कार्यो की धीमी गति पर निगमायुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई और जो पूर्व से समय निर्धारित है, पूर्व निर्धारित समय सीमा में ही उच्च गुणवत्ता के साथ कार्यो को पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों के अलावा कंसल्टेंट एवं ठेकेदारों को दिये।




निगमायुक्त श्रीमती यादव ने सर्वाधिक प्रमुख कार्य गौरीघाट रो? स्थित जो पाइप लाइन का कार्य किया जा रहा है, उन कार्यो को वर्षाऋतु के पूर्व हर हॉल में पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इसके अलावा भी जहॉं-जहॉं जलप्रदाय योजना के अंतर्गत निर्माण एवं सुधार के कार्य कराये जा रहे हैं उन सभी कार्यो को भी निगरानी रखने और समय सीमा में ही पूर्ण कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अमृत 2.0 जलप्रदाय योजना शहर के नागरिकों के लिए वास्तविक रूप से अमृत योजना है, इसका महत्व नागरिकों के लिए विशेष है और शासन की भी मंशा है कि अमृत 2.0 के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति संबंधी जितने भी कार्य प्रचलित हैं उन सभी प्रचलित कार्यो को शीघ्रता के साथ पूर्ण कराकर नागरिकों को दोनो समय स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना ही शासन और नगर निगम की प्राथमिकता है। इसलिए आप सभी गंभीरता के साथ इस योजना को लें और कार्यो को समय सीमा में ही पूर्ण कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। बैठक में कार्यपालन यंत्री जल कमलेश श्रीवास्तव, जलशोधन संयंत्र प्रभारी एवं तकनीकी अधिकारी राजेश खम्परिया, के अलावा कंसल्टेंट एवं ठेकेदार के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# जैन समाज ने अहिंसा का मार्ग दिखाया



**जबलपुर, देशबन्धु।** आचार्य समय सागर महाराज एवं संपूर्ण संघ ने पहलगाम हमले में मारे गए बेकसूर नागरिकों को मौन श्रद्धांजलि दी इस श्रद्धांजलि के दौरान आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ने कार्योत्सर्ग कर ईश्वर से प्रार्थना की सभी मुनि, एलक महाराज ने भी मौन रहकर श्रद्धांजलि दी एवं विश्व में शांति की कामना की, धर्म सभा के संचालन कर रहे अमित पडरिया ने कहा कि इस समय पूरे विश्व में जैन धर्म के मुख्य आधार अहिंसा की आवश्यकता है तभी विश्व शांति हो सकती है।

आचार्य श्री विद्यासागर सभा भवन में विराजमान आचार्य श्री समयसागर महाराज ने अपने मांगलिक प्रवचन में कहा कि जो दूसरों की निंदा करता है और अपनी प्रशंसा करता है उसको नीच गोत्र कर्म का बंध होता है। बिना प्रयोजन हम किसी की भी निंदा करते है उससे हमारा कोई प्रयोजन सिद्ध नहीं हो सकता, बल्कि हमारा ही अहित होता है और स्वयं के परिणाम बिगड़ते हैं। हमें तो अपने अवगुणों की निंदा और अन्य के गुणों की प्रशंसा करना चाहिए । आचार्यों ने कहा कि कृत, उदित और अनुमोदन के द्वारा पुण्यअर्जन कर सकते है। जब हम स्वयं कोई अच्छा कार्य न कर सकें तो हम उस से हम उस कार्य की अनुमोदना का पुण्य अर्जित करें। मोक्ष को प्राप्त करने के लिए मनुष्य पर्याय हमें मिली है उसका यह स्वर्णिम अवसर है। मनुष्य गति में जन्म लेने के लिए बहुत पुरूषार्थ करना होता है। अतीत में जो पुरूषार्थ आप लोगों ने किया वही वर्तमान में काम आ रहा।

धर्म सभा के प्रारंभ में चिंतामणि जैन, राजेश शास्त्री, प्रशांत जैन, गढ़ा ने आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। मंगलाचरण का पाठ संगीता मेक्स ने किया। आचार्य श्री को अशोक जैन, अनिल जैन राज ने शास्त्र भेंट किया। पाद प्रक्षालन का सौभाग्य अभिषेक जैन, अंकित जैन क्षुल्लक तात्पर्य सागर परिवार को मिला। आचार्य श्री का अष्ट द्रव्य से पूजन श्री दिगम्बर जैन छोटा मंदिर के सदस्यों द्वारा किया गया। पूजन का वाचन आर्यिका श्री मृदुमति ने किया। मुनि श्री नीरजसागर एवं मुनि श्री निर्मदसागर के नगरागमन पर सैकड़ों श्रावकों द्वारा बल्देवबाग में भव्य अगवानी की गई। मुनि द्वय के साथ क्षु, सविनयसागर एवं क्षु. समन्वयसागरजी सभा भवन पहुँचे जहाँ आचार्य श्री के दर्शन किये तथा तीन प्रदक्षिणा कर पाद प्रक्षालन किया।

# क्रिश्चियन मंच ने आतंकी हमले में मारे गये पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक क्रिश्चियन मंच और जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया की जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में आतंकवादियों द्वारा की गई आम नागरिकों की नृशंस हत्या के विरोध में जागरूक क्रिश्चियन मंच और जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने शांतिपूर्ण सभा का आयोजन कर, मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी और दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की । आयोजन के दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन और प्रदेश संयोजक जेम्स एंथोनी के द्वारा कहा गया कि मानवता के हत्यारों की सोच के अनुसार ऐसे जघन्य कृत्य हमें धर्म के नाम पर नहीं बांट सकते । हम सब प्रेम, मानवता और भाईचारे में एकजुट हैं, आंतकवाद के खिलाफ हम सब शासन प्रशासन के साथ हैं, आंतकवाद के खिलाफ सख्त कदम उठाये जाने चाहिए, जिससे देश में अमन, शांति बनी रहे द्य वहीं जागरूक क्रिश्चियन मंच और कर्मचारी संगठन के संयुक्त मोर्चा ने आतंकियों की कायराना हरकत की निंदा करते हुए सरकार से आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ने और सबक सिखाने तथा पीड़ितों को न्याय दिलाते हुये दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाये जाने की मांग की है। वहीं जागरूक क्रिश्चियन मंच और कर्मचारी संगठन ने बताया की आतंवाद की इस घटना से सारा भारत स्तब्ध है। भारत का हर नागरिक इसको लेकर आक्रोशित है, हमारी मांग है कि आतंकियों के खिलाफ सरकार सख्त कदम उठाए । इस शांति पूर्ण सभा को संबोधन के बाद उपस्थित सभी लोगों ने आतंकवादी हमले में मृतकों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखा। इस शांतिपूर्ण सभा में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, एडवोकेट जेम्स एंथोनी, फ्रांसिस एंथोनी, क्रिस्टोफर नरोन्हा, हेमन्त ठाकरे, क्लेमेंट पायस, सिरिल चार्ल्स, राकेश श्रीवास, अल्बर्ट एंथोनी, दिनेश गोंड, राजेश सहारिया, राकेश गुप्ता, हेंड्री एंथोनी, विनोद सिंह, फिलिप एंथोनी, राजकुमार यादव, एनोस विक्टर, सुरेन्द्र चौधरी, आर पी खनाल, सुधीर अवधिया, डाएगो एंड्रदल, ट्रिसा रोड्रिक्स, आदि ने शामिल होकर अपनी संवेदना व्यक्त की ।

# वल्लभाचार्य महाप्रभु जी का प्राकट्य उत्सव मनाया गया





**जबलपुर, देशबन्धु।** अखंड भूमंडलाचार्यवर्य जगद्गुरु श्रीमद् वल्लभाचार्यजी श्रीमहाप्रभुजी के 548 वे प्राकट्य उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। अंतरराष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद के अध्यक्ष शरद काबरा ने बताया कि इस अवसर पर

श्री गोपाललाल जी महाराज मंदिर हनुमान ताल में श्री सर्वोत्तम जी सामूहिक स्तोत्र पठन ,पुष्पार्चन एवम् श्री महाप्रभु जी की बधाई का गायन किया गया जोपें श्रीवल्लभ प्रगट न होते। भूतल भूषण विष्णुस्वामी पथ श्रंगार शास्त्र सब रोते।।

प्रेमस्वरूप प्रगट पुरुषोत्तम आदि भजन कीर्तन का गायन किया गया वल्लभाचार्य सेवक मंडल के अध्यक्ष सूरज खंडेलवाल शरद काबरा ,कमला मालपानी गिर्राज चाचा मुन्ना सतीश खंडेलवाल जयंती कोटेचा कमला राठी

किशोर सोनी विवेक अग्रवाल विनोद मालानी विनोद बखारिया मेहता दीपक अग्रवाल अंजना बेन नीलू नीला प्रमीला बेन अनीता जेठा गीता जेठा रुचि चांडक मधू भारती हर्षा मनीषा बेन आदि सैकड़ो वैष्णव जन उपस्थित रहे।

# भारतीय ज्ञान परम्परा के संवाहक थे वल्लभाचार्य




**जबलपुर, देशबन्धु।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाकोशल में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत वल्लभाचार्य जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि वल्लभाचार्य भारतीय संत एवं दार्शनिक थे। प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने कहा कि वल्लभाचार्य भारतीय ज्ञान परम्परा के पुरोधा और पुष्टिमार्ग के संस्थापक थे। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना ने कहा कि वल्लभाचार्य भक्तिकालीन सगुण भक्तिकालीन कृष्ण भक्तिशाखा के आधार स्तंभ थे। वे न सिर्फ संत थे, बल्कि समाज के लिए मार्गदर्शक भी थे। वल्लभाचार्य का दर्शन, उनकी भक्ति परंपरा और उनके द्वारा स्थापित पुष्टिमार्ग का वर्तमान समाज में भी पालन किया जाता है। इस मौके पर डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, डॉ. स्वाति मिश्रा, डॉ. तरुणेन्द्र साकेत, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया मौजूद थे।

# सीजन में वॉटरप्रूफ नहीं मैट कॉस्मेटिक से मिल रहा कम्प्लीट मेकअप लुक

## स्वेटिंग में भी परफेक्ट रहता है बेस, मिंटी काजल-मस्कारा की बढ़ी डिमांड

**जबलपुर, देशबनधु।** धूप और उमस का यह मौसम स्किन के लिए भी प्रॉब्लम से भरा होता है। वहीं स्वेटिंग से बचने केलिए वॉटरप्रूफ मेकअप की डिमांड भी बढ़ जाती है। ऐसे में हाइड्रेड स्किन और ग्लोइंग मेकअप के लिए मैट कॉस्मेटिक प्रोडक्ट पर फोकस किया जा रहा है। सिटी गर्ल्स और लेडीज में यह मेकअप ट्रेंड काफी पसंद किया जा रहा है, जिसके चलते उन्हें गर्मी में नो मेकअप लुक मिल रहा है। सिटी लेडीज का कहना है कि समर सीजन में मेकअप का लॉन्ग लास्टिंग टिके रहना मुश्किल होता है। इसलिए नो मेकअप लुक के लिए सिर्फ वॉटरप्रूफ मेकअप से काम नहीं चलता। मैट कॉस्मेटिक इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बन रहे हैं। कूल मिंटी मेकअप कवरेज समर सीजन में मिंटी बेस मेकअप किट की डिमांड सीजन में बढ़ चुकी है। काजल हो या फिर मस्कारा या फिर हो फाउंडेशन। समर सीजन को देखते हुए मिंट बेस्ड प्रोडक्ट मार्केट में छाए हुए हैं। ऐसे में मेकअप का बेस बनाने के लिए मिंटी बेस पसंद किया जा रहा है, ताकि मेकअप के बाद भी गर्मी ना लगे।




सनस्क्रीन का प्रोटक्शन सिटी गर्ल्स का कहना है कि समर सीजन यानी टैनिंग से जुड़ी प्रॉब्लम। ऐसे में 55 एसपीएफ वाले ब्यूटी कॉस्मेटिक का इस्तेमाल अधिक किया जा रहा है, ताकि मेकअप के बाद स्किन को प्रोटेक्शन भी मिल सके। एसपीएफ कॉम्पैक्ट के साथ लिपस्टिक और लिप बाम के डिफरेंट शेड्स के लिए भी चुने जा रहे हैं। एक्वा जेल से हाइड्रेशन मेकअप फ्रेंडली गर्ल्स का कहना है कि गर्मी में स्किन ड्राई भी हो जाती है। ऐसे में स्किन डिहाइड्रेशन के लिए जेल और मेकअप फिक्सर भी अच्छी क्वालिटी का यूज करना पड़ता है। मैट कॉस्मेटिक प्रोडक्ट का इस्तेमाल हाइड्रेड स्किन के लिए किया जाता है। इसके साथ ही एक्वा जेल के साथ मैट फाउंडेशन और मेकअप फिक्सर स्किन मेकअप के बेस और लुक को हाइड्रेडेशन लॉक देते हैं।

# संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती मनाई



**जबलपुर,देशबन्धु।** संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 725वीं जयंती के अवसर पर परमात्मन सेन समाज सेवा समिति एवं क्षत्रिय नंदवंशी सेन न्यायी समाज के तत्वाधान में शांतम प्रज्ञा आश्रम गोहलपुर में संत शिरोमणि सेन जी महाराज की प्रतिमा स्थापित कर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर श्री राम स्तुति, श्री हनुमान चालीसा, सुंदरकांड का पाठ एवं पूजन आरती कर प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर मुकेश कुमार सेन, एड.राकेश सेन, दिलीप श्रीवास, सुरेन्द्र गणेश चौहान, रूपेश पटेल, प्रताप प्रजापति, सुनील पटेल, अरूण सेन, अशोक सराठे, यश श्रीवास, चंचल गौतम, प्रवीण नामदेव, हर्ष श्रीवास, भविष्य श्रीवास अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## दैनिक राशिफल

शनिवार 26 अप्रैल 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1946 हिजरी 1445। वैशाख कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी, नक्षत्र- रेवती।

**मेष**
आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे।

**वृषभ**
आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है।

**मिथुन**
दिन की शुरुआत से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे। भाग्यवृद्धि के अवसर आएंगे। तेजी से बदलते हुए विचार आपको उलझपूर्ण स्थिति में रखेंगे।

**कर्क** क-
आज मन में थोड़ी हताशा रह सकती है। परिवार में सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा। इगो से किसी की भावनाओं को चोट पहुंचेगी।

**सिंह**
आत्मविश्वास तथा त्वरित निर्णय लेकर काम में आगे बढ़ सकेंगे। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कन्या**
शारीरिक और मानसिक चिंता में रहेंगे। इगो के कारण किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आकस्मिक धन खर्च होगा।

**तुला**
गृहस्थ जीवन में सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। आय वृद्धि का योग है। ऑफिस, व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण रहेगा।

**वृश्चिक**
आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। गृहस्थजीवन में आनंद और संतोष का अनुभव होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

**धनु**
आज कोई भी खतरनाक कदम आपको कठिनाई में डाल सकता है। किसी भी काम को करने में उमंग-उत्साह का अभाव रहेगा। शारीरिक तथा मानसिक रूप से चिंता में रहेंगे।

**मकर**
आज आपके लिए नकारात्मक विचारों से दूर रहने और खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। अचानक धन खर्च होगा।

**कुंभ**
प्रेम, रोमांस, यात्रा, पर्यटन और मनोरंजन आपके आज के दिन का एक हिस्सा बनकर रहेंगे।

**मीन**
दैनिक कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। घर में सुख- शांति का वातावरण रहेगा। स्वभाव में उग्रता रहेगी। वाणी और व्यवहार में संभलकर काम करें।

म.

1,5,7,8,10,52,74,85,58,07,70,11

# सदाबहार गीतों से गुंजायमान हुआ माहौल



**जबलपुर, देशबन्धु।** शिवरंजनी संगीत संस्था के तत्वावधान में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल संगीतमय बनाया। इसी कड़ी में ब्राह्मण स्वयंवर संस्कार महासभा के पदाधिकारियों ने संगीत संस्था प्रमुख डॉ. मीनाक्षी शर्मा को साहित्यिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रियता एवं लगनशीलता के लिए सम्मानित कर जिला सांस्कृतिक प्रभारी अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया। इस मौके पर भगवती भारद्वाज,पं. मुन्नालाल दुबे, पं. दिलीप दुबे, पं. महेश स्थापक, शशि मोहन शर्मा, पं. आनंद शुक्ला मौजूद थे।

# राज्य कर्मचारियों को भी केन्द्र के समान स्वास्थ सुविधा दी जाए

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेष जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेष अध्यक्ष -रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि केन्द्र कर्मचारियों के समान राज्य कर्मचारियों को भी स्वास्थ सुविधाएँ उपलब्ध करायी जानी चाहिए ताकि राज्य कर्मचारियों को कुछ राहत मिल सके और राज्य कर्मचारी भी समय पर अपना पूंर्ण इलाज करा सके परंतु राज्य कर्मचारियों को यह सुविधा नहीं मिल पाने के कारण कर्मचारियों का समय पर सही इलाज नहीं हो पाता जिससे कर्मचारियों आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है एवम समय पर ईलाज के अभाव में कई कर्मचारी काल के गाल में समा जाते है। जिससे राज्य कर्मचारियों में रोष व्याप्त है।

संघ ने आगे बताया कि राज्य के कर्मचारियों को पहले स्वयं के व्यय पर ईलाज कराना होता है फिर शासन स्तर पर स्वीकृति हेतु भेजा जाता है जिसमें बहुत अधिक समय लगता है इस प्रक्रिया को अभी तक ऑनलाईन भी नहीं किया गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, हेमन्त ठाकरे, राजेष सहारिया, शहीर मुमताज़, गुडविन चार्ल्स, राजकुमार यादव, एनोस विक्टर, देवेन्द्र भट, विनोद सिंह, रऊफ खान, फिलिप अन्थोनी, योगेष ठाकरे, दीपेश जैन, मनीष मिश्रा, मनमोहन चैधरी, राकेष गुप्ता, गोपीषाह, धनराज पिल्ले, क्रिस्टोफर नरोन्हा, सुधीर पावेल, रवि जैन, उमेष ठाकुर, सुनील झारिया, सतीष दुबे, अजय मिश्रा, सतीष त्रिपाठी, कमलेष साहू, नितिन तिवारी, विष्वनाथ सिंह, डेलन सिंह, विशाल सिंह, आकाश भील, अफरोज खान, आशाराम झारिया, संतोष चौरसिया, आदि उपस्थित थे।

# समस्त हिन्दू समाज द्वारा पुतला दहन

**जबलपुर, देशबन्धु।** समस्त हिन्दू समाज की ओर से पहलगांव मे हुए आतंकी हमले के विरोध मे बिलहरी के छोटे हनुमान मन्दिर के सामने पुतला दहन किया गया। निगम अध्यक्ष द्वारा इस कृत्य की कड़ी भर्त्सना की तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और समिति के सभी सदस्यों ने सरकार से शीघ्र इस घटना के गुनहगारों को करारा जवाब देने की मांग की। प्रदर्शन मे निगम अध्यक्ष रिंकु विज, सौरव गोयल, राजेश रजक, राजा ठाकुर धर्मेन्द्र सिंह, श्रीमती विभा उपाध्याय शामिल थे।




# प्रोगेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन का सम्मान समारोह आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रोगेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के संभागीय अध्यक्ष व्ही.पी. शुक्ला ने बताया 22 मार्च को संभागीय सम्मेलन में सक्रिय भूमिका निभाने एवं समाज को नई दिशा देने में अग्रणी रहने वाले सदस्यों को शाम शहीद स्मारक सभागार में सम्मानित किया जावेगा। संघ के जिला शाखा अध्यक्ष डॉ. अरूण पाण्डेय, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय पेंशनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष रूप किशोर प्यासी, महासचिव जी.डब्ल्यू रत्न पारखी, डॉ. एम.एल व्ही.राव, उपाध्यक्ष के.के. शुक्ला, डी.डी.शर्मा, आर.एल. पाण्डे, अशोक शिवहरे, एम.पी. निगम, ओमशंकर शुक्ला, रमेश साहू आदि ने पेंशनर्स साथियों से उपस्थिति की अपील की है।

# साहित्यिक गतिविधियों के लिए सम्मान



**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी के रचनाकार केसरी प्रसाद पाण्डेय को हिंदी सेवी सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान हिन्दी प्रचारिणी सभा के संस्थापक कवि संगम त्रिपाठी और सशक्त हस्ताक्षर संस्था के प्रमुख गणेश श्रीवास्तव प्यासा ने प्रदान किया। कार्यक्रम में केसरी प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि हिंदी में देश की माटी जैसी सोंधी महक है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि केसरी प्रसाद पाण्डेय हिंदी के प्रचार-प्रसार में सतत प्रेरणादायक कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर नंदिनी प्रसाद पांडे, पुष्पेंद्र अग्निहोत्री मौजूद थे।

# कलेक्ट्रेड के साईकिल स्टेण्ड में मिलीभगत

**जबलपुर।** कलेक्ट्रेड कार्यालय परिसर में आंगतुको हेतु वाहनो की पार्किंग व्यवस्था के लिये निकाली गई निविदा में कलेक्ट्रेड के नाजिर द्वारा एक ही व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के उद्देशय से दस्तावेजो की प्रक्रिया जटिल कर देने की लिखित शिकायत कलेक्टर से की गई है। शिकायतकर्ता सदर निवासी सुधीर कुमार गुप्ता ने बताया की कलेक्ट्रेड के नाजिर व अन्य कर्मचारियो की मिली भगत के कारण एक ही व्यक्ति को विगत 25 वर्षों से साईकिल, स्कूटर स्टेण्ड का ठेका नाम बदल-बदलकर दिया रहा है और वह आंगतुको से मनमाने रुपये वसूल करता है।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती लक्ष्मी देवी राठौर-** ग्राम निपनिया झुरझुर पनागर निवासी श्री लाल बहादुर राठौर की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी देवी राठौर (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुर्गेश रैकवार-** बेलबाग छुई मोहल्ला निवासी श्री कमलेश रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गेश रैकवार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुधा केवट-** बजरंग रेलवे कॉलोनी सिविल लाइन निवासी श्री महेश प्रसाद केवट की धर्मपत्नी श्रीमती सुधा केवट (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री इंद्र कुमार सोंधिया-** शुक्ला होटल लालमाटी निवासी श्री जगदीश प्रसाद सोंधिया के पुत्र श्री इंद्र कुमार सोंधिया (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई यादव-** बापू नगर रांझी निवासी श्री दद्दी प्रसाद यादव की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई यादव (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोतीराम चांदवानी-** ग्रीन सिटी माढ़ोताल निवासी श्री मोतीराम चांदवानी (80) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विपिन तिवारी-** दुर्गा नगर गौरीघाट रेलवे स्टेशन के पास निवासी श्री घनश्याम तिवारी के पुत्र श्री विपिन तिवारी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उषा देवी ठाकुर-** गायत्री नगर कटनी निवासी श्री वीरेंद्र सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती उषा देवी ठाकुर (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**अंजनी विश्वकर्मा-** गंगा मैया व्हीकल निवासी अंजनी विश्वकर्मा (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## जन सुरक्षा के लिए कुत्तों का करवाया जायेगा वैक्सीनेशन

### नगर निगम शीघ्र प्रारंभ करेंगा अभियान

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में आवारा कुत्तों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। कुत्तों की संख्या अधिक होने के कारण उन्हें पकडकर डॉग सेंटर में रखना संभव नहीं है। लोगों की सुरक्षा को देखते हुए नगर निगम आवारा कुत्तों का वैक्सीनेशन करेगा। इसके लिए शीघ्र ही अभियान चलाया जायेगा।

नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव से प्राप्त जानकारी के अनुसार कठौंदा स्थित डॉग सेंटर में कुछ एनिमल एक्टिविस्ट गये हुए थे। उनके द्वारा डॉग सेंटर में अनियमितता की शिकायत की गयी थी। शिकायत में बताया गया था कि पिंजरे में रखे गये डॉग को भीषण गर्मी में भी पानी की कोई व्यवस्था नहीं की गयी है। इसके अलावा डॉग सेंटर में लगे हुए कूलर बंद रहते है और कोई व्यक्ति देखरेख के लिए नहीं है।

शिकायत पर कार्यवाही करते हुए संबंधित कर्मचारियों की टीम को भेजा गया था। इसके अलावा डॉग सेंटर में आवश्यक व्यवस्था तथा उनकी देखरेख के लिए एक कर्मचारी चौबीस घंटे उपलब्ध रहने के संबंध में दिशा-निर्देष भी जारी किये गये थे। सेंटर में डॉग का ऑपरेशन किया जाता है और रेबीज वाले डॉग को पिंजरे में रखा जाता है। जिससे यह बीमारी दूसरे डॉग में नहीं फैले।

उन्होने बताया कि आवारा कुत्तो की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और डॉग सेंटर की संख्या निर्धारित है। जन सुरक्षा को देखते हुए आवारा कुत्तों का वैक्सीनेशन करने शीघ्र अभियान चलाया जायेगा। बरसात के पहले वैक्सीनेशन का कार्य किया जायेगा।

एनिमल एक्टिविस्ट ने डॉग सेंटर में अनियमितता के संबंध में जिला कलेक्टर व निगमायुक्त को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में मांग की गयी है कि बेजुबान ष्वान की भोजन व स्वास्थ्य की व्यवस्था सुनिश्चित करवाई जाये।

इसके अलावा अन्य व्यवस्था भी दुरूस्त करवाई जाये। ठेकेदार के द्वारा सेंटर में संचालन में लापरवाही बरती जा रही है। सेंटर रखे गये डॉग को किसी प्रकार की सुविधा नहीं मिल रही है।

## कुत्ते की बेरहमी से पिटाई करते हुए फोड दी आंख

### पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की

**जबलपुर देशबन्धु।** पालतू कुत्ते की क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने बेरहमी से पिटाई करते हुए उसकी आंख फोड दी। पीड़ित परिवार ने युवक के भय से एक सप्ताह बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने हुए उसके खिलाफ विधि अनुसार कार्यवाही की।

रांझी थाना प्रभारी मानस द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार आजाद नगर गोकलपुर निवासी नोमित रैकवार वेल्डिंग का कार्य करता है। उसकी छोटी बहन मोनी ने एक देसी कुत्ता पाला था। उसका कुत्ता विगत 14 अप्रैल को क्षेत्र में घूम रहा था। इस दौरान क्षेत्र में रहने वाले मोनू स्वामी नामक युवक ने कुत्ते की बेरहमी से पिटाई कर दी। जिसके कारण उसके चोरों पैर व सिर में चोट आई है। इसके बाद युवक ने किसी वस्तु से हमला कर कुत्ते की दोनों आंख भी फोड दी। क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने घटना के संबंध में उन्हें जानकारी देते हुए बताया कि उनका कुत्ता मरणासन्न अवस्था में शुभम किराना दुकान के पास पडा हुआ था।

जिसके बाद वह,उसकी बहन तथा अन्य लोग घटनास्थल में पहुंचे और घायल कुत्ते को उपचार के लिए वेटनरी अस्पताल ले गये। युवक की दहशत के कारण पीड़ित व्यक्ति के द्वारा एक सप्ताह बाद घटना की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज करवाई गयी। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 325 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया था। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ विधि अनुसार कार्यवाही की ।

## वृद्ध और युवक की फांसी लगाने से मौत

### विजय नगर व रांझी क्षेत्र की घटना

**जबलपुर, देशबन्धु।** विजय नगर में जहां एक 85 वर्षीय वृद्ध ने फांसी लगा ली तो वहीं रांझी में एक 40 वर्षीय युवक ने पंखे में फंदा डालकर अपनी इह लीला समाप्त कर ली। दोनों ही मामलों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर उन्हें विवेचना में लिया है।

विजय नगर पुलिस ने बताया कि राहुद देव कश्यप ने सूचना दी कि उसके पिता छलकन प्रसाद कश्यप उम्र लगभग 85 वर्ष ने कमरे में गमछा पंखे की हुक में बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इसी प्रकार रांझी पुलिस को कांचीपुरा कालोनी निवासी 36 वर्षीय दीप्ति सिंह ठाकुर ने सूचना दी कि वह बीती रात अपने घर की छत में बैठी थी। उसके पति विष्णु ठाकुर कमरे में नीचे थे, उनका लड़का काम पर गया था। रात लगभग 11 बजे लडका काम से घर वापस आया जिसने कमरे में देखा उसके पति विष्णु ठाकुर उम्र 40 वर्ष पंखे के हुक में प्लास्टिक की रस्सी से फांसी लगाकर खत्म हो गये है। पुलिस ने दोनों मामलों में आवश्यक कार्यवाही कर उन्हें जांच में लिया है।

## पुलिस कप्तान ने जनरल परेड का किया निरीक्षण

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस लाईन ग्राउंड में एसपी सम्पत उपाध्याय ने जनरल परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान एएसपी शहर आनंद कलादगी, एएसपी समर वर्मा, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एएसपी सोनाली दुबे सहित जिले में पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी शहर-देहात सहित थानो से लगे 134 अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर एसपी श्री उपाध्याय ने परेड पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों का निरीक्षण करते हुये अच्छे टर्नाउट वाले अधिकारी-कर्मचारियों को पुरूस्कृत किया।

## वाहन चैकिंग के दौरान एएसआई को वर्दी उतरवाने की धमकी

### आरोपी युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**जबलपुर, देशबन्धु।** दुपहिया वाहन चालकों पर होने वाली चालानी प्रक्रिया के दौरान होने वाली तू-तू मैं-मैं इनदिनों शहर में सुर्खियों में है। कांग्रेस पार्टी तो पिछले एक माह से इस मुद्दे को लेकर आंदोलन तक कर रही है। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें पिता का चालान काटे जाने पर बिफरे बेटे ने बीच सड़क पुलिसकर्मी को वर्दी उतरवाने की धमकी तक दे डाली। यह पूरा घटनाक्रम धनवंतरी नगर चौकी क्षेत्र का बताया जा रहा है। हालांकि की इस मामले में उक्त युवक पर एफआईआर दर्ज हो गई है। जिसके बाद से वह फरार बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार गढ़ा ट्रैफिक थाने में पदस्थ एएसआई शिवचरण दुबे उम्र 60 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वे गुरुवार को धनवंतरी नगर चौक पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान बाइक क्रमांक एमपी 20 जेड एच 3385 को रोका गया। जिसे केसरी सागर सेन निवासी सूखा शहपुरा चला रहे थे। हेलमेट न होने पर चालानी कार्रवाई की गई थी।

पुलिस की कार्रवाई से बाइक चालक नाराज होकर वहां से चला गया। कुछ देर बाद उनका बेटा अंकित पहुंचा और पिता का चालान काटने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारी को वर्दी उतरवाने की धमकी दी। इस घटना की सूचना पर संजीवनी नगर थाने में शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया है। जब युवक की बदसलूकी का पुलिस ने वीडियो बनाना शुरू किया, तो वह और उग्र हो गया। कैमरे के सामने ही पुलिसकर्मी से तू-तड़ाक करने लगा। धनवंतरी नगर चौकी प्रभारी के मुताबिक, यातायात पुलिसकर्मियों ने पूरे घटनाक्रम की लिखित शिकायत दी है। युवक अंकित सेन शहपुरा थाना अंतर्गत ग्राम सूखा का रहने वाला है। उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश की जा रहीं है।

## कार से पहुंचे बदमाशों ने मारपीट कर की हवाई फायरिंग

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरेला थाना क्षेत्र में कार सवार बदमाशों ने एक मैकेनिक की दुकान पर पहुंचकर पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करते हुए हवाई फायर किये। जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर-8 निवासी 20 वर्षीय सरफराज खान गाड़ी बनाने का काम करता है। बीती शाम करीब पौने सात बजे वह अपनी दुकान पर था, जिसके साथ अरसद खान भी उसकी दुकान पर था। उसी समय सुजल जैन अपने साथियों के साथ कार से आया और पिस्टल से दो हवाई फायर किये। इसके बाद सुजल ने पुरानी रंजिश पर बेसबाल के डंडे से हमला कर सरफराज के हाथ में चोट पहुंचा दी। हवाई फायर करने से गोली दुकान की शटर में लगी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ग्रे-कलर की बलेनो कार से फरार हो गये। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचन में लिया है।

## डीजल का अवैध कारोबार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरगी पुलिस ने मानेगांव मने रोड नर्सिंग कालेज की बाउंड्री के बाजू से शिवा कोल के मुर्गा दुकान के पास बनी टपरिया में दो केनों में अवैध डीजल बेचने के लिये खड़े आरोपी को दबोचा है। पुलिस ने आरोपी मानेगांव निवासी 22 वर्षीय सुनील नामदेव के पास से 36 लीटर डीजल बरामद किया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह ट्रक ड्राइवरों से कम दामों पर डीजल खरीदकर उसे बेच देता है। पुलिस ने आरोपी के पास से 33 सौ रुपये की नगदी भी जप्त की है।

## घोषित समय सारिणी में करवाई जाये नर्सिंग परीक्षा




### हाईकोर्ट ने दिये एमपी नर्सिंग काउंसिल और मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी को निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़ा मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट जस्टिस संजय द्विवेदी तथा जस्टिस ए के पालीवाल ने एमपी नर्सिंग काउंसिल और मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी को निर्देशित किया है कि परीक्षा घोषित समय सारिणी के अनुसार करवाई जाये। घोषित समय सारणी में किसी प्रकार का परिवर्तन नही किया जाये। याचिका पर अगली सुनवाई 9 मई को निर्धारित की गयी है।

लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि प्रदेश में नियम विरूध्द तरीके से नर्सिंग कॉलेज संचालित हो रहे है। नियमों को ताक में रखकर कॉलेजों को मान्यता प्रदान की गयी है। याचिका की सुनवाई के दौरान युगलपीठ को बताया गया कि प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों की जाँच कारण परीक्षाओं के आयोजन में कई वर्ष देरी हुई है। इसके अलावा 3-4 बार परीक्षाओं की तिथियाँ घोषित कर उन्हें निरस्त या संशोधित किया गया है। जिसके कारण छात्रों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। घोषित समय सारणी के अनुसार परीक्षाओं का आयोजन 28 और 29 अप्रैल किया जाना है। याचिका की सुनवाई के दौरान युगलपीठ ने उक्त आदेष जारी किये। युगल पीठ ने अपने आदेष में कहा है कि पात्र कॉलेज पाये जाने वाले कॉलेजों की छात्रों की विशेष परीक्षा करवाने के संबंध में न्यायालय सुनवाई करेंगा।

हाई लेवल कमेटी की भूमिका समाप्त

?ौरतलब है कि हाईकोर्ट ने सीबीआइ जांच में डे?शियेंट पाये गये कॉलेजों कर कमीपूर्ति के संबंध में सुनवाई के लिए सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक हाईलेवल कमेटी का गठन किया था। कमेटी को सुनवाई कर उन कॉलेजों को सूटेबल अथवा अनसुटेबल की श्रेणी में सूचीबद्ध करने का कार्य सौंपा गया था। मध्यप्रदेश नर्सिंग काउंसिल के द्वारा नये सत्र की मान्यता प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद हाई लेवल कमेटी की भूमिका समाप्त कर दी है। सभी कॉलेजों को नये सत्र की मान्यता हेतु विधिवत आवेदन काउंसिल के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। जिस पर आवश्यक जांच के बाद काउंसिल के द्वारा निर्णय लिया जायेगा। याचिका की सुनवाई के दौरान शासन की ओर से उप महाधिवक्ता अभिजीत अवस्थी एवं याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आलोक बागरेचा सहित याचिकाकर्ता विशाल बघेल ने पक्ष रखा।

### क्षतिपूर्ति मामले में आदेश का पालन न होने पर कोर्ट सख्त

#### दो सप्ताह में पालन न होने पर होगी अवमानना की कार्यवाही

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने सीधी कलेक्टर जमकर नाराजगी व्यक्त की। युगलपीठ ने मामले में नेशनल हाईवे अधिनियम के अंतर्गत याचिकाकर्ताओं की क्षतिपूर्ति से जुड़े मामले में दो सप्ताह के भीतर अंतिम आदेश पारित करने का सख्त निर्देश दिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि समय-सीमा में आदेश का पालन नहीं हुआ तो कलेक्टर अवमानना के दोषी माने जाएंगे।

याचिकाकर्ता सीधी निवासी प्रमोद कुमार शुक्ला व रजनीकांत शुक्ला की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी, विनीत टहनगुरिया व आनंद शुक्ला ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ताओं की निजी भूमि सार्वजनिक राजमार्ग निर्माण के लिए अधिग्रहीत की गईए लेकिन उन्हें क्षतिपूर्ति का भुगतान नहीं किया गया। मामला कलेक्टर सीधी के समक्ष लंबित था, जहां पिछले सितंबर में आदेश सुरक्षित रखने के बावजूद छह माह से अधिक समय तक निर्णय नहीं हुआ। याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और कलेक्टर की निष्क्रियता को संवैधानिक अधिकारों का हनन बताया। विहित अधिकारी की ढिलाई नागरिकों के त्वरित वैधानिक उपचार के अधिकार में बाधक है। साथ ही संपत्ति के अधिकार को लेकर संवैधानिक प्रविधानों का हवाला देते हुए विहित अधिकारी की जवाबदेही शीघ्र निराकरण की है। कलेक्टर का विलंब न केवल वैधानिक प्रक्रिया का उल्लंघन है, बल्कि यह भू-स्वामियों को उनके हक से वंचित करने जैसा है। अधिग्रहण के बाद भी क्षतिपूर्ति न मिलने से प्रभावितों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए उक्त निर्देश दिये।

### अतिक्रमण हटाकर पेश करो रिपोर्ट, वरना हाजिर हो

#### पूर्व आदेश का पालन न होने पर सागर कलेक्टर को सख्त निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व आदेश के बावजूद भी सागर जिले की शाहपुर नगर पंचायत के मुख्य मार्गो से अतिक्रमण न हटाये जाने के मामले को सख्ती से लिया। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने मामले में निर्देश दिये है कि एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण हटाकर उसकी रिपोर्ट पेश की जाए, ऐसा न होने की स्थिति में सागर कलेक्टर को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जवाब देना होगा।

यह शाहपुरा सागर निवासी एडवोकेट राजेन्द्र सिंह लोधी की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व अधिवक्ता शिवांशु कोल व रूप सिंह मरावी ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि पूर्व में याचिकाकर्ता ने एक जनहित याचिका दायर की थी, जिसमें शाहपुर नगर पंचायत के मुख्य मार्गो पर किये गये अतिक्रमणों को हटाने की मांग की गई थी। न्यायालय ने फरवरी 2025 में उक्त मामले का निराकरण करते हुए सागर कलेक्टर को निर्देशित किया था कि वह आवेदक के अभ्यावेदन पर दो माह के भीतर अतिक्रमण हटाकर परिपालन रिपोर्ट पेश करे। मामले में आगे हुई सुनवाई दौरान कंप्लायंस रिपोर्ट पेश न होने पर आवेदक की ओर से कहा गया कि राजनीतिक दबाव में अतिक्रमण नहीं हटाये गये है और न ही इस संबंध में कोई कार्यवाही की जा रहीं है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

### ननि को संपत्ति कर के साथ तीन प्रतिशत शिक्षा उपकर वसूली का अधिकार क्यों?

#### प्रमुख सचिव व निगमायुक्त सहित अन्य से मांगा जवाब- तलब

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने राज्य शासन के उस परिपत्र को चुनौती पर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है, जिसके जरिए नगर निगम को संपत्ति कर के साथ तीन प्रतिशत शिक्षा उपकर वसूली का अधिकार दिया गया है। इस सिलसिले में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव, नगर निगम आयुक्त सतना व अन्य को नोटिस जारी किये गये है।

याचिकाकर्ता यूनिवर्सल केबल्स लिमिटेडए सतना की ओर से अधिवक्ता अतुल चौधरी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मप्र नगर पालिक अधिनियम 1956 की धारा 132 (6)(ओ) में यह प्रावधान है कि शासन यदि कोई संपत्ति पर टैक्स लगाता है तो उसे नगर निगम वसूल सकती है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सात अक्टूबर 1999 में परिपत्र जारी कर संपत्ति कर का तीन प्रतिशत शिक्षा उपकर लगा कर उसकी वसूली कर रहा है। प्रत्येक संपत्ति करदाता से यह उपकर वसूल किया जाता है। दलील दी गई कि संविधान का अनुच्छेद-265 में यह स्पष्ट प्रविधान है कि सरकार यदि कोई भी टैक्स या उपकर लेगी तो उसके लिए अधिनियम बनाया जाएगा। मप्र शासन ने शिक्षा उपकर अधिरोपित करने के पहले कोई कानून नहीं बनाया। वहीं संविधान में यह भी प्रविधान है कि एक ही विषय के लिए दो बार टैक्स वसूली नहीं की जा सकती। केन्द्र सरकार कई प्रकार के टैक्स में शिक्षा उपकर वसूलती है। जिस पर राज्य शासन को इसकी वसूली का अधिकार नहीं होना चाहिए।

### विक्षिप्त महिलाओं को पुनर्वास स्थल भिजवाया

#### विधिक सेवा प्राधिकरण का सराहनीय कार्य

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर ने विक्षिप्त महिलाओं को आश्रय स्थल भिजवाया। ये महिलाएं इंद्रा मार्केट के समीप रेल्वे पुल के नीचे बैठी थीं। जैसे ही उन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शक्ति वर्मा की नजर पड़ी, उन्होंने संवेदना का परिचय दिया। सामाजिक न्याय विभाग के विनय द्विवेदी, स्पेशल एजुकेटर व मोक्ष मानव सेवा एवं जन उत्थान समिति जबलपुर के संस्थापक आषीष ठाकुर के सहयोग से प्रक्रिया पूरी की। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय के कार्यालयीन स्टाफ प्रणय मिश्रा, अमर कुमार बर्मन, अजय महोबिया व अविनाश कुमार चौधरी का भी सहयोग रहा। संकल्प लिया गया कि इसी तरह बेसहारा लोगों को आश्रय स्थल भेजने की दिशा में कार्य किया जाता रहेगा।

### शिकायतकर्ता की गवाही के आधार पर कैसे साबित कर दिया अपराध

#### आरोपी को तत्काल बरी करने का आदेश

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस अनुराधा शुक्ला की एकलपीठ ने इस बात पर आश्चर्य जताया कि सिर्फ शिकायतकर्ता की गवाही के आधार पर अभियोजन ने अपराध कैसे साबित कर दिया। अभियोजन ने यह तथ्य भी गंभीरता से रेखांकित नहीं किया कि शिकायतकर्ता व आरोपित में पूर्व से रंजिश दी। चूंकि अभियोजन मामले को पुष्ट करने के लिए ठोस साक्ष्य पेश नहीं कर पाया है, अत- प्रकरण समाप्त कर आरोपित को तत्काल बरी किया जाये।

याचिकाकर्ता शहडोल निवासी आवेदक जावेद खान की ओर से दलील दी गई कि देव उर्फ पिंटू विश्वकर्मा ने सोहागपुर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि 11 सितंबर 2022 को जावेद उसके घर आया और उस पर चाकू से वार कर दिया। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया। हालांकि अधीनस्थ अदालत ने उक्त धारा हटाकर निम्न धाराओं के तहत आरोपी को पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। अधिवक्ता बघेल ने दलील दी कि मामले में एक ही गवाह है और वो शिकायतकर्ता ही है। पुलिस ने जो चाकू बरामद किया थाए उस पर खून के निशान भी नहीं थे। दोनों के बीच पुराना बैर था, जिस आधार पर उक्त घटना होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी।

## शराब के लिये रुपये न देने पर डंडे से हमला

**जबलपुर, देशबन्धु।** पनागर थाने में आजाद वार्ड निवासी 35 वर्षीय शेखर गोटिया ने शिकायत दर्ज करायी। जिसमें उसने बताया कि वह बिसैंदी से भूसा का काम कर अपने घर जा रहा था। रात्रि करीब पौने नौ बजे रेलवे फाटक पटनऊ के पास उसे नीरज कोरी मिला, जो कि शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करने लगा। उसने रुपये देने से मना किया तो नीरज ने गाली गलौज कर डंडे से हमला कर उसके पैर में चोट पहुंचा दी। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## संडे ऑन साइकिलिंग रैली

**जबलपुर,देशबन्धु।** भारतीय खेल प्राधिकरण, (सांई) जबलपुर द्वारा फिट इंडिया अभियान के तहत प्रत्येक रविवार की तरह इस रविवार को संडे ऑन साइकिलिंग रैली दिनांक 27/04/2025 को प्रातकाल: 7.30 बजे शहर के सभी पत्रकारों और मीडिया पेशेवरों के साथ मिलकर आयोजित की जा रही है। साइकिलिंग रैली रानीताल, स्पोर्टस काम्प्लेक्स से आरंभ होगी तथा बल्देवबाग से ऊखरी रोड होते हुए वापस रानीताल, स्पोर्टस काम्प्लेक्स में समाप्त होगी सभी साइकिलिस्ट 06 किलोमीटर तक निर्धारित रूट पर साइकिल चलायेंगे। खेलो इंडिया योजना की फिट इंडिया पहल के तहत और अपनी दिनचर्या में फिटनेस को शामिल करने के उददेश्य से माननीय केन्द्रीय युवा मामले एवं खेल एवं श्रम रोजगार मंत्री ने 17 दिसम्बर 2024 को नई दिल्ली में पहली बार साइकिलिंग अभियान का उद्घाटन किया जिसमें 500 से अधिक साइकिलिंग उत्साही लोगों ने भाग लिया। तब से यह साइकिलिंग पहल संडे ऑन साईकिल के बैनर तले एक राष्ट्रीय अभियान के रूप में विकसित हुई है, जिसे देश भर में 4600 से अधिक स्थानों पर आयोजित किया जाता है और इसमें लगभग 2 लाख साईकिल चालक शामिल होते हैं इसे मन की बात के 117 वे एपिसोड के दौरान माननीय प्रधानमंत्री से भी मान्यता मिली है, जिसमें स्वास्थ्य और तंदुरूस्ती को बढ़ावा देने में अभियान के महत्व रेखांकित किया गया है।

## जल गंगा संवर्द्धन अभियान में जन समुदाय की भागीदार बढ़ाने बैठक संपन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** जन अभियान परिषद जबलपुर द्वारा नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष जबलपुर में किया गया। बैठक में जन अभियान परिषद के सलाहकार शिवनारायण, शासी निकाय के सदस्य अजित सिंह सीटू, संभाग समन्वयक श्री रवि प्रसाद बर्मन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा मां भारती को पुष्पांजलि एवं दीपांजलि के साथ बैठक का शुभारंभ किया गया, इसके उपरान्त विगत 22 अप्रैल को पुलवामा में आतंकी हमले की निंदा करते हुए मृत नागरिकों को श्रद्धांजलि देकर दो मिनट का मौन रखा गया।

इस दौरान नवांकुर संस्थाओं को संबोधित करते हुए श्री शिवनारायण ने कहा कि संस्थाएं अपने समिति का विस्तार करें और संगठन मजबूत करें तभी शासन की कल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने में सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार आगामी 30 जून तक जल गंगा संवर्द्धन अभियान में अधिक से अधिक संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्वैच्छिक संगठनों की भागीदारी से अभियान का लोक व्यापीकरण करने के लिए कार्य करें।

# शिक्षक शासन के निर्देश को दिखा रहे ठेंगा

## एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला पाटन का मामला




**पाटन देशबन्धु।** जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना के द्वारा ग्रीष्मकालीन मौसम को देखते हुए जिले के सभी शिक्षण संस्थाएं जिनमें सरकारी एवं निजी स्कूलो का समय सुबह साढ़े 7 बजे किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला जो कि कक्षा 1 से बारहवीं तक संचालित होती है। इस विद्यालय में 22 शिक्षक पदस्य है। मीडिया की पड़ताल में शुकवार सुबह 8 बजे तक एक भी शिक्षक कन्या शाला में नहीं मिला मात्र एक चपरासी और कुछ छात्राएं स्कूल परिसर में बैठी दिखी। जब छात्राओं से शिक्षक के लेट आने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि आप खुद देख रहे हो कितने शिक्षक यहां है हमें बताने की जरूरत ही नहीं है सच आपके सामने है। जब स्कूल के चपरासी से इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने बताया कि एक भी शिक्षक अभी नहीं आए है आप थोड़ी देर रुको बस आते ही होगे। सूत्रों की माने तो खंड शिक्षा अधिकारी और बीआर सी भी इस मामले पर स्वत कोई कार्यवाही नहीं कर रहे है। जबकि वास्तविक स्थिति से वे भली भांति परिचित है। बताया जाता है कि इन सभी गैर जिम्मेदार शिक्षकों को स्थानीय राजनैतिक संरक्षण प्राप्त है। बिना काम किए लाखों रुपए की तन्खाह पाने वाले लापरवाह शिक्षकों पर जब कार्यवाही होगी। नाम न छापने की शर्त पर एक छात्रा ने बताया कि जिस तरह निजी स्कूलो पर हमारे जिले के कलेक्टर साहब ने नकेल कसी है इसी तरह हम गरीब छात्र-छात्राओं के भविष्य को देखते हुए पाटन तहसील का औचक निरीक्षण साहब करे,सर से हमारा निवेदन है कि यह दौरा गोपनीय रहे क्योंकि आपके जैसा ईमानदार सभी सरकारी कर्मचारी नहीं हैं। यदि इनको जांच की भनक लग गई तो सभी एक घंटे पहले ही अपने अपने स्कूलों में दस्तक दे देगे।

### इनका कहना

जब इस संबंध में एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला की प्राचार्य से बात की गई तो उन्होंने मीडिया के प्रश्न का जबाव न देकर उन्होंने बोला कि आप स्कूल आइए यही बैठकर बात करते है।

**वंदना वैद्य**
**प्राचार्य एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला पाटन**

# बजरंगगढ़ गांव में नहीं हो रही बीपीएल राशन कार्ड धारिकों की ई-केवायसी

## सहकारिता एवं खाद्य विभाग ने साधी चुप्पी

**पाटन देशबन्धु।** जिले की पाटन मुख्यालय के सहकारिता विभाग और खाद्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा गरीबी रेखा एवं अति गरीबी रेखा के राशन कार्ड हितग्राहियों की ई के वाई सी शासन के निर्देश पर हो रही है जिसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। हितग्राही नीमा बाई ने बताया कि राशन डीलर बजरंग गढ़ के लोगों की ई के वाई सी नहीं कर रहा है जिसकी वजह से 30 अप्रैल के बाद ऐसे हितग्राही जिनकी ई के वाई सी नहीं हुई है उन्हें राशन मिलना बंद हो जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि नितिन मेहरा के पास कुंवरपुर राशन दुकान का प्रभार है। इनके द्वारा ग्रामीणों को बेवजह परेशान किया जा रहा है। ग्रामीणों की ई के वाई सी नहीं करने पर आए दिन वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। वही इनके द्वारा राशन वितरण करने में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही है। गांव के ही सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि हम ग्रामीणों को मार्च माह का राशन भी नहीं मिला है। जबकि डीलर ने हितग्राहियों की पर्ची काट दी है। वही अप्रैल माह का भी राशन डीलर के द्वारा नहीं दिया है।

### इनका कहना

जब इस संबंध में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि राशन वितरण करने वाले ही ई के वाई सी करेंगे। राशन वितरण वाली पीओएस मशीन से ही ई के वाई सी होगी इसके अलावा ग्राम पंचायत सचिव भी बीपीएल राशन हितग्राहियों की ई के वाई सी करेंगे।

**श्रीमति आभा शर्मा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पाटन जिला जबलपुर**

जब इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बीपीएल राशन हितग्राहियों की ई के वाई सी राशन वितरण करने वाले राशन डीलर करेंगे हैं। हम नहीं करेंगे।

**जालम सिंह ठाकुर सचिव ग्राम पंचायत कुंवरपुर बजरंगगढ़**

## सार-समाचार

### बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने दिए दिशा निर्देश



**सिहोरा, देशबन्धु।** सीएम राइज पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के रीवा,कटनी,जबलपुर, लखनदौन हाईवे प्रोजेक्ट के मोहतरा टोल प्लाजा की टीम नेशनल हाइवे इंफ्रा द्वारा बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने हेतु दिशा निर्देश दिए तथा इसके लिए ब्राइट फ्यूचर नाम की संस्था को अनुबंधित किया गया जिसमे संस्था द्वारा बच्चों को भविष्य मे कैसे आगे बढ़ने के लिए क्या जरुरी कदम उठाने है और अपनी पढ़ाई को मद्देनजर रखते हुए किस तरफ अपना रुझान रखना है की अच्छी गाइडेंस दी गयी जिसका निकट भविष्य मे बच्चों को लाभ होगा तथा आगे भी इस प्रकार के शैक्षिक कार्यक्रम विभिन्न स्कूलो मे चलाये जायेंगे जिससे नयी पीढ़ी का भविष्य सुखद होगा स्कूल प्रशासन की ओर से विद्यालय प्राचार्य अशोक उपाध्याय ने इस कार्यक्रम मे आये नेशनल हाइवे के प्रोजेक्ट हेड जी क्रांति कुमार,प्लाजा मैनेजर पृथ्वी राठी,एच आर मैनेजर संजय मिश्रा के साथ ब्राइट फ्यूचर संस्था को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का किया गया अनावरण



**पाटन देशबन्धु।** ग्राम कुशली (मनकेड़ी) में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण शुक्रवार को किया गया। इस मौके पर बरगी विधायक नीरज सिंह ठाकुर,वरिष्ठ कांग्रेस नेता ठा.विक्रम सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। वही ठा.यशवंत सिंह (सरपंच) ठा.शिवा सिंह (पूर्व सरपंच) भी मंचासीन रहे। विधायक नीरज सिंह एवं ठा.विक्रम सिंह के द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विधिवत् अनावरण किया गया। विधायक नीरज सिंह ने डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए लोगों से कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जिन्हें भारत के संविधान का जनक कहा जाता है। वही ठा.विक्रम सिंह ने कहा कि बाबा साहब एक महान भारतीय विधिवेत्ता,अर्थशास्त्री,समाज सुधारक और राजनीतिज्ञ थे। इस दौरान ठा.विक्रम सिंह ने ग्रामीणों को कुशली (मनकेड़ी) में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित होने पर बधाई दी। अन्य वक्ताओं ने भी बाबा साहेब के विचारों को व्यक्त करके उनको याद किया। इस मौके पर दामोदर शर्मा,पुष्पेन्द्र सिंह,कढ़ोरी सिंह,रवि जैन,गोलू तिवारी,देवेंद्र सिंह,बिन्दु,आदित्य ओखले,दौलत सिंह (प्रदेश अध्यक्ष सिलावट संघ) एवं अन्य पदाधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### गोसलपुर में आतंकवाद का पुतला फूंका निकला जुलूस

**गोसलपुर।** सिहोरा विकासखंड के अंतर्गत गोसलपुर कस्बे में विश्व हिंदू परिषद गोसलपुर प्रखंड के संयोजन में गत दिवस कश्मीर के पहलगाम में हिंदुओं के साथ आतंकवादियों द्वारा किए गए नरसंहार मृतको के विरोध में बस स्टैंड में जुलूस निकालकर आतंकवाद का पुतला दहन किया गया एवं इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में मृत सभी लोगों को मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के मनीष साहू मोंटी दुबे जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह राजपूत डॉ. एस.के मोटवानी जनसेवा समिति के अध्यक्ष हेमचंद असाटी राज पटेल कपिल गर्ग संजीव श्रीवास बिक्की सैनी कमल पटैल आकाश जैन राहुल तंतुवाय राज सोनी श्यामू ठाकुर सोनू जैन आकाश बैरागी बसंत चक्रवर्ती हरेंद्र माना प्रमोद शुक्ला धीरू ठाकुर संदेश सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे

# वार्ड क्रमांक 3 में मकान में लगी आग : गृहस्थी का सामान जलकर हुआ राख, लगभग 1 लाख का नुकसान





**पाटन देशबन्धु।** निकाय क्षेत्र में आने वाले वार्ड क्रमांक 03 के निवासी अरविंद राठौर के मकान में गुरुवार/शुक्रवार की दरमियानी रात लगभग 1.00 बजे अज्ञात कारणों की वजह से आग लग गई जिस वजह से गृहस्ती जलकर खक हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक कमरे के अंदर रखा गृहस्थी का सामान जिसमें अनाज,किराना समान,कपड़े सहित लगभग 5000 हजार रुपए जलकर खाक हो चुके थे। मकान मालिक अरविंद राठौर ने बताया कि आग लगने का कारण समझ में नहीं आ रहा है। गनीमत यह रही कि परिजन दूसरे कमरे में सो रहे थे जिसके चलते किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।आगजनी की घटना में लगभग एक लाख के नुकसान का आकलन किया जा रहा है वही आगजनी के मामले में पीड़ित परिवार प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगा रहा है।

# श्री सेन जी महाराज की जयंती पर निकली वाहन रैली

## भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया



**पनागर, देशबन्धु।** क्षेत्रिय सेन समाज पनागर के तत्वाधान में श्री श्री 1008 संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की 725वी जयंती पर नगर में धूमधाम से वाहन रैली नगर में निकली इस अवसर पर प्रात: 8:00 बजे से पूजन एवं हवन प्रात: 9.30 बजे किया गया बलिया तालाब से एक वाहन रैली जिसने नगर भ्रमण किया दोपहर 12.00 बजे विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्व सेन समाज पनागर के अध्यक्ष नरेंद्र सेन शिक्षक चौखे लाल सेन कल्लू भैया नंदू सेन मुन्ना सेन विनोद सेन रंजीत सेन दिलीप सेन हरि सेन मदन सेन शंकर सेन डॉक्टर के सी सेन दीपक सेन ने विशेष सहयोग किया कार्यक्रम में समस्त धर्म प्रेमी जनों जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिक भी सम्मिलित हुए

# पहलगाम कश्मीर में हिंदुओं के ऊपर हुए नरसंहार विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मौन रहकर श्रद्धांजलि भी दी




**पनागर, देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल महाबली प्रखंड पनागर के तत्वाधान में पहलगाम कश्मीर में हिंदुओं के ऊपर हुए नरसंहार एवं सभी पर्यटकों से जाती पूछ पूछ कर जो उनकी हत्या की गई। ऐसा सुनियोजित आतंकवाद जो हमारे देश में पल रहा है इसको जड़ से उखाड़ने के लिए संपूर्ण पनागर के हिंदू समाज ने एक जुट होकर बस स्टैंड से एक रैली निकालकर कमानिया गेट में पुतला दहन किया । मृत आत्माओं को सभी ने मौन रहकर श्रद्धांजलि भी दी । पाकिस्तान सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए और आतंकवादियों को पनाह देने वाले लोगों की संपूर्ण हिंदू समाज ने कड़ी निंदा की एवं ऐसे नपुंसकता का काम करने वाले जिहादी आतंकवादियों के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यक्रम मुख्य रूप से जिला कार्यवाह जयराज जी, उत्तम मिरी जी,प्रखंड अध्यक्ष शिवदत्त व्यास, जिला सहमंत्री नितिन ठाकुर, संजीत बैरागी, भूरा कुशवाह राजेश विश्वकर्मा भोला गोटिया, आनंद जैन मिंचू, अंकुर जैन ,शैलेंद्र साहू,गोवर्धन खेतपाल ,सर्वेश मिश्रा , रमेश रोहरा, राजा सेन, प्रहलाद कुशवाहा, मनोज बैरागी, अमित ठाकुर, अजय तिवारी, बृजेश बर्मन, जितेंद्र प्रजापति, डॉ सुरेश पटेल जागेश्वर शर्मा, अशशू बर्मन अनिल बर्मन दीपक तिवारी विक्रांत सोनी अनमोल लखेरा नरेंद्र दुबे धर्मेंद्र पटेल संजू काछी सनी चौरसिया। एवं सभी सनातनी बंधु विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मशाल जुलूस निकाल कर किया आतंकवाद का दहन



**बरेला।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में धीरे-धीरे आक्रोश निरंतर बढ़ता जा रहा है। नगर में आज विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा शाम को मशाल जुलूस निकालकर आतंकवाद के पुतले का दहन किया गया। यह मशाल जुलूस नगर के भैरव मंदिर के प्रारंभ होकर संपूर्ण नगर में भ्रमण किया गया। इसकी पश्चात आतंकवाद रूपी पुतले का दहन किया गया। इस अवसर पर सभी लोगों ने पहलगाम में मृत् लोगों को शोक श्रद्धांजलि देने के पश्चात आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश देने की मांग सरकार से की

# जिला पंचायत के सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 1 मई को

**कटनी, देशबन्धु।** जिला पंचायत कटनी की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक गुरुवार 1 मई को जिला पंचायत के सभा कक्ष में आहूत की जायेगी। इसी प्रकार सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार 2 मई को आयोजित की जायेगी। पहले यह बैठक गुरुवार 17 अप्रैल को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होनी थी। जिसे जिला पंचायत के सीईओ श्री शिशिर गेमावत द्वारा अपरिहार्य कारणवश स्थगित कर दिया गया है। बैठक का एजेंडा पूर्ववत ही रहेगा। सामान्य प्रशासन समिति के सभी सदस्यों और सामान्य सभा की बैठक से संबंधित सदस्यों से तय तिथि व समय पर बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

# उमरियापान पुलिस ने किया 72 घंटे के भीतर चोरी का खुलासा



**उमरियापान, देशबन्धु।** उमरियापान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महनेर में घर का ताला तोड़कर की गई लाखों की चोरी मामले में पुलिस को 72 घंटे के भीतर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि बीते 22 अप्रैल को ग्राम महनेर निवासी हरभजन काछी पिता राम गोपाल काछी उम्र 70 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके घर का ताला तोडकर अज्ञात चोर ने कमरे में रखे जेवर सोने की पंचाली, पेन्डल, अंगूठी, झुमकी, सोने की चेन, चांदी की पायल दो जोडी, चांदी के सिक्के व नगदी रुपये चोरी कर लिया है।

शिकायत के आधार पर उमरियापान पुलिस ने अज्ञात चोर के प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। एसपी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन, एएसपी संतोष डेहरिया एवं स्लीमनाबाद एसडीओपी प्रभात कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में पुलिस ने अज्ञात आरोपी व चोरी गये समान की तलाश शुरू की।

### घर के पीछे छिपा रखा था चोरी का सामान

तलाशी के दौरान ग्राम महनेर से संदेह के आधार पर प्रिंस उर्फ विक्की तिवारी पिता राजेश उर्फ रज्जू तिवारी उम्र 21 वर्ष से पूछताछ की गई। सख्ती से पूछताछ के दौरान उसने जुर्म स्वीकार करते हुये चोरी किए गए माल को अपने घर के पीछे बने निर्माणाधीन मकान में छिपाकर रखना बताया। उक्त आरोपी से सोने, चादी के जेवरात एवं नगदी 163400 रुपये कुल मशरुका 4 लाख 42 हजार 600 रुपये का जप्त किया गया। आरोपी न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना प्रभारी दिनेश तिवारी, एएसआई गया प्रसाद मंगोरे, प्रधान आरक्षक आशीष झारिया, अजय सिंह, आरक्षक योगेश पटेल, रोहित झारिया, अनिल पाण्डेय की विशेष भूमिका रही।

# तुअर उपार्जन हेतु पंजीयन की तिथि अब 30 अप्रैल तक

**कटनी, देशबन्धु।** खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में न्यूनतम समर्थन मूल्य के अंतर्गत तुअर उपार्जन हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दी गई है। पूर्व में यह तिथि 20 अप्रैल थी। पंजीयन रिपोर्ट के अनुसार तुअर उपार्जन हेतु पंजीयन कम होने के कारण कृषक हित को दृष्टिगत रखते हुए तुअर के पंजीयन की अंतिम तिथि राज्य शासन ने 20 अप्रैल के स्थान पर 30 अप्रैल तक बढ़ा दी है। साथ ही पंजीकृत कृषकों एवं रकबे का सत्यापन 5 मई तक हो सकेगा।

# महिला बाल विकास एवं नगर निगम की संयुक्त बैठक

**कटनी, देशबन्धु।** समग्र ई - केवाईसी कर पात्र नागरिकों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में वार्डों में आयोजित किए जा रहे शिविरों एवं लंबित ई- केवाईसी के प्रकरणों की समीक्षा कर निगमायुक्त नीलेश दुबे की जाकर नागरिकों के ई-केवायसी के कार्य को मिशन मोड पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान नोडल राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, प्र परियोजना अधिकारी श्रीमती अनुपमा आटे, योजना अधिकारी रविशंकर पांडेय, ई-गवर्नेंस अधिकारी संदीप पाठक मौजूद रहे।

## ब्रिटिश पीएम ने प्रधानमंत्री मोदी को किया फोन, कहा- भारत के लोगों के साथ खड़ा है यूके

**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** पहलगाम आतंकी हमले की दुनियाभर में कड़ी निंदा हो रही है। विश्व के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन कर न सिर्फ हमले की निंदा कर रहे हैं बल्कि भारत के लिए अपना समर्थन भी जता रहे हैं। शुक्रवार को ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर और नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक स्कोफ ने पीएम मोदी से बात की। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया, ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और भारतीय धरती पर हुए जघन्य आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने इस बर्बर आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि ब्रिटेन इस दुखद घड़ी में भारत के लोगों के साथ खड़ा है। एक अन्य पोस्ट में विदेश मंत्रालय ने बताया, नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक स्कोफ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और भारत के पहलगाम में हुए दुखद व अमानवीय सीमा पार आतंकी हमले पर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कायरतापूर्ण कृत्य की कड़ी निंदा की और आतंकवाद के सभी रूपों व अभिव्यक्तियों को खारिज किया ।

# पहलगाम अटैक पर न्यूयॉर्क टाइम्स की हेडिंग अमेरिकी सरकार ने कराई सही, नहीं लिखा था आतंकी

**वाशिंगटन।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स विवादों में घिर गया है। अखबार ने अपनी एक रिपोर्ट में हमले के लिए जिम्मेदार आतंकियों को मिलिटेंट्स (उग्रवादी) लिखा, जिसके बाद अमेरिकी संसद समिति ने इसकी कड़ी आलोचना की है। समिति ने आतंकवादियों की पहचान को बंदूकधारी या चरमपंथी जैसे शब्दों के पीछे छिपाने का आरोप लगाया। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में 26 लोग मारे गए, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे।

इस हमले को लेकर न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी खबर की हेडलाइन में लिखा, ''कश्मीर में उग्रवादियों ने कम से कम 24 पर्यटकों को गोली मार दी।'' अखबार ने आगे बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ''इस गोलीबारी को एक 'आतंकवादी हमला' कहा है और अपराधियों को न्याय के शिकंजे में लाने का संकल्प जताया है।''

इस पर अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के निचले सदन की विदेश मामलों की समिति ने कड़ा ऐतराज जताया। इसने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अरे, न्यूयॉर्क टाइम्स हमने आपके लिए इसमें सुधार कर दिया है। यह स्पष्ट तौर पर एक आतंकवादी हमला था। चाहे वह भारत हो या इजरायल, जब आतंकवाद की बात आती है तो न्यूयॉर्क टाइम्स वास्तविकता से दूर हो जाता है। पोस्ट में, विदेश मामलों की समिति ने एक तस्वीर शेयर की जिसमें शीर्षक में ''उग्रवादियों'' शब्द को काट कर उसके स्थान पर लाल रंग में बड़े अक्षरों में ''आतंकवादी'' शब्द लिखा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी एनवायटी की इस शब्दावली को लेकर आलोचना हुई। कई यूजर्स ने इसे वामपंथी प्रचार करार देते हुए कहा कि अखबार आतंकवादियों को सही नाम देने से बच रहा है। इस घटना ने एक बार फिर न्यूयॉर्क टाइम्स की भारत से संबंधित रिपोर्टिंग पर सवाल उठाए हैं। पहले भी अखबार पर भारत विरोधी रुख अपनाने के आरोप लगते रहे हैं।

# चाहे पाकिस्तान में घुसकर मारो, हम हर कदम पर साथ देंगे, ब्रिटिश सांसद का भारत को पैगाम

**लंदन।** ब्रिटेन के एक वरिष्ठ सांसद ने भारत को आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने के लिए अपना पूरा समर्थन देने का वादा किया है। सांसद ने कहा कि भारत जो भी कदम उठाए, हम उसके साथ हैं। उन्होंने कहा कि भारत अगर पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के खिलाफ कोई सैन्य कार्रवाई करता है तो भी पूरा समर्थन रहेगा।

जम्मू-कश्मीर के पाहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए ब्रिटेन स्थित भारतीय उच्चायोग में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान ब्रिटेन के कई सांसद और बड़ी हस्तियां भी शामिल हुईं। सभा में बोलते हुए ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन ने भारत के समर्थन में एक सशक्त और भावनात्मक बयान दिया। उन्होंने कहा कि जो भी कदम भारत सरकार इस हमले के बाद उठाना उचित समझे – चाहे वह सैन्य कार्रवाई ही क्यों न हो – उन्हें उसका पूरा समर्थन है।

**आतंकियों को खत्म कर दिया जाना चाहिए- ब्रिटिश सांसद**

ब्लैकमैन ने कहा, हम यहां दुख साझा करने आए हैं। जब आतंकी हमला करता है, तो वह पूरी मानवता के दिलों पर हमला करता है। यह हमला धार्मिक आधार पर नफरत को दर्शाता है, और इसे कतई सहन नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि उन्होंने इस मुद्दे को ब्रिटिश संसद (हाउस ऑफ कॉमन्स) में उठाया और सरकार से आग्रह किया कि वह भारत के प्रति अपना समर्थन स्पष्ट रूप से जताए। उन्होंने जोर देते हुए कहा, मेरी व्यक्तिगत राय में, भारत जो भी कदम आतंकियों और उनके समर्थकों के खिलाफ उठाएगा, हमें उसका समर्थन करना चाहिए। अगर आतंकियों को न्याय के कटघरे में नहीं खड़ा किया जा सकता, तो उन्हें खत्म कर दिया जाना चाहिए। मेरी उम्मीद है कि ब्रिटेन के सभी राजनीतिक दल भारत के साथ खड़े होंगे, चाहे वह कार्रवाई एलओसी के पार सैन्य रूप में ही क्यों न हो।

## आज का इतिहास

1654- यहूदियों को ब्राजील से निकाला गया।

1755- रूस का पहला विश्वविद्यालय राजधानी मॉस्को में खोला गया।

1828- यूनान की आजादी के समर्थन में रूस की तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा।

1903 – गांधी जी ने दक्षिण अफ्रीका में वकालत शुरू की और वहां ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन की स्थापना की।

1920- महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजम का निधन।

1959- क्यूबा ने पनामा पर आक्रमण किया।

1962 – अंतरिक्ष यान रेंजर-4 ने चांद की सतह पर कदम रखा। चांद तक पहुंचने वाला यह पहला अमेरिकी अंतरिक्ष यान था। तकनीकी गड़बड़ी के कारण इसका संपर्क पृथ्वी से टूट गया और यह चांद की सतह के चित्र नहीं भेज सका।

## सुडोकू 6894

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 9 | | | | | | |
| | 7 | | | 2 | | | | |
| | 1 | | | | | 5 | 2 | |
| | 2 | | 4 | | | | 3 | |
| 4 | | | 8 | | 3 | | | 7 |
| | 9 | | | | 6 | | 4 | |
| | 3 | 5 | | | | | 7 | |
| | | | | 7 | | | 5 | |
| | | | | | | 6 | 1 | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# बांग्लादेश : पुलिस ने तीन श्रीलंकाई नागरिकों को छुड़ाया, दोस्त ने फिरौती के लिए किया था किडनैप

**ढाका, (आईएएनएस)।** बांग्लादेश में पुलिस ने फिरौती के लिए किडनैप तीन श्रीलंकाई नागरिकों को छुड़ा लिया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तीनों लोग सोशल मीडिया पर मिले एक दोस्त के बुलावे पर बांग्लादेश आए थे। बांग्लादेश के पुलिस उप महानिरीक्षक (खुलना रेंज) मोहम्मद रजाउल हक ने गुरुवार को स्थानीय पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि पुलिस ने अपहरण मामले में विदेशी नागरिकों को बुलाने वाले व्यक्ति समेत तीन स्थानीय लोगों को गिरफ्तार किया। किडनैप किए गए तीन श्रीलंकाई नागरिकों में एक महिला भी शामिल थी। बांग्लादेश के अखबार द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, गिरफ्तार किए गए चार बांग्लादेशी काजी इमदाद हुसैन, शाहिदुल शेख, जोनी शेख और एसएम शम्सुल आलम ने स्थानीय फोन नंबर से श्रीलंकाई नागरिकों के परिवारों से संपर्क किया और फिरौती की मांग की।

बांग्लादेश के बागेरहाट जिले के पुलिस अधीक्षक तौहिदुल आरिफ के अनुसार, तीनों श्रीलंकाई नागरिक दक्षिण अम्बारी गांव में इमदाद काजी के घर पर पाए गए। बांग्लादेशी मीडिया आउटलेट बीडी न्यूज 24 ने एसपी तौहिदुल आरिफ के हवाले से बताया, हाल ही में इमदाद सोशल मीडिया पर तीन श्रीलंकाई नागरिकों से मिला। इमदाद ने उन्हें व्यापार के अवसरों का हवाला देते हुए बांग्लादेश बुलाया। तीनों श्रीलंकाई नागरिक मंगलवार को बांग्लादेश पहुंचे और वहां पहुंचने के बाद उन्हें बंधक बना लिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया, उनके परिवार वालों ने श्रीलंका से फोन करके हमें बताया कि उनका अपहरण कर लिया गया है। उन्हें बताया गया था कि अगर फिरौती नहीं दी गई, तो उन्हें नहीं छोड़ा जाएगा। हाल ही में अमेरिका ने अपने नागरिकों को बांग्लादेश की यात्रा पर फिर से सोचने के लिए यात्रा सलाह जारी की थी। एडवाइजरी में देश में नागरिक अशांति, अपराध और आतंकवाद का हवाला दिया गया। अमेरिकी विदेश विभाग की यात्रा सलाह में कहा गया कि बांग्लादेश में आतंकवादी हमलों और अन्य हिंसक गतिविधियों का खतरा भी है। इससे पहले, ब्रिटेन ने भी बांग्लादेश के लिए अपनी यात्रा सलाह को अपडेट किया था और अपने नागरिकों को चटगांव हिल ट्रैक्ट्स जैसे क्षेत्रों में केवल जरूरी यात्रा करने की सलाह दी थी और किसी भी अन्य यात्रा से बचने को कहा था।

# पहलगाम में हाल ही हुआ हमला हमास जैसा था

**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** पहलगाम में हाल ही में हुआ आतंकी हमला, हमास की रणनीतियों से प्रेरित था। पहलगाम हमला हमास द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली रणनीतियों जैसा ही था। हमले में चार आतंकी शामिल थे, जिनमें दो पाकिस्तानी थे और दो स्थानीय। इन सभी ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में ट्रेनिंग ली थी। वहां लश्कर और जैश के कैंपों में हमास ने ट्रेनिंग देने का इंतजाम किया है और इसे आईएसआई का भी समर्थन मिला हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, 5 फरवरी 2025 को, कुछ हमास नेताओं को इजरायल ने रिहा किया और वे पाकिस्तान सरकार के बुलावे पर पाकिस्तान आए। उन्हें पीओके ले जाया गया, जहां उनकी मुलाकात लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों से करवाई गई। हमास के नेताओं को रावलकोट की सड़कों पर घोड़ों पर सवारी करके आजादी दिलाने वालों की तरह घुमाया गया।

इस रैली में हमास के प्रवक्ता डॉ. खालिद कद्दूमी और डॉ. नाजी जहीर, साथ ही हमास के नेता मुफ्ती आजम और बिलाल अलसल्लत शामिल हुए थे। इस रैली में जैश-ए-मोहम्मद के नेता मसूद अजहर का भाई तल्हा सैफ, लॉन्चिंग कमांडर असगर खान कश्मीरी, मसूद इलियास और लश्कर-ए-तैयबा के बड़े आतंकवादी कमांडर भी मौजूद थे।

# 5 हजार चीटियों के साथ दबोचे गए दो युवा, अब अदालत दो हफ्तों में सुनाएगी सजा

अफ्रीकी देश केन्या में चीटियों की तस्करी से जुड़ा एक मामला सामने आया है। यहां पुलिस ने बेल्जियम के दो युवाओं को हजारों चीटियों के साथ गिरफ्तार किया है, इन चीटियों की कीमत करीब 9,200 डॉलर बताई जा रही है। कथित तौर पर इनको तस्करी करके यूरोपीय और एशियाई बाजारों में ले जाया जाना था। पुलिस ने इन युवाओं को गिरफ्तार करके जज के सामने पेश किया।केन्या के मुख्य एयरपोर्ट पर बैठी कोर्ट में जज नजेरी थुकू ने कहा कि वह इस मामले में कोई जल्दबाजी नहीं करेंगी, लेकिन 7 मई को सजा सुनाने के पहले इसके पर्यावरणीय प्रभाव और लड़कों की साइक्लॉजिकल स्थितियों की रिपोर्ट देखेंगीं।



रिपोर्ट के मुताबिक बेल्जियम के दो 19 बर्षीय लोनॉर्य डेविड और सेप्पे लोडेविज्क्स को 5 अप्रैल को एक गेस्ट हाउस में 5 हजार चीटियों के साथ गिरफ्तार किया गया था। 15 अप्रैल को इन दोनों पर केन्या के वन्य जीव संरक्षण कानूनों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया। जज के सामने अपने बचाव को रखते हुए दोनों ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि चीटियों को रखना अवैध है, वह तो बस मौज-मस्ती के लिए ऐसा कर रहे थे।

इस मामले को लेकर केन्या वन्यजीव सेवा समिति ने कहा कि यह मामला तस्करी के रुझान में बदलाव को दर्शाता है। पहले बड़े स्तनधारियों की तस्करी की जाती थी लेकिन अब छोटे लेकिन पारिस्थिति रूप से महत्वपूर्ण प्रजातियों की तस्करी की जाती है। पुलिस ने बताया कि दोनों युवा बेल्जियम से पर्यटक वीजा पर केन्या आए थे। यहाँ पर वह पश्चिमी शहर नेवाशा में एक गेस्ट हाउस में रुके हुए थे।

यह शहर पशु पार्क और झीलों के लिए लोकप्रिय है। दोनों की वकील ने प्रेस को बताया कि दोनों को इस बारे में जानकारी नहीं थी कि वह जो कर रहे हैं वह अवैध है। हमें उम्मीद है कि बेल्जियम दूतावास इस न्यायिक प्रक्रिया में उनका समर्थन करेगा। केन्या में इन दिनों चींटियों की तस्करी बढ़ रही है। ऐसा ही एक और केस हाल ही में सामने आया था जिसमें एक कैन्याई और एक वियतनामी शख्स के पास से करीब 400 चीटियां मिली थी।रिपोर्ट्स के मुताबिक सभी चार संदिग्ध यूरोप और एशिया के बाजारों में इनकी तस्करी में शामिल थे।

# चीन अगर भारत का ही पानी रोक दे तो क्या कर लेगा, सिंधु जल समझौते पर पाक को आई दोस्त की याद

**जम्मू-कश्मीर** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने सख्त ऐक्शन लिया है। 1960 से चले आ रहे सिंधु जल समौझेते को पहली बार रोकने का फैसला हुआ है तो वहीं दूतावास से कर्मचारी कम करने, वीजा रद्द करने और बॉर्डर बंद करने जैसे निर्णय भी हुए हैं। इन फैसलों से पाकिस्तान बौखला गया है और अब उसे चीन की याद आ रही है। पाकिस्तान ने पहले तो सिंधु जल समझौते को लेकर कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में जाएगा और वहां चीन एवं रूस जैसे देशों से अपील करेगा कि वे भारत के खिलाफ ऐक्शन लें। यही नहीं अब पाकिस्तान ने सीधे चीन के नाम की धमकी ही देना शुरू कर दिया है। पाकिस्तानी पत्रकार और पूर्व सांसद मुशाहिद हुसैन सैयद ने कहा कि भारत सरकार की ओर से सिंधु जल समझौता रोकने समेत जो फैसला लिए गए हैं, वह आरएसएस के कहने पर हुए हैं।

मुशाहिद हुसैन एक पाक टीवी चैनल से बातचीत में कहा कि अब पाकिस्तान ने जो फैसला लिया है, वह अच्छा है। हुसैन ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने जो जंग शुरू की है, वह आरएसएस के कहने पर की है। उन्होंने कहा कि 2025 में आरएसएस के 100 साल पूरे हो रहे हैं और इसलिए भी ऐसा माहौल बनाया गया है। पाकिस्तान की ओर से भारतीय विमानों के लिए एयरस्पेस बंद करने के फैसले को भी मुशाहिद हुसैन ने कहा कि इससे भारत को बड़ा झटका लगेगा। हुसैन ने कहा कि इससे भारतीय जहाजों का किराया बढ़ जाएगा और लंबे वक्त में उसे नुकसान उठाना पड़ेगा। यही नहीं मुशाहिद हुसैन ने कहा कि पानी के मामले में भारत कोई खास ऐक्शन नहीं ले सकता। उसका कोई ऐक्शन तत्काल असर नहीं दिखाएगा।



उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान का पानी भारत रोकेगा तो चीन भी तो भारत का पानी रोक सकता है। सिंधु नदी और ब्रह्मपुत्र नदी का स्रोत तो तिब्बत से ही है, जो चीन के कब्जे में है। बता दें कि सिंधु नदी का उद्गम स्थल, तिब्बत के मानसरोवर के निकट सिन-का-बाब नामक जलधारा को माना जाता है। यह नदी तिब्बत से होते हुए लद्दाख और जम्मू-कश्मीर से होते हुए पाकिस्तान में प्रवेश करती है। यही नहीं मुशाहिद हुसैन ने कहा कि भारत की मीडिया में पाकिस्तान को लेकर नफरत भरी हुई है। वह चाहता है कि जंग हो और हर घटना के बाद वह 5 मिनट के अंदर पाकिस्तान को दोषी ठहरा देता है। मुशाहिद हुसैन ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि भारत की तरफ से कोई सैन्य हमला किया जाएगा। उन्होंने 2019 में जो हमला किया था, वह एक टेस्ट था। उन्होंने तब चेक कर लिया था और हम झुके नहीं थे।

## वर्ग पहेली 6894

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. प्यार भरी बातचीत
३. निछावर
५. अस्तित्व (उर्दू)
६. गाने वाला
७. शाक, सब्जी
८. चंद्रमा
१३.मेहनत
१५. आईना
१६. लुंगी
१७. प्रण
१८. जुड़ा, मिला हुआ, सहित
२०. प्रार्थना के योग्य
२२. मामूली
२३. सूर्य

**ऊपर से नीचे:-**

१. दर्शक दीर्घा
२. फायदेमंद
३. बहुत ही बुरा (उर्दू)
४. भय, दुख या पीड़ा से पीड़ित होकर जोर से रोना, चिल्लाना
५. भारी (उर्दू)
९. तकलीफ, झंझट (उर्दू)
१०. अंत, अवसान, नतीजा
११. लज्जत, जायका
१२. उऋण, जिसने कर्ज से छुटकारा पा लिया हो
१४. आय (उर्दू)
१७. तारीफ
१९. जवान, तरुण
२०. जान,जी, दम
२१. अगर

## वर्ग पहेली-6893

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ गु | रू | २ कु | ल | ■ | ■ | ३ अ | व | ४ गु | ण |
| म | ■ | स | ■ | ५ वि | ग्र | ह | ■ | ल | ■ |
| ६ च | र | म | ■ | लं | ■ | ७ म | नो | द | शा |
| र | ■ | ८ य | ९ क | ब | य | क | ■ | स्ता | ■ |
| ■ | १० प | ■ | या | ■ | ■ | ■ | ११ आ | ■ | १२ वि |
| १३ प | रि | श्र | म | ■ | १४ मु | ■ | १५ दि | क्क | त |
| ■ | चि | ■ | १६ त | म | च | र | ■ | ■ | र |
| १७ मृ | त | क | ■ | ■ | ल | ■ | १८ च | १९ र | ण |
| णा | ■ | ■ | २० आ | ज्ञा | का | २१ री | ■ | वि | ■ |
| २२ ल | बा | ल | ब | ■ | ■ | २३ ति | लां | ज | लि |


युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# पाकिस्तान पर सिंधु जल संधि का 'परमाणु बम' पूरी तरह से फोड़ने का दबाव

## भारत ने पहलगाम में हुए नरसंहार के बाद सिंधु जल संधि को 'स्थगित' करने का ऐलान किया

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** (देशबन्धु)। भारत ने पहलगाम में हुए नरसंहार के बाद सिंधु जल संधि को 'स्थगित' करने का एलान किया है न कि समाप्त करने का। पर अब जम्मू कश्मीर की जनता को आशा है कि भारत, पाकिस्तान के साथ की गई सिंधु जल संधि को पूरी तरह से समाप्त कर देगा। सभी पक्षों, जहां तक की पर्यवेक्षकों का भी मानना है कि इस संधि को समाप्त करना एक परमाणु बम गिराने के समान होगा क्योंकि अगर जल संधि तोड़ दी जाती है तो भारत से बहने वाले दरियाओं के पानी को पाकिस्तान की ओर जाने से रोका जा सकता है जिसके मायने होंगें पाकिस्तान में पानी के लिए हाहाकार मचना और यह सबसे बड़ा बम होगा पाकिस्तानी जनता के लिए और वह आतंकवाद को बढ़ावा देने की अपनी नीति को बदल लेगा। पुलवामा हमले के बाद से ही यह दबाव और बढ़ा है।




■ 1960 में स्व पंडित जवाहर लाल नेहरू व पाकिस्तान के मार्शल अयूब खान के बीच यह जल संधि हुई थी

■ पानी रूका तो पाकिस्तान पानी के लिए हाहाकार मचेगा

वर्ष 1960 के सितम्बर महीने में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व पंडित जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के सैनिक शासक फील्ड मार्शल अयूब खान के बीच यह जल संधि हुई थी। इस जलसंधि के मुताबिक, भारत को जम्मू कश्मीर में बहने वाले तीन दरियाओं-सिंध, जेहलम और चिनाब -के पानी को रोकने का अधिकार नहीं है। अर्थात, जम्मू कश्मीर के लोगों के शब्दों में 'भारत ने राज्य के लोगों के भविष्य को पाकिस्तान के पास गिरवी रख दिया था।'

यह कड़वी सच्चाई भी है। इन तीनों दरियाओं का पानी अधिक मात्रा में राज्य के वासी इस्तेमाल नहीं कर सकते। इससे अधिक बदनसीबी क्या होगी कि इन दरियाओं पर बनाए जाने वाले बांधों के लिए पहले पाकिस्तान की अनुमति लेनी पड़ती है। असल में जनता का ही नहीं, बल्कि अब तो नेताओं का भी मानना है कि इस जलसंधि ने जम्मू कश्मीर के लोगों को परेशानियों के सिवाय कुछ नहीं दिया है। नतीजतन सिंधु जल संधि को समाप्त करने की मांग करने वालों में सबसे प्रमुख स्वर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री डा फारूक अब्दुल्ला और अब उमर अब्दुल्ला का भी है। वे पिछले कई सालों से इस मांग को दोहरा रहे हैं जहां तक कि अपने शासनाकाल में वे तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जम्मू कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे के दौरान भी फारूक अब्दुल्ला इस मांग का राग अलापने से नहीं चूके थे। उनकी मांग जायज भी थी क्योंकि पाकिस्तान तथा पाक कब्जे वाले कश्मीर की ओर बहने वाले जम्मू कश्मीर के दरियाओं के पानी को पीने तथा सिंचाई के लिए एकत्र करने का अधिकार जम्मू कश्मीर को नहीं है।

# खेल जगत

## हेजलवुड अपने प्रदर्शन में ऐसी निरंतरता लाते हैं : बांगर

**नई दिल्ली।** जोश हेजलवुड के 4-33 विकेट लेने और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को आईपीएल 2025 में अपनी पहली घरेलू जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बाद, पूर्व मुख्य कोच संजय बांगर ने कहा कि अनुभवी तेज गेंदबाज की निरंतरता कुछ ऐसी चीज है जो हर कप्तान प्रतियोगिता में चाहता है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में, राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को अपने चार मैचों की हार के सिलसिले को तोड़ने के लिए आखिरी दो ओवरों में सिर्फ 18 रन चाहिए थे। लेकिन हेजलवुड ने एक यादगार ओवर फेंका, जिसमें उन्होंने सिर्फ एक रन दिया और दो विकेट लिए, जिससे आरसीबी की जीत लगभग पक्की हो गई। हेजलवुड ने अपने आखिरी दो ओवरों में सिर्फ सात रन देते हुए तीन विकेट चटकाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भी मिला। जोश हेजलवुड हर कप्तान के सपनों की तरह निरंतरता लाते हैं।



# पंजाब किंग्स अब केकेआर को उसके घर में भी हराने के इरादे से उतरेगी

■ केकेआर के लिए उसके कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आठ मैचों में तीन अर्द्धशतक जड़े हैं

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। शानदार आगाज करने के बाद राह भटक कर पिछले लगातार तीन मैच में अपने नए कप्तान श्रेयस अय्यर के नाकाम रहने के बावजूद अपने घर में मात्र 111 रन पर सिमटने के बाद पंजाब किंग्स लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल के स्पिन का जाल बुन कर चटकाए चार विकेट की बदौलत केकेआर को 95 रन पर ढेर कर 16 रन से जीत के बाद 2025 आईपीएल में अब उसे उसके घर कोलकाता में भी शनिवार को ईडन गार्डन मैदान पर हरा कर पिछले छह मैचों लगातार तीसरी और कुल चौथी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। केकेआर की कोशिश अपने घर में पंजाब किंग्स पर शनिवार को रिटर्न मैच में जीत दर्ज कर हिसाब चुकता करने के साथ लगातार तीसरी हार से बचने की होगी। केकेआर के लिए उसके कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आठ मैचों में तीन अर्द्धशतक जड़े हैं और कुल 271 रन बनाने के साथ उसके लिए रन बनाने में शीर्ष पर चल रहे है। कोलकाता के उप कप्तान वेंकटेश अय्यर एक अर्द्धशतक को छोड़, सुनील नारायण व क्विंटन डी कॉक एक की सलामी जोड़ी जिस तरह रनों के लिए जूझ रहे उसके मद्देनजर उससे अपने घर में पंजाब किंग्स को रोकना एक बेहद मुश्किल चुनौती नजर आता है। केकेआर पंजाब किंग्स से उसके घर में 17 रन से हारने के बाद पिछले व आठवें मैच में कप्तान अजिंक्य रहाणे के अर्द्धशतक के



बावजूद गुजरात टाइटंस से 39 रन से अपने घर में केकेआर जिस तरह हारी उससे उसके हौसले पस्त हैं। पंजाब किंग्स के आठ मैचों में पांच जीत और तीन हार के साथ कुल दस अंक लेकर अपने कमतर नेट रन रेट के कारण आठ मैचों में पांच जीत व तीन हार के साथ दस अंक ले अपने कमतर नेट रन रेट के कारण पांचवें स्थान पर है। वहीं केकेआर आठ मैचों में मात्र तीन जीत और पांच हार के साथ कुल छह अंक ले सातवें स्थान पर है। पंजाब किंग्स अपने घर में मेहमान केकेआर को हराने के बाद अगले मैच में अपने घर में आरसीबी से पिछले मैच में सात विकेट से हार गई थी। केकेआर के लिए उसके कप्तान अजिंक्य रहाणे ने तीन अर्द्धशतक सहित सबसे अधिक आठ मैचो में सबसे ज्यादा 271 रन, अंग कृष रघुवंशी ने एक अर्द्धशतक सहित 197 रन, क्विंटन डी ने एक अर्द्धशतक सहित 143, वेंकटेश अय्यर ने एक अर्धशतक सहित 130 रन, अनुभव आंद्रे रसेल ने आठ मैचों मे मात्र 55 रन बनाए हैं। साफ है कि केकेआर की बल्लेबाजी मौजूदा संस्करण में बराबर जूझती ही नजर रही है। पंजाब किंग्स के लिए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ( 8 मैच, 11 विकेट) , लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल (8 मैच, 9 विकेट), तेज गेंदबाज मार्क येनसन (8 मैच, 8 विकेट), आंद्रे रसेल( 8 मैच, 6 विकेट), लॉकी फर्गुसन (4 मैच, 5 विकेट) से केकेआर के शीर्ष क्रम को चौकस रहना होगा। कप्तान श्रेयस अय्यर ने बतौर बल्लेबाज और कप्तान अनुकरणीय खेल दिखा पिछले सीजन में केकेआर की चैम्पियन बनाया था। आठ मैचों में तीन अर्द्धशतक जड़ चुके श्रेयस केकेआर टीम की ताकत के साथ ईडन गार्डन की पिच से बढ़िया ढंग से वाकिफ होने के बाद फिर बल्ले से रंगत पाकर बड़ी पारी खेलने को बेताब होंगे। पंजाब किंग्स के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर ने तीन अर्धशतक सहित कुल 263 रन, सलामी बल्लेबाज बल्लेबाज प्रियांश आर्य ने एक शतक सहित 254 रन, प्रभसिमरन सिंह ने 8 मैचों में एक अर्द्धशतक सहित 209 रन,नेहाल वढेरा ने सात मैचों एक अर्द्धशतक सहित 189 रन, शशांक सिंह ने आठ मैचों में चार बार अविजित रह एक अर्द्धशतक सहित 158 रन बनाए हैं।

### हम बढ़िया आगाज का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं : श्रेयस अय्यर

आप ज्यादातर बल्लेबाजों को देखेंगे तो वह पहली ही गेंद से दे दनादन करना पसंद करते है। हम बढ़िया आगाज का लाभ नही उठा पा रहे हैं। अब पिचें भी धीमी और धीमी होती जा रही है। यहां तक बीच के ओवरों में हम गेंदबाजों पर प्रहार कर सकते थे। विराट और उनकी आरसीबी की टीम की इस जीत के लिए सराहना करनी होगी। हम बराबर पिचों से तालमेल बनाने की चर्चा कर रहे हैं। हम कुछ बल्लेबाजो को बीच के ओवर में आक्रामक तेवर दिखाने की जरूरत है। मैं जेहनी तौर पर बढ़िया स्थिति में हूं।मुझे शुरू के दस रन को पार करने की जरूरत है। मुझे खुल कर बल्लेबाजी करने की जरूरत है। हमें फिर से अपनी रणनीति पर विचार करना होगा।

### हमारी सलामी जोड़ी अब तक टूर्नामेंट में जूझती नजर आई : अजिंक्य रहाणे

199 रन के लक्ष्य का पीछा किया जा सकता था। हमने गेंद के साथ बढ़िया वापसी की। आप सलामी जोड़ी से अच्छे आगाज की उम्मीद करते है और हमारी सलामी जोड़ी ही अब तक टूर्नामेंट मे जूझती नजर आई। हमें जल्दी सबक लेकर आगे बढ़ना होगा। पिच कुछ धीमी थी पर जब हम गेंदबाजी कर रहे थे तो हमें लगा था इस पर 210 या 200 रन का स्कोर एक अच्छा स्कोर होगा।हमें सलामी जोड़ी से अच्छी शुरुआत की की उम्मीद है।गेंदबाजों से कोई शिकायत ही है। सभी मेहनत कर रहे हैं। इस फॉर्मेट में बतौर बल्लेबाज बहादुरी दिखाने की जरूरत होती है। आप अतीत के बारे में बहुत ज्यादा नहीं सोच सकते हैं। आपको गलतियों से सबक लेकर आगे बढ़ना होता है और बाउंड्री जड़ने के बारे में सोचता होगा। हमारे रा मध्यकर्म में उत्कृष्ट बल्लेबाज हैं। आपको बहादुर दिखानी होगी। अंग कृष अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं।

# कोहली के शानदार प्रदर्शन से आरसीबी को थोड़ा बेहतर स्कोर बनाने में मदद मिली : बांगर

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व मुख्य कोच संजय बांगर ने कहा कि विराट कोहली ने जिस तरह से 70 रनों की पारी खेली, उससे टीम को थोड़ा बेहतर स्कोर बनाने में मदद मिली और अंतत: राजस्थान रॉयल्स पर 11 रनों की जीत मिली। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में, कोहली ने मौजूदा सत्र का अपना पांचवां अर्द्धशतक लगाया, जबकि देवदत्त पडिक्कल के साथ 95 रनों की साझेदारी की, जिन्होंने भी अर्द्धशतक लगाया, जिससे आरसीबी ने 205/5 का स्कोर बनाया। जवाब में जोश हेजलवुड के 4-33 की शानदार गेंदबाजी और स्पिनरों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत आरसीबी ने आईपीएल 2025 में अपनी पहली घरेलू जीत दर्ज की। बांगर ने जियोस्टार पर कहा कि यह विराट कोहली की खासियत थी। कुछ कम स्कोर के बाद, वह अपनी डिफाल्ट शैली में लौट आए- जोखिम रहित क्रिकेट, धैर्यपूर्वक पारी का निर्माण। एक बार जब खेल सेट हो गया, तो उन्होंने आक्रामक शॉट्स के साथ शुरुआत की। मुख्य बात यह थी कि उन्होंने पहले 7-8 ओवर कैसे संभाले और न केवल अपने साथी को, बल्कि डगआउट को भी आश्वस्त किया। जिस तरह से उन्होंने पारी को आगे बढ़ाया, उससे आरसीबी को थोड़ा बेहतर स्कोर बनाने में मदद मिली। बांगर, जिन्होंने भारत के बल्लेबाजी कोच के रूप में भी काम किया, ने प्रमुख सामरिक त्रुटियों और लापरवाह शॉट चयन की ओर भी इशारा किया, जिसके कारण आरआर लगातार तीसरी बार रन-चेज में फंस गया।



■ एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में, कोहली ने मौजूदा सत्र का अपना पांचवां अर्द्धशतक लगाया

### आरसीबी के हिट प्रदर्शन में 'सुपरहिट' रही है विराट कोहली की परफॉरमेंस

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। विराट कोहली के बल्ले से सीजन में काफी रन निकल रहे हैं, तो बाकी खिलाड़ियों ने भी अहम मौकों पर अपनी भूमिका अदा की है। इतने बेहतर प्रदर्शन के बावजूद आरसीबी के लिए यह अपने घरेलू मैदान एम चिन्नास्वामी पर इस सीजन की पहली जीत थी। आईपीएल 2025 में यह इस मैदान पर आरसीबी का चौथा मैच था, जिसमें उन्होंने गुजरात टाइटंस, दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के हाथों मात खाई। इसके बाद माना जाने लगा था कि आरसीबी अपने घरेलू मैदान की पिच को ही समझ नहीं पा रही है। ऐसे में गुरुवार रात को मिली जीत और भी खास हो जाती है। इस मैच में आरसीबी ने आरआर को 11 रनों से मात दी। हालांकि, एम चिन्नास्वामी में आरसीबी के लिए फिलहाल एक चीज अभी तक नहीं बदली है। यह है कप्तान रजत पाटीदार का आईपीएल 2025 में इस मैदान पर लगातार टॉस हारना। इस बार भी पाटीदार ने टॉस हारा। इस तरह से आरसीबी इस सीजन में अपने घरेलू मैदान पर लगातार चौथी बार टॉस हार चुकी है। विराट कोहली की बल्लेबाजी आरसीबी के लिए सबसे खास बात रही है। आरसीबी के पूर्व कप्तान ने गजब की फॉर्म का परिचय दिया है और उनकी बैटिंग पर उनकी टीम की जीत बहुत निर्भर कर रही है। आरसीबी ने जिन मैचों में आईपीएल 2025 में जीत दर्ज की है, उनमें कोहली ने पांच अर्धशतक लगाए हैं। तीन मौकों पर वह नाबाद रहे हैं।

# पहलगाम हमले के बाद पाक हॉकी टीम का एशिया कप दौरा खतरे में

**मुंबई,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद, इस साल बाद में राजगीर में होने वाले एशिया कप के लिए पाकिस्तान की पुरुष हॉकी टीम का भारत दौरा बढ़ते तनाव के मद्देनजर संदेह के घेरे में है। भारत ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों पर किए गए हमले का जवाब देते हुए सभी पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए वीजा रद्द कर दिए हैं। यूरोप स्थित वेबसाइट टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस कदम से अगस्त में एशिया कप के लिए पाकिस्तान हॉकी टीम के भारत दौरे को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है। 27 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में खेले जाने वाले आठ टीमों के पुरुष एशिया कप में पाकिस्तान भी शामिल है। हमले से नाराज कई प्रमुख भारतीयों ने सरकार से पाकिस्तान के साथ सभी संबंध खत्म करने को कहा है - जिसमें खेल संबंध भी शामिल हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है



■ 27 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में खेले जाने वाले आठ टीमों के पुरुष एशिया कप में पाकिस्तान भी शामिल

कि इससे पाकिस्तान में भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान हॉकी टीम को एशिया कप के लिए भारत दौरे की अनुमति दिए जाने पर संदेह पैदा हो गया है। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के महासचिव राणा मुजाहिद हाल के घटनाक्रमों के बाद एशिया कप के लिए टीम के भारत दौरे को लेकर बहुत आशावादी नहीं हैं।

# एनसी क्लासिक में नदीम को आमंत्रित करने पर मुझे नफरत और गाली मिल रही है : नीरज

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। दो बार ओलंपिक में पदक जीत चुके नीरज चोपड़ा ने दुख जताया है कि कुछ लोगों ने उनकी देशभक्ति पर सवाल उठाए हैं। यह विवाद इसलिए हुआ क्योंकि उन्होंने पाकिस्तान के खिलाड़ी अरशद नदीम को 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' प्रतियोगिता में बुलाया था। यह आयोजन 24 मई को बेंगलुरु के श्री कांतिरावा स्टेडियम में होना है। हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चले जाने के बाद यह विवाद और बढ़ गया। नीरज ने कहा कि उन्हें और उनके परिवार को प्रतियोगिता के लिए अरशद को आमंत्रित करने पर कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा है। नीरज ने बताया कि अरशद को निमंत्रण हमले से पहले भेजा गया था, और इसका मकसद केवल यही था कि दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों को भारत लाया जाए। क्योंकि अरशद ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं, इसलिए उन्हें बुलाया गया था। लेकिन अब, इस हमले के बाद, अरशद का आना पूरी तरह से रद्द कर दिया गया है। नीरज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि मैं ज्यादा बोलने वाला व्यक्ति नहीं हूं, लेकिन इसका अर्थ नहीं है कि मैं तब भी नहीं बोलूंगा जब मुझे लगता है कुछ गलत हो रहा है। खासकर जब बात देश के प्रति मेरे प्रेम और मेरे परिवार की इज्जत पर आती है, तो मैं चुप नहीं रह सकता। अरशद को बुलाने के मेरे फैसले पर बहुत नफरत और गालियां मिल रही हैं, यहां तक कि मेरे परिवार को भी निशाना बनाया गया। यह आमंत्रण एक खिलाड़ी की तरफ से दूसरे खिलाड़ी को दिया गया था। इसमें न कोई राजनीति थी, न कोई निजी लाभ। एनसी क्लासिक का उद्देश्य भारत में सर्वश्रेष्ठ एथलीटों को लाना और हमारे देश को विश्व स्तरीय खेल आयोजनों को होस्ट करना था।




■ यह आयोजन 24 मई को बेंगलुरु के श्री कांतिरावा स्टेडियम में होना है

## सार संक्षेप

### यूपी स्टेट सब जूनियर कराटे में लखनऊ ने जमाई धाक

**लखनऊ।** मेजबान लखनऊ के खिलाड़ियों ने यूपी स्टेट सब जूनियर, कैडेट, जूनियर कराटे चैंपियनशिप-2025 के पहले दिन पांच स्वर्ण पदक जीतकर अपनी धाक जमाई। कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के तत्वावधान में कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ द्वारा चौक स्टेडियम स्थित लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित चैंपियनशिप में पहले दिन लखनऊ के खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य सहित 10 पदक अपने नाम किए। गौतमबुद्ध नगर ने भी 2 स्वर्ण, 3 रजत व 5 कांस्य पदक सहित 10 पदक जीतकर मेजबान को कांटे की टक्कर दी। दूसरी ओर वाराणसी ने 2 स्वर्ण सहित 13 पदक और गाजियाबाद ने 2 स्वर्ण सहित 9 पदकों के साथ दमदार प्रदर्शन किया। लखनऊ के लिए विवान आहूजा ने जूनियर बालक काता, भावनी शर्मा ने जूनियर बालिका काता, श्रेष्ठ श्रीवास्तव ने कैडेट बालक काता और ईशान्या पाण्डेय ने जूनियर बालिका कुमिते के 42 किग्रा से कम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। वहीं लखनऊ को जूनियर बालक टीम काता में भी पहला स्थान मिला।

### चोटिल पाउला बडोसा ने मैड्रिड ओपन से नाम लिया वापस

**मैड्रिड।** स्पेन की महिला टेनिस स्टार पाउला बडोसा ने पीठ की चोट के कारण मैड्रिड ओपन से अपना नाम वापस ले लिया हैं। पाउला बडोसा का शुक्रवार को मैड्रिड ओपन से नाम वापस लेने की घोषणा करना स्पेन के टेनिस प्रशंसकों के लिये यह दोहरा झटका है। इससे पहले विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज कमर की चोट के कारण टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था। बडोसा ने आज सोशल मीडिया मंच पर टूर्नामेंट से वापस लेने की घोषणा करते हुए कहा कि सभी को नमस्कार, मैं आपको बताना चाहती हूँ कि दुर्भाग्य से मैं मैड्रिड ओपन में भाग नहीं ले पाऊँगी। मैंने आखिरी मिनट तक हर संभव प्रयास किया। आप जानते हैं कि मुझे घर पर खेलना पसंद है, लेकिन चोट के कारण मुझे परेशानी हो रही है।

# ऑस्ट्रेलिया दौरा हमारे लिए मैच अनुभव हासिल करने का शानदार अवसर : सलीमा टेटे

**पर्थ,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। एक महीने लंबे सीनियर नेशनल ट्रेनिंग कैंप के बाद, भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से 4 मई तक ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर पांच मुकाबले खेलेगी। दौरे की शुरुआत 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम के खिलाफ दो मुकाबलों से होगी। इसके बाद 1, 3 और 4 मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में विश्व की पांचवें स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलियाई सीनियर महिला टीम के साथ तीन मैच खेले जाएंगे। भारतीय टीम ने हाल ही में एफआईएच हॉकी प्रो लीग (महिला) में घरेलू मैदान पर भाग लिया था, जहां उन्होंने दो जीत और एक शूटआउट जीत हासिल की। टूर्नामेंट के अंत में टीम ने विश्व की नंबर एक टीम नीदरलैंड्स के खिलाफ 2-2 की बराबरी के बाद शूटआउट में बोनस अंक हासिल कर शानदार समापन किया। इस दौरे के लिए हॉकी इंडिया ने 26 खिलाड़ियों की टीम घोषित की है। सलीमा टेटे टीम की कप्तान होंगी और नवनीत कौर उपकप्तान के रूप में उनका साथ देंगी। युवा ड्रैग-फ्लिकर दीपिका, जिन्होंने फरवरी में प्रो लीग में तीन गोल किए थे, अपनी अच्छी फॉर्म को बनाए रखने के लिए तैयार हैं। अनुभवी गोलकीपर सविता इस दौरे पर भी टीम के डिफेंस की अगुवाई करेंगी, जिन्होंने हाल ही में 300 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे किए हैं। इस टीम में पांच नए चेहरे- ज्योति सिंह, सुजाता कुजूर, अजमीना कुजूर, पूजा यादव और महिमा टेटे शामिल किए गए हैं, जो इस दौरे पर पहली बार सीनियर टीम के लिए खेल सकती हैं। यह दौरा इन युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करने और उच्च स्तर की हॉकी के दबाव को समझने का अच्छा अवसर है। सीरीज से पहले कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि हम पर्थ पहुंचकर बहुत उत्साहित हैं।




■ दौरे की शुरुआत 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम के खिलाफ दो मुकाबलों से होगी

■ इस दौरे के लिए हॉकी इंडिया ने 26 खिलाड़ियों की टीम घोषित की है

# बिहार ने 12वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला रग्बी 7 चैंपियनशिप में जीता खिताब

**गुवाहाटी,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार ने गत चैंपियन ओडिशा को 21-12 से हराकर 12वीं सीनियर राष्ट्रीय रग्बी 7 चैंपियनशिप (महिला) का खिताब अपने नाम कर लिया। यह बिहार का दूसरा राष्ट्रीय चैंपियनशिप खिताब है, इससे पहले उसने 2022 में घरेलू मैदान पर यह खिताब जीता था। कांस्य पदक के लिए भी मुकाबला काफी करीबी रहा, जिसमें महाराष्ट्र ने दिल्ली को 14-5 से हराकर अपना तीसरा स्थान बरकरार रखा।

ओडिशा की सुनीता हंसदा 13 प्रयासों के साथ प्रतियोगिता में शीर्ष स्कोरर बनीं, जबकि बिहार की अंशु कुमारी और आरती कुमारी 12 प्रयासों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। महिलाओं की प्रतियोगिता के समापन पर बोलते हुए, भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा कि 12वें सीनियर नेशनल्स में टीमों के बीच कुछ जबरदस्त मुकाबले देखने को मिले और यह पिछले कुछ वर्षों में देश में महिला रग्बी की प्रगति का प्रमाण है। 24 राज्यों की सभी टीमें जिन्होंने भाग लिया, मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रशंसा की पात्र हैं।

सभी पदक विजेताओं और विशेष रूप से बिहार को अपनी दूसरी राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतने पर बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने कहा कि बिहार ने महिला रग्बी में जो प्रगति की है, वह किसी भी आने वाले राज्य के लिए अनुकरणीय उदाहरण है। बोस ने प्रतियोगिता की मेजबानी में दिए गए व्यापक सहयोग के लिए असम सरकार को भी धन्यवाद दिया।




■ महाराष्ट्र ने दिल्ली को 14-5 से हराकर अपना तीसरा स्थान बरकरार रखा

# कपिल देव ग्रांट थॉर्नटन आमंत्रण : चीमा ने दूसरे दिन 64 का शानदार कार्ड खेला

■ अभिनव के शानदार राउंड ने उन्हें रात भर के चौथे स्थान से दो स्थान ऊपर पहुंचा दिया

**बेंगलुरु,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। चंडीगढ़ के अंगद चीमा ने बेंगलुरू के प्रेस्टीज गोल्फशायर क्लब में खेले जा रहे 2 करोड़ रुपये के कपिल देव ग्रांट थॉर्नटन आमंत्रण 2025 गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में शुक्रवार को आठ अंडर 64 का शानदार स्कोर बनाकर एक शॉट की बढ़त हासिल कर ली है। पहले राउंड के बाद चौथे स्थान पर चल रहे अंगद (66-64) ने दूसरे राउंड में अपने शानदार प्रदर्शन के कारण तीन स्थान का सुधार किया। फरीदाबाद के अभिनव लोहान (66-65) ने दूसरे दिन 65 का शानदार स्कोर बनाकर 13 अंडर 131 के साथ दूसरे स्थान पर दिन का




अंत किया। अभिनव के शानदार राउंड ने उन्हें रात भर के चौथे स्थान से दो स्थान ऊपर पहुंचा दिया। खलिन जोशी (65-67) ने 67 का स्कोर बनाया और एक स्ट्रोक पीछे तीसरे स्थान पर रहे। ग्रेटर नोएडा के सक्षक तलवार (70-63), जो इस साल पीजीटीआई में विजेता हैं, ने शुक्रवार को 10 बर्डी और एक बोगी मारी और राउंड वन में गौरव प्रताप सिंह द्वारा बनाए गए 63 के कोर्स रिकॉर्ड की बराबरी की।


इस तरह सक्षक 19 पायदान ऊपर चढ़कर 11-अंडर 133 के साथ चौथे स्थान पर रहे। 20 वर्षीय हिताशी बख्शी (69-65) ने दूसरे दिन त्रुटि-रहित 65 का स्कोर बनाया और महिला पेशेवरों में सर्वोच्च स्थान पर रहीं, क्योंकि वह 10-अंडर 134 के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। अंगद चीमा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रंट नाइन पर बढ़त बनाई, जहां उन्होंने छह बर्डी लगाईं। चीमा, जिन्होंने शुक्रवार को रेगुलेशन में 17 ग्रीन बनाए थे, ने इसके बाद बैक नाइन पर दो और बर्डी लगाईं। अंगद ने छठे होल पर बर्डी के लिए चिप इन किया, 10 से 20 फीट की रेंज से तीन बर्डी ड्रेन की, और दो बर्डी सेट करने के लिए पांच फीट के भीतर लैंड किया। यह टूर्नामेंट प्रोफेशनल चैंपियनशिप को रोमांचक प्रो-एम घटक के साथ जोड़ता है, जो पेशेवरों और एमेच्योर को गतिशील और आकर्षक तरीके से एक साथ लाता है। तीन दिवसीय, 54-होल चैंपियनशिप में 60 पुरुष और 12 महिला पेशेवर एक ही पुरस्कार राशि के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस आयोजन में रोटेशनल प्रारूप में तीन प्रो-एम राउंड भी होंगे, जिसमें 48 पेशेवर सुबह में टी-ऑफ करेंगे, जबकि शेष 24 दोपहर के सत्र में 72 एमेच्योर के साथ जोड़ी बनाएंगे।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.104 |
| 2- | दिल्ली कैपिटल | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.657 |
| 3- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 10 | +0.482 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 9 | 5 | 4 | 10 | +0. 673 |
| 5- | पंजाब किंग्स | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.177 |
| 6- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.054 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 8 | 3 | 5 | 6 | +0.212 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.625 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 8 | 2 | 6 | 4 | -1.361 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 2 | 6 | 4 | -1.392 |

# अर्थ जगत

## आरबीआई ने को-ऑपरेटिव बैंक का लाइसेंस किया रद्द

मुम्बई। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को जालंधर स्थित इंपीरियल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया है। आरबीआई का यह कदम इस वजह से उठाया गया क्योंकि बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं नहीं थीं। आरबीआई ने बैंक के परिसमापन (लिक्विडेशन) की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसके तहत हर जमाकर्ता को जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम से 5 लाख रुपए तक की अपनी जमा राशि पर जमा बीमा दावा प्राप्त करने का हक मिलेगा।



# आतंकी हमले के बाद श्रीनगर से पर्यटकों की वापसी तेज

## 10 हजार से अधिक यात्रियों ने किया टेक ऑफ



*नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले के तीन दिन बाद भी हालात सामान्य नहीं हो सके हैं। गुरुवार को श्रीनगर एयरपोर्ट पर भारी भीड़ देखी गई, जहां देश के विभिन्न शहरों की ओर लौटने वाले टूरिस्टों की संख्या में बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं कश्मीर आने वाले यात्रियों की संख्या में भारी गिरावट आई है।*

**100 प्रतिशत पैसेंजर लोड, फ्लाइटें फुल-** गुरुवार को श्रीनगर एयरपोर्ट से सुबह 6.28 बजे से रात 7.59 बजे तक 110 फ्लाइटों का संचालन हुआ, जिनमें से 10,000 से अधिक यात्रियों ने कश्मीर छोड़ा, जबकि सिर्फ 4,000 के आसपास यात्री पहुंचे। श्रीनगर से टेक-ऑफ करने वाली अधिकतर फ्लाइटें पूरी तरह भरी हुई थीं, वहीं यहां लैंड करने वाली कई फ्लाइटें लगभग खाली थीं, कुछ में तो केवल 2-4 यात्री ही थे।

**बुकिंग में भारी गिरावट, कैंसिलेशन का आंकड़ा 95 प्रतिशत पार-** ट्रैवल एजेंसियों के मुताबिक, श्रीनगर के लिए बुकिंग में 95 प्रतिशत तक की गिरावट देखी जा रही है। टूरिस्ट अपनी फ्लाइट, होटल और टैक्सी बुकिंग को कैंसल या री-शेड्यूल कर रहे हैं। बचे हुए यात्रियों में ज्यादातर जम्मू-कश्मीर के स्थानीय निवासी हैं, जो काम या पारिवारिक कारणों से बाहर गए थे और अब लौट रहे हैं।

**सरकार की निगरानी में फ्लाइट किराया, नहीं बढ़े रेट-** हालांकि एविएशन मंत्रालय और डीजीसीए ने किरायों पर कड़ी नजर रखी है। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू के निर्देश पर एयरलाइंस ने आपदा के बीच किरायों को बढ़ाने से परहेज किया है। गुरुवार को श्रीनगर के लिए इंडिगो, एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और स्पाइसजेट ने उड़ानें संचालित कीं। साथ ही, 7 स्पेशल फ्लाइट्स भी चलाई गईं।

## विरोध में दिल्ली व्यापार बंद 1,500 करोड़ का कारोबार ठप्प



**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ देशभर में गुस्सा है और इसका असर शुक्रवार को दिल्ली के व्यापारिक बाजारों में भी देखने को मिला। राजधानी के 900 से अधिक बाजारों की करीब 8 लाख दुकानें बंद रहीं, जिससे करीब 1,500 करोड़ रुपए का कारोबार ठप हो गया। दिल्ली के विभिन्न बाजारों में व्यापारियों ने श्रद्धांजलि सभाएं, मौन मार्च और कैंडल मार्च निकालकर हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान राष्ट्रगान भी गाया गया और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट संघर्ष का संकल्प लिया गया। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स और दिल्ली व्यापार महासंघ समेत 100 से अधिक व्यापारी संगठनों ने व्यापार बंद का आह्वान किया था। केट के महामंत्री एवं सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा, अब समय आ गया है कि पाकिस्तान से सभी प्रकार के व्यापारिक संबंध समाप्त कर दिए जाएं। उन्होंने कहा कि कैट की नेशनल गवर्निंग काउंसिल की अगली बैठक में पाकिस्तान से आयात-निर्यात बंद करने का प्रस्ताव रखा जाएगा।

### निवेशकों के 10 लाख करोड़ स्वाहा

# शेयर बाजार में घबराहट का माहौल




*मुम्बई। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 1100 अंकों से ज्यादा की गिरावट के साथ 78,800 के स्तर पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 335 अंक टूटकर 23,908 पर आ गया। सेंसेक्स 588 अंक गिरकर 79,212 के स्तर पर और निफ्टी भी 207 अंक गिरकर 24,039 के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले सेंसेक्स करीब 1155 अंक गिरकर 78,645 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी में भी 386 अंक की गिरावट थी, ये 23,860 के स्तर पर पहुंच गया। बाजार में आई इस गिरावट से निवेशकों को केवल कुछ घंटों में करीब 10 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।*

**बैंकिंग और मिडकैप-स्मॉलकैप शेयरों पर भारी दबाव-** सबसे अधिक बिकवाली बैंकिंग शेयरों में देखने को मिली, वहीं निफ्टी स्मॉलकैप 100 और मिडकैप 100 इंडेक्स क्रमशः 3 प्रतिशत और 2.5 प्रतिशत तक टूट गए। प्रमुख सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

### गिरावट के पीछे प्रमुख कारण

**पहलगाम आतंकी हमले से निवेशकों में अनिश्चितता-** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बाजार भू-राजनीतिक तनाव को लेकर सतर्क हो गया है। निवेशक भारत की सैन्य और कूटनीतिक प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं, जिससे ट्रेडिंग में सतर्कता देखी जा रही है।

**कमजोर तिमाही नतीजे और विदेशी निवेशकों की बिकवाली-** मार्च तिमाही के शुरुआती परिणाम उम्मीद से कमजोर रहे हैं। वहीं, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भी मुनाफावसूली शुरू कर दी है, जिससे बिकवाली का दबाव और बढ़ा।

**मुनाफावसूली का दौर-** 9 से 23 अप्रैल के बीच बाजार में जबरदस्त तेजी देखी गई थी, सेंसेक्स ने 8.5 प्रतिशत और निफ्टी ने 1900 अंक की छलांग लगाई थी। मौजूदा ऊंचाई पर निवेशकों ने मुनाफा वसूली शुरू की, जिससे बाजार में करेक्शन आया। विशेषज्ञों का कहना है कि भारतीय बाजार अभी ऊंचे वैल्यूएशन पर हैं, जिससे करेक्शन का दबाव बना है। टीना फीलिंग के बावजूद निवेशक फिलहाल सतर्क हैं।

# पहलगाम हमले के पीड़ितों की मदद के लिए आगे आया एनएसई

### 1 करोड़ की मदद का ऐलान

*नई दिल्ली। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के परिजनों को एक करोड़ रुपए देने की घोषणा की। एनएसई के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक चौहान ने पहलगाम हमले पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा, इस कठिन समय में पीड़ितों के परिवारों के साथ एकजुटता दिखाते हुए एनएसई ने उन्हें एक करोड़ रुपए देने का वचन दिया है।*

**सोशल मीडिया पर जताई संवेदना-** उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हम 22 अप्रैल, 2025 को कश्मीर में हुए दुखद आतंकवादी हमले से बहुत दुखी हैं, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई। अनंतनाग जिले में पहलगाम के निकट बैसरन में मंगलवार को आतंकवादियों ने 26 लोगों को मार डाला था जिनमें अधिकतर पर्यटक थे।

**देशभर से मिल रहा समर्थन-** एनएसई की इस पहल की देशभर में सराहना हो रही है। इस प्रकार की आर्थिक सहायता न केवल पीड़ित परिवारों को राहत देती है, बल्कि समाज में यह संदेश भी देती है कि मानवता और एकजुटता अभी भी जीवित हैं। सरकारी और निजी संस्थानों से भी ऐसी अपेक्षा की जा रही है कि वे दुख की इस घड़ी में योगदान दें और पीड़ितों के पुनर्वास में सहायता करें।

**एकजुट भारत की तस्वीर-** यह सहायता राशि सिर्फ आर्थिक मदद नहीं, बल्कि एकजुट भारत की भावना का प्रतीक है। ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव और सहानुभूति की भावना को बढ़ावा देते हैं।

# ईपीएफओ : 3 दिन में मिल सकेगा 5 लाख तक एडवांस क्लेम, बिना किसी दस्तावेज के

*नई दिल्ली। प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले करोड़ों कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने अपने मेंबर्स को बड़ी सुविधा देने का फैसला किया है। अब मेडिकल इमरजेंसी, घर की मरम्मत, शादी या बच्चों की पढ़ाई जैसे मामलों में केवल 3 दिन में 5 लाख रुपए तक एडवांस क्लेम मिल सकेगा, वो भी बिना किसी दस्तावेज के।*

**पहले कितनी थी लिमिट-** अब तक ईपीएफओ में ऑटो-सेटलमेंट की लिमिट 1 लाख थी, जिसे मई 2024 में ?50,000 से बढ़ाया गया था लेकिन अब इस सीमा को सीधे 5 लाख कर दिया गया है। इसका सीधा फायदा 7.5 करोड़ से ज्यादाई पीएफओ सदस्यों को मिलेगा।

**ऑटो क्लेम सेटलमेंट-** फटाफट पैसा, बिना भागदौड़ अब आपको क्लेम के लिए ईपीएफओ ऑफिस के चक्कर नहीं लगाने होंगे। डिजिटल वेरिफिकेशन के जरिए पैसा सीधे आपके बैंक खाते में पहुंच जाएगा। वित्त वर्ष 2023-24 में 90 लाख लोगों ने इस सुविधा का फायदा उठाया था और अब उम्मीद है कि 2024-25 में ये आंकड़ा 2 करोड़ को पार कर जाएगा।




## जल्द ही पीएफ निकासी भी होगी एटीएम और यूपीआई से

ईपीएफओ और नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया मिलकर ऐसा सिस्टम तैयार कर रहे हैं जिससे जून 2025 से पीएफ की रकम एटीएम या यूपीआई से भी निकाली जा सकेगी। यह सुविधा बैंक एटीएम से पैसे निकालने जैसी ही होगी। ईपीएफओ की अगली बोर्ड बैठक में इस पर अंतिम मुहर लग सकती है।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85. 45 |
| एक यूरो | 97. 10 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 113. 93 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 68 |
| एक जापानी येन | 0. 59 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 118 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 132 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-140 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -66 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 97450 चांदी -100300

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 97450 चांदी -100300

## दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एकस्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

## लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

# रुपए ने पकड़ी रफ्तार, 25 पैसे की बढ़त



*मुम्बई। रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 25 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.08 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी प्रवाह से इसे बल मिला। अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते से भारत की रणनीतिक बढ़त और बढ़ेगी।*

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.17 प्रति डॉलर पर खुला और फिर 85.19 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर आ गया। हालांकि फिर वापसी करता हुआ 85.08 प्रति डॉलर पर कारोबार करने लगा जो पिछले बंद भाव से 25 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.33 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.75 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.54 प्रतिशत चढ़कर 66.91 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बृहस्पतिवार को लिवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 8,250.53 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

**रुपए मजबूत होने से भारत को क्या होगा फायदा? -** रुपए में मजबूती से भारत को आयात बिल कम होगा। रुपया मजबूत होने से पेट्रोल, डीजल, गैस जैसे ईंधन सस्ते हो सकते हैं। मोबाइल, लैपटॉप, गाडियां और दूसरी विदेशी चीजों की कीमत कम होंगी। कुल मिलाकर महंगाई में कमी आएगी। सरकार और कंपनियों को अगर विदेशी मुद्रा में लोन लेना या चुकाना हो, तो मजबूत रुपया इस बोझ को हल्का करता है। विदेश घूमना और विदेशों में पढ़ाई करने वाले छात्रों का खर्च कम होगा। निवेशकों का भरोसा भारतीय अर्थव्यवस्था पर बढ़ेगा।

# पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति बेहद नाजुक : वर्ल्ड बैंक




*नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को एक और झटका लगा है। वर्ल्ड बैंक की नई रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति बेहद नाजुक हो गई है और इस साल करीब 1 करोड़ लोग भूखमरी की कगार पर पहुंच सकते हैं।*

वर्ल्ड बैंक के अनुसार, पाकिस्तान की आर्थिक विकास दर 2024-25 में सिर्फ 2.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। इसकी वजह है सरकार की सख्त आर्थिक नीतियां और बजट घाटा, जिसे शाहबाज शरीफ की सरकार अब तक नियंत्रित नहीं कर पाई है। इससे देश का कुल कर्ज और बढ़ने की आशंका है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि मौसम की मार से कृषि उत्पादन बुरी तरह प्रभावित होगा, खासतौर पर चावल और बाजरे की फसल। इससे खाद्यान्न संकट गहराएगा और ग्रामीण इलाकों में हालात और भी खराब होंगे।

वर्ल्ड बैंक ने चेताया कि इस वित्तीय वर्ष में लगभग 19 लाख लोग गरीबी रेखा के नीचे फिसल सकते हैं, जो पाकिस्तान की आबादी का लगभग 2 प्रतिशत है।

इसके अलावा रोजगार-से-जनसंख्या अनुपात केवल 49.7 प्रतिशत है, जिससे पता चलता है कि खासकर महिलाएं और युवा श्रम बाजार में बहुत कम सक्रिय हैं। इसके साथ ही रिपोर्ट ने इस ओर भी ध्यान दिलाया कि मैन्युफैक्चरिंग और कृषि क्षेत्रों में गिरावट का असर दैनिक मजदूरी पर पड़ेगा और गरीब तबके की आय में बढ़ोतरी की संभावना नहीं के बराबर है।

# एफडी में पैसा लगाने वालों को झटका, इन दो बैंकों ने भी घटाई ब्याज दरें

*नई दिल्ली। जैसे-जैसे आरबीआई रेपो रेट में कटौती कर रहा है, बैंक भी एफडी पर ब्याज दरों को कम कर रहे हैं। अब दो बैंकों ने एफडी पर ब्याज दरों को घटा दिया है।*



इनमें पहला आईडीबीआई बैंक और दूसरा उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक है। आईडीबीआई बैंक ने 300 दिन और 375 दिन की अवधि वाली उत्सव एफडी को 16 अप्रैल, 2025 से बंद कर दिया है। साथ ही बची हुई स्पेशल टैन्योर वाली एफडी स्कीम्स को 30 जून, 2025 तक बढ़ा दिया है।


आईडीबीआई बैंक ने 444 दिनों की अवधि वाली एफडी पर ब्याज दरों में 7.35 फीसदी से घटाकर 7.25 फीसदी कर दिया है। आईडीबीआई बैंक ने 555 दिनों की अवधि वाली एफडी पर अपनी ब्याज दर को 7.40 प्रतिशत से घटाकर 7.30 प्रतिशत कर दिया है। वहीं, 700 दिनों की अवधि वाली एफडी पर ब्याज दर को 0.20 फीसदी घटाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। इस बीच उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने एफडी पर अपनी ब्याज दरों में 0.20 फीसदी की कटौती की है। 12 से 18 महीने की अवधि वाली एफडी पर संशोधित ब्याज दरें 8.10 प्रतिशत के बजाय 7.9 प्रतिशत हैं। 18 महीने की अवधि वाली एफडी पर यह स्मॉल फाइनेंस बैंक अब 8.25 प्रतिशत प्रति वर्ष के बजाय 8.05 प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज दर प्रदान कर रहा है। नई दरें 24 अप्रैल, 2025 से लागू हो गई हैं।

**बैंक घटा रहे हैं ब्याज दरें-** अधिकांश बैंकों ने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दो लगातार मौद्रिक नीति समिति की बैठकों में प्रत्येक बार 25 आधार अंकों की रेपो दर में कटौती के बाद अपनी एफडी की ब्याज दरों को घटाया है। अब रेपो रेट 6 फीसदी है। रेपो रेट वह ब्याज दर है, जिस पर आरबीआई कमर्शियल बैंकों को कर्ज देता है।

## विदेशी मुद्रा भंडार में हुआ बड़ा इजाफा

भारत के खजाने में इजाफा हुआ है। 18 अप्रैल, 2025 को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 8.31 अरब डॉलर बढ़कर 686.15 अरब डॉलर हो गया। इससे पहले 11 अप्रैल, 2025 को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.5 अरब डॉलर बढ़कर 677.84 अरब डॉलर हो गया था। रिपोर्ट में कहा कि भारत के भंडार का एक प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा संपत्ति 3.5 अरब डॉलर बढ़कर 578.5 अरब डॉलर हो गई।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोनः 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**फ्लैट बेचना है**
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
**एडवोकेट रविशंकर पटेल**
फोन नंबर-
**9827087838**

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# भिटौनी स्टेशन पर ट्रेन के दो पेट्रोल टैंकर में भड़की भीषण आग


## दमकल की फौज ने दो घंटे में पाया काबू, एक दर्जन से ज्यादा अग्निशमन गाड़ियां दौड़ीं



**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के अंतर्गत भिटौनी रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार रात एक पेट्रोल से भरे टैंकर वैगन में अचानक आग भड़क गई। दो टेंकरों में आग लगते ही स्टेशन परिसर में अफरातफरी मच गई। रेलवे ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तीनों दिशाओं से खतरे का सायरन बजाया और तत्काल दुर्घटना राहत गाड़ी को रवाना किया गया। घटना की खबर लगते ही नगर निगम के दमकल वाहनों की फौज फायर टेंडर के साथ भिटौनी की ओर दौड़ी और पहुंचते ही आग से जूझना शुरु कर दिया। चूंकि पेट्रोल ट्रेंकरों में आग थी इसलिये फोम टेंडर की गाड़ियों का अधिक इस्तेमाल किया गया। आग आगे न फैले इसके लिये दूसरे पानी वाले दमकल वाहनों ने आसपास मोर्चा बंदी कर रखी थी। एहतियात के तौर पर स्टेशन जाने वाले सभी मार्गों पर पुलिस ने प्रवेश रोक दिया और समीपी वाशिंदों को अपने-अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिये कहा गया। रेलवे, भिटौनी गैस प्लांट, पुलिस और प्रशासन के आला अफसर भी आनन-फानन मौके पर पहुंचे और तब तक डटे रहे जब तक आग पर काबू नहीं पा लिया गया।

इस घटना के बाद एहतियातन रेल यातायात को रोक दिया गया है। बताया गया है कि हादसे के कारण रेलवे संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली बिजली की लाइन का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। इस बारे अभी रेलवे के आला अधिकारी ज्यादा कुछ नहीं बता रहे हैं, उनका मानना है कि आंकलन किया जा रहा है, बाद में स्थिति को स्पष्ट किया जायेगा। इस बीच जैसे ही आग लगने की खबर क्षेत्र में फैली, उसके बाद लोगों में दहशत व्याप्त हो गई, कई लोग तो सुरक्षित स्थान की तरफ जाने लगे थे। इसके पहले आग को काबू करने के लिये आस-पास के ब्लॉक से भी अग्निशमन वाहन बुला लिये गये थे, हालाकि जल्द ही जबलपुर से पहुंची अग्निशमन दल ने सावधानी पूर्वक आग को बुझाने का काम किया। जिसके बाद फिलहाल राहत महसूस की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक हादसे के कारणों की जानकारी सामने नहीं आई थी। अधिकारी लगातार यह कहते रहे कि थोड़ी प्रतीक्षा करें, पूरा विवरण मिलने पर ही जानकारी दी जायेगी। इसके लिये अधिकारियों का कहना है कि थोड़ा प्रतीक्षा कीजिये। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने एक बयान जारी कर कहा है कि हादसा उस समय हुआ जब टेंकर भिटौनी प्लांट से बाहर निकल रहे थे। उन्होंने किसी प्रकार की जनहानि न होने की बात भी कही है।

### दहशत ऐसी फैली कि आसपास के घर कराए गये खाली, मची भगदड़



### कई ट्रेनें प्रभावित, रेलवे के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे

## जबलपुर स्टेशन पहली बार पहुंची तीसरी अमृत भारत ट्रेन

**जबलपुर,देशबन्धु।** सहरसा से लोकमान्य तिलक टर्निनस मुंबई के बीच शुरु की गई देश की तीसरी अमृत भारत ट्रेन शुक्रवार को जबलपुर स्टेशन पहुंची जहां पर करीब आधा घंटा ठहरने के बाद ट्रेन गंतव्य के लिये रवाना हो गई। पहलगाम में आतंकवादी घटना के कारण देश में शोक है। इसलिये ट्रेन के स्वागत-सत्कार का कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया था।




# इस बार समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का आंकड़ा घटने की संभावना

### खुले बाजार और मंडी में गेहूं के भाव ऊंचे

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी जारी है लेकिन खरीदी की जो रफ्तार पिछले सालों में देखने को मिलती थी वह इस बार नहीं दिख रही है। दरअसल इसके पीछे की वजह खुले बाजार और मंडी में गेहूं के भाव ऊंचे हैं, इस वजह से किसानों की रूचि समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने की रूचि कम दिख रही है।

इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अभी तक 70 खरीदी केन्द्रों में से 46 केन्द्रों में ही गेहूं खरीदी शुरू हो पाई है। वहीं खरीदी का आंकड़ा 37202 मीट्रिक टन अभी तक ही पहुंच पाया है। जबकि खरीदी की अंतिम तिथि 5 मई बताई जा रही है। जिसको आने में 10 दिन ही शेष रह गये हैं। हालाकि कहा जा रहा है कि इस बार गेहूं खरीदी डेढ़ लाख मीट्रिक टन के आसपास रह



सकती हैं। जो कि पिछले वर्ष के मुकाबले कम है।

**12 हजार स्लॉट बुक** - जिले में गेहूं उपार्जन के लिए स्लॉट की बुकिंग की रफ्तार भी धीमी है, अभी तक 12 हजार स्लॉट ही बुक हो पाये हैं। सूत्रों का कहना है कि खुले बाजार और मण्डी में गेहूं के भाव अच्छे होने की वजह से अधिकतर किसान नगद फसल बेचने में ज्यादा रूचि दिखा रहे हैं।

### कुण्डम ब्लॉक में सिर्फ एक केन्द्र

कुण्डम संवाददाता हुब्बीलाल चक्रवर्ती ने बताया कि किसानों का कहना है कि इस बार कुण्डम ब्लॉक में सिर्फ एक केन्द्र बघराजी में बनाया गया है। जबकि पिछले वर्ष 6 केन्द्र बनाए गए थे। एक केन्द्र होने की वजह से कुण्डम ब्लॉक में आने वाले अधिकतर गांव के किसानों को अपनी उपज बेचने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है क्योंकि 25 से 60 किलोमीटर तक की दूरी तय करनी पड़ रही है। इससे किसान परेशान हैं।

विशेषकर बघराजी केन्द्र से मढ़ई मकरार, खैरी, कनहरी, कारोपानी, मकरी, देवरा, सांधी, महेशपुरी, मंहगांव आदि गांव के किसानों को लम्बी दूरी तय करनी पड़ रही है। जबकि पिछले वर्ष पड़रिया, इमलई, बघराजी, कुण्डम, गौरी व हरदुली 6 खरीदी केन्द्र बनाए गए थे। किसानों ने बताया कि जो एक केन्द्र शुरू किया गया है,उसके लिये भी किसानों को मांग उठानी पड़ी है। बावजूद इसके 22 अप्रैल को खरीदी केन्द्र खोला गया।

# अशोभनीय टिप्पणी करने पर अतिथि महिला प्रोफेसर के खिलाफ मामला दर्ज

### सोशल मीडिया में वायरल होने पर लिया गया संज्ञान

**जबलपुर, देशबन्धु।** डिंडौरी पुलिस ने सोशल मीडिया में विवादित टिप्पणी करने वाली अतिथि महिला प्रोफेसर पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। अतिथि महिला प्रोफेसर ने व्हाट्सअप ग्रुप में आपत्ति जनक अपरहण का कार्टून वीडियो पोस्ट करने तथा धर्म विशेष की तुलना आतंकवादियों से की गयी थी।

सोशल मीडिया पर अतिथि महिला प्रोफेसर द्वारा विवादित पोस्ट व टिप्पणी किये जाने की जानकारी मिलने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने गुरुवार की देर रात कोतवाली थाने पहुंचकर प्रदर्शन किया। महिला अतिथि प्रोफेसर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किये जाने की मांग करते हुए उन्होने थाने के बाहर धरना प्रारंभ कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर अतिथि महिला प्रोफेसर के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को भड़काने का अपराध दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता अखिल विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री दीपक जोगी ने बताया कि अतिथि प्रोफेसर डॉ नसीम बानो ने अतिथि प्रोफेसर के व्हाट्सअप ग्रुप की सदस्य है। उन्होने आपत्ति जनक अपहरण का कार्टून वीडियो व्हाट्सअप ग्रुप में पोस्ट किया था। इसके बाद पहलगाम में हुए आतंकी हमले का अप्रत्यक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा था कि आतंकवादियों के द्वारा धर्म पूछकर गोली मारने और जय श्री राम के नारे लगाकर मारने में कोई अंतर नहीं है।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले में आतंकियों ने हमला कर 26 पर्यटकों की हत्या कर दी थी। मुस्लिम अतिथि महिला प्रोफेसर ने आतंकवाद का समर्थन करते हुए हिंदुओं की भावनाओं को आहत किया है। पुलिस के अनुसार महिला अतिथि प्रोफेसर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# फर्जी मृत्यु प्रमाण-पत्र तैयार कर जमीन का करवा लिया नामांतरण

**जबलपुर, देशबन्धु।** लोकसेवक व अधिवक्ता के साथ षडयंत्र कर जीवित व्यक्ति का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार कर जमीन अपने नाम करवाने का सनसन्नीखेज मामला प्रकाश में आया है। ईओडब्ल्यू ने जांच के बाद तहसीलदार,पटवारी,अधिवक्ता तथा आरोपी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधडी व जालसाजी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

ईओडब्ल्यू से प्राप्त जानकारी के अनुसार जानकारी के मुताबिक भूपेन्द्र सिंह ग्रेवाल पिता स्व अमर सिंह ग्रेवाल उम्र 60 वर्ष निवासी 1268 प्रेमनगर ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि राजस्व अधिकारी के साथ सांठगांठ कर उसके पिता का फर्जी मृत्यु प्रमाण-पत्र तैयार कर हरचंद सिंह पिता स्व अमरसिंह कैथ निवासी मदन महल ने जमीन का नामांतरण अपने नाम पर करवा लिया।

ईओडब्ल्यू ने जांच में पाया कि अमर सिंह की मृत्यु 1 मई 1969 को होने का प्रमाण-पत्र मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी संभाग क्रमांक-02 पत्र जारी नहीं किया गया है।

मृत्यू प्रमाण पत्र अमर सिंह पिता करतार सिंह कूटरचित तरीके से बनाया गया था। आरोपी हरचंद पिता अमर सिंह द्वारा बसरा नं-17 में बने अपने मकान के नामांतरण के लिए अधिवक्ता रजनी दीवान के माध्यम से तहसील कार्यालय गोरखपुर में आवेदन प्रस्तुत किया था। पटवारी षिखा तिवारी ने स्थल का पंचनामा व नक्शा तैयार किया गया। तहसीलदार भरत सोनी द्वारा भिन्न खसरें का आवेदन एवं भिन्न बसरे का मौका नक्शा होने पर भी पद का दुरुपयोग कर हरचंद को लाभ पहुंचाने के लिये 7 जून 2024 को नामांतरण आदेश जारी किये थे।

ईओडब्ल्यू ने जांच के बाद तहसीलदार गोरखपुर भरत सोनी, पटवारी शिखा तिवारी, अधिवक्ता रजनी दिवान तथा हरचंद सिंह पिता स्व अमरसिंह फैथ के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।






# बेकाबू ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत, दो घायल

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के सीधी थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर के पलटने से चालक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा तड़के करीब चार बजे हुआ, जब ट्रैक्टर बनसुकली से भूसा खाली कर सीधी लौट रहा था। घटना के बाद स्थानीय राहगीरों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

सीधी थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर अचानक सड़क पर पलट गया। हादसे में चालक सुनील सिंह गोंड (25) निवासी दादर ट्रैक्टर के नीचे दब गए थे। टीम ने घटनास्थल पर पहुंचने के बाद चालक के शव को इंजन के नीचे से बाहर निकाला। वहीं दो घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे परिजनों में मातम छा गया। चालक के पिता छपन सिंह ने बताया कि हमने कभी नहीं सोचा था कि हमारा बेटा इस तरह हमें छोड़कर चला जाएगा।

पुलिस ने बताया कि ट्रैक्टर सीधी के दादर गांव का है। चालक सुनील ही वाहन का मालिक था, जो अपने दो अन्य साथियों के साथ बनसुकली से भूसा अनलोड कर वापस गांव लौट रहा था। इस दौरान सीधी-ब्यौहारी मार्ग पर हादसा हो गया।

# रिश्वत लेते रोजगार सहायक को दबोचा गया

**जयसिंहनगर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के शहडोल जिला में भ्रष्टाचार के खिलाफ लोकायुक्त संगठन ने बड़ी कार्यवाही की है पुलिस महानिदेशक लोकयुक्त संगठन योगेश देशमुख के नेतृत्व में सख्त निर्देशों के तहत लोकायुक्त विभाग संभाग रीवा ने ग्राम रोजगार सहायक छूदा चंद्रप्रकाश गुप्ता को दस हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

उक्त कार्यवाही 25 अप्रैल 2025 को रोजगार सहायक के निवास स्थान ग्राम छूदा जनपद पंचायत जयसिंहनगर जिला शहडोल में की गई है शिकायतकर्ता राजेश सिंह कवर उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम छूदा पोस्ट कर की थाना तहसील जयसिंहनगर ने लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी।

शिकायत के अनुसार उनके पिता की मृत्यु के बाद संबल योजना के तहत स्वीकृत 2 लाख रुपए की राशि को उनकी माता के खाते में स्थानांतरित करने के लिए आरोपी चंद्रप्रकाश गुप्ता ने 30000 रुपए रिश्वत मांगी थी इसके अलावा शिकायतकर्ता को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने हेतु समग्र आईडी अलग बनवाने के लिए 3500 अतिरिक्त रिश्वत की मांग की गई थी।


**सोनू पोल्ट्री**

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 116 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 130 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 136 |

मो.- 9039925999

**J.B.F.A**

जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 140 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 134 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 120 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 120 |

मो.-9039925000, 9425800409




**NH नेशनल हॉस्पिटल**
स्थान- 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612

C.G.H.S., C.S.M.A., E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त

सुपर स्पेशिलिटी विभाग

• हृदय रोग (एंजियोग्राफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) • न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) • यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेजर द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) • शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतों में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) • हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) • छाती रोग • नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) • स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) • नेत्र रोग • शिशु रोग

28 वर्षों से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान


# बढ़ता जा रहा जल संकट का दायरा

### शहर में टेंकरों के फेरों की संख्या 150 के पार

**जबलपुर, देशबन्धु।** जल संकट की आहट तो गर्मी की दस्तक से ही होने लगी थी, जो शनै-शनै बढ़ रही थी। आधारताल और रांझी क्षेत्र तो पहले ही जल संकट से जूझ ही रहे थे।

वहीं अब जहां पानी की मांग का दायरा उपनगरीय क्षेत्रों मे बढ़ता हुआ संस्कार नगर दद्दा परिसर चौधरी मुहल्ले तक बढ़ गया है, और फेरों की संख्या जो पहले 100 के पार थी, और अब पूरे शहर मे टैंकरों के फेरों की संख्या 150, के पार जा रही है। बहरहाल शहर ही नहीं उपनगरीय क्षेत्रों में जल संकट दस्तक दे चुका है, टैंकरों के बढ़ते फेरे इस बात का संकेत दे रहे हैं। पूरे शहर टैंकरों द्वारा की जा रही जलापूर्ति मे कुल टैंकरों के फेरे बढ़ने लगा है।